



# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ

वर्षः 14 | अंकः 295

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

मंगलवार | 08 अगस्त, 2023

# राज्यसभा में दिल्ली सर्विस बिल पेश

● राघव चड्ढा बोले- नेहरूवादी नहीं, अटलवादी बनिए
भाजपा ने दिल्ली को पूर्ण राज्य बनाने का वादा किया था

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राज्यसभा में केंद्र सरकार की तरफ से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली सर्विस बिल पेश किया। इस पर आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा- ये बिल एक राजनीतिक धोखा है। भाजपा ने 1989, 1999 और 2013 के लोकसभा चुनाव के घोषणा-पत्र में दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का वादा किया था। आज भाजपा के पास मौका है, दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दीजिए। कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने बिल पर चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने कहा- ये बिल संघीय ढांचे के खिलाफ है। इसके बाद मुख्यमंत्री दो सचिवों के नीचे आएगा यानी सचिव फैसला करेगा और मुख्यमंत्री देखेगा। सभी बोर्डों, कमेटियों के प्रमुख सुपर सीएम यानी गृह मंत्रालय से ही बनाए जाएंगे।



### संसद को दिल्ली पर कानून बनाने का अधिकारः सुधांशु त्रिवेदी

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि संसद को दिल्ली पर कानून बनाने का अधिकार है। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा- आप ने पंजाब और दिल्ली से कांग्रेस को साफ कर दिया, गुजरात में वोट हाफ कर दिया फिर भी कांग्रेस ने इनको माफ कर दिया।

### राघव बोले-

"गृहमंत्री अमित शाह कह रहे थे कि पं. नेहरू दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के पक्ष में नहीं थे। मैं उन्हें बता दूं कि लाल कृष्ण आडवाणी संसद दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए बिल लेकर आए थे। अटल जी, आडवाणी जी, सुषमा स्वराज और मदन लाल खुराना ने दिल्ली को पूर्ण राज्य बनाने के लिए संघर्ष किया था। आप ये बिल लाकर उनके संघर्ष का अपमान कर रहे हो। आपके पास मौका है- नेहरूवादी नहीं अटल-आडवाणीवादी बनिए।

### सिंघवी बोले-

"सिंघवी ने कहा कि बिल का मकसद डर पैदा करना है। जो लोग इसका समर्थन कर रहे हैं या समर्थन करने की घोषणा कर चुके हैं, उन्हें यह सोचना चाहिए कि सबका नंबर आ सकता है। सिंघवी ने कहा- लालकृष्ण आडवाणी जब होम मिनिस्टर थे, तो दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए बिल लाए थे। भाजपा ने पूर्ण राज्य के मुद्दे पर दिल्ली के दो चुनाव जीते थे। आज हम यह मांग कर रहे हैं कि संविधान ने जो अधिकार दिल्ली को दिए हैं, उन्हें मत छीनिए।

### राज्यसभा में पार्टियों का गणित...

विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के सांसद इस बिल का विरोध करेंगे। एनडीए, बीजू जनता दल और वाईएसआर कांग्रेस के सांसद इस बिल का समर्थन करेंगे। इन दोनों पार्टियों के समर्थन से बिल राज्यसभा में पास हो सकता है। लोकसभा में इसे 3 अगस्त को पेश किया गया था और इसी दिन पास भी कर दिया गया।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने के लिए लाया गया अध्यादेश

11 मई 2023 को सुप्रीम कोर्ट में 5 जजों की संविधान पीठ ने अफसरों पर कंट्रोल का अधिकार दिल्ली सरकार को दिया था। साथ ही कहा कि उपराज्यपाल सरकार की सलाह पर ही काम करेंगे। एक हफ्ते बाद 19 मई को केंद्र सरकार ने अध्यादेश लाकर इस फैसले को बदल दिया और ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार राज्यपाल को दे दिया। दिल्ली सर्विस बिल इसी अध्यादेश की जगह लेगा।

### आप और कांग्रेस ने जारी किया था व्हिप

कांग्रेस और आप ने अपने सांसदों को राज्यसभा में मौजूद रहने के लिए व्हिप जारी किया था। वहीं, आप सांसद राघव चड्ढा, कांग्रेस सांसद जेबी माथेर और नसीर हुसैन ने राज्यसभा में मणिपुर मुद्दे पर चर्चा करने के लिए रुल 267 के तहत नोटिस दिया।

## 137 दिन बाद संसद पहुंचे राहुल गांधी

नई दिल्ली। राहुल गांधी सोमवार को संसद सदस्यता बहाल होने पर 137 दिन बाद संसद भवन पहुंचे। उनके संसद पहुंचते ही लोकसभा में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने एक न्यूज वेबसाइट का मुद्दा उठाया। दुबे ने सदन में कहा, देश में पड़ोसी देश के पैसे से पीएम मोदी के खिलाफ माहौल बनाया गया। न्यूज वेबसाइट में पड़ोसी देश से पैसा आया। यह देश विरोधी है। उधर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक प्रेस कांफ्रेंस में आरोप लगाए कि,



'कांग्रेस, चीन और विवादित न्यूज वेबसाइट न्यूज क्लिक एक ही गर्भनाल से जुड़े हैं। राहुल गांधी की 'नकली मोहब्बत की दुकान' में पड़ोसी सामान साफ देखा जा सकता है। चीन के प्रति उनका प्रेम नजर आ रहा है। वे भारत विरोधी अभियान चला रहे।'

दोपहर बाद सदन की कार्यवाही शुरू होने पर लोकसभा में डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल 2023 पास हो गया। इस दौरान विपक्षी सांसद मणिपुर मुद्दे को लेकर नारेबाजी करते रहे। इस बिल के कानून बनने से डेटा इकट्ठा करने वाली कंपनियों को यह बताना होगा कि वे कौन सा डेटा ले रही हैं और डेटा का क्या इस्तेमाल किया जाना है। कंपनियों को कॉन्टैक्ट डीटेल्स भी यूजर्स को मुहैया कराने होंगे।

### लोकसभा दोपहर बाद 3 बिल पास

- दोपहर बाद कार्यवाही शुरू होने पर डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल 2023 पास हो गया। इसके कानून बनने से डेटा इकट्ठा करने वाली कंपनियों को यह बताना होगा कि वे कौन सा डेटा ले रही हैं और उसका क्या इस्तेमाल किया जाना है।
- कंपनियों को कॉन्टैक्ट डीटेल्स भी यूजर्स को मुहैया कराने होंगे। यूजर्स अपने पर्सनल डेटा को बदलने या उन्हें डिलीट भी करा सकेंगे।
- फार्मेसी (संशोधन) विधेयक, मीडिएशन बिल लोकसभा में पारित हो चुका है।
- सदन में अभी अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन और कोस्टल एक्वाकल्चर अथॉरिटी अमेंडमेंट बिल पर चर्चा बाकी है।

### एयर ट्रैफिक कंट्रोलर के 870 पद खाली

नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री वीके सिंह ने सोमवार को राज्यसभा को बताया कि एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (ATC) के 870 पद खाली हैं। इन्हें भरने में कोई बैकलॉग नहीं है। जूनियर एक्जीक्यूटिव (ATC) के 400 पदों को भरने के लिए सीधी भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। चुने गए अभ्यर्थी तीन प्रशिक्षण संस्थानों में ट्रेनिंग ले रहे हैं। भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण ( AAI) ने जूनियर एग्जीक्यूटिव ( ATC) के अन्य 356 पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

विधानसभा मानसून सत्र

## टमाटर की माला पहनकर विधानसभा पहुंचे सपा एमएलसी, जमकर हंगामा





जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन हंगामा हुआ। महंगाई और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सपा और रालोद के विधायक नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए। विपक्ष मणिपुर की घटना पर निंदा प्रस्ताव लाना चाहता था। स्पीकर सतीश महाना ने पहले 30 मिनट के लिए सत्र की कार्रवाई को रोका। मगर फिर भी हंगामा नहीं रुका। इसके बाद मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए कार्रवाई स्थगित कर दी। सदन में चर्चा के दौरान अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार और सीएम योगी पर तंज किया। मणिपुर का मुद्दा उठाते हुए अखिलेश ने कहा, 'जानते हैं आपकी मजबूरी'। उन्होंने कहा कि इस मामले में सीएम योगी को बोलना चाहिए। इस पर विधानसभा स्पीकर सतीश महाना ने उन्हें नियमावली देखने को कहा। अखिलेश ने कहा कि दुनिया में कोई ऐसी जगह नहीं बची, जहां पर मणिपुर की घटना की निंदा न हुई हो। उन्होंने आगे कहा, क्या हम अपेक्षा नहीं कर सकते कि नेता सदन इस पर कुछ बोलें। इस पर स्पीकर ने कहा कि वो जहां बोलना होगा बोलेंगे।

✻ मणिपुर हिंसा पर अखिलेश का तंज बोले- जानते हैं आपकी मजबूरी है, आप नहीं बोलेंगे

### हम चर्चा को तैयार हैं : मुख्यमंत्री योगी



सीएम योगी ने सत्र से पहले कहा, सदन में सार्थक चर्चा करनी चाहिए। सरकार हर स्तर पर जवाब देने को तैयार है। उत्तर प्रदेश ने पिछले 6 सालों के दौरान विकास की एक नई ऊंचाई को छुआ है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोगुना किया गया। बीमारू राज्य की श्रेणी से हम बाहर आ चुके हैं। 25 करोड़ की जनता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है। पूर्वांचल के 40 जिले सूखा प्रभावित हो गए है। हम इसके समाधान के मुद्दों पर चर्चा को तैयार है।

### गले में टमाटर-लहसुन की माला, महंगाई पर प्रदर्शन

सत्र शुरू होने से पहले सपा और रालोद के विधायक गले में टमाटर-लहसुन की माला पहनकर साइकिल पर विधानसभा पहुंचे। सरकार के खिलाफ स्लोगन लिखी तख्तियां उनके हाथ में थीं। विधानसभा की सीढ़ियों पर बैठकर सपा विधायक डीजल-पेट्रोल महंगा होने, ओबीसी-एससी-एसटी आरक्षण, महिला अपराध के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। स्पीकर सतीश महाना के पटल पर आते ही सदन के अंदर हंगामा शुरू हो गया।

## नूंह में बुलडोजर एक्शन पर हाईकोर्ट की रोक

### हिंसा के बाद होटल-शोरूम समेत 753 अवैध निर्माण गिराए गए

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नूंह

हरियाणा के नूंह में हिंसा के बाद राज्य सरकार के बुलडोजर एक्शन पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। हाईकोर्ट का आदेश आते ही डिप्टी कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने तुरंत अधिकारियों को कार्रवाई से रोक दिया। सरकार की डिमोलिशन ड्राइव का हाईकोर्ट ने सुओ-मोटो लिया था। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की जस्टिस गुरमीत सिंह संधावालिया ने रोक के आदेश दिए।

नूंह में पिछले 4 दिन से तोड़फोड़ की कार्रवाई चल रही थी। इस दौरान 753 से ज्यादा घर-दुकान, शोरूम, झुग्गियां और होटल गिराए जा चुके हैं। प्रशासन ने इन्हें अवैध बताते हुए



कहा कि इनमें रहने वाले 31 जुलाई की हिंसा में शामिल थे। नूंह में अब तक प्रशासन ने 37 जगहों पर कार्रवाई कर 57.5 एकड़ जमीन खाली कराई। इनमें 162 स्थायी और 591 अस्थायी निर्माण गिराए गए। नूंह शहर के अलावा पुन्हाना, नगीना, फिरोजपुर झिरका और पिंगनवा जैसे इलाकों में भी अतिक्रमण हटाए गए। कल प्रशासन ने हिंसा के दिन जिस 3 मंजिला सहारा होटल से पत्थरबाजी की गई, उसे भी गिरा दिया था। प्रशासन का कहना है कि होटल मालिक को सब पता था, लेकिन उसने दंगाइयों को पत्थर इकट्ठा करने से नहीं रोका।

### पिहोवा में 4 घंटे बाजार बंद

कुरुक्षेत्र के पिहोवा में सोमवार को हिंदू संगठनों ने रोष मार्च निकाला। नूंह में ब्रजमंडल यात्रा के दौरान हुई हिंसा के विरोध में पूरा पिहोवा शहर एकजुट नजर आया। सुबह 8 बजे से दोपहर 12 तक दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद करके संगठनों को अपना समर्थन दिया। वहीं अस्पताल, क्लिनिक व मेडिकल स्टोर खुले हुए थे।

## बिहार में फिलहाल जारी रहेगी जातीय गणना

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार के जाति-आधारित सर्वेक्षण को बरकरार रखने के पटना हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी है। याचिका एनजीओ 'एक सोच एक प्रयास' की ओर से दायर की गई थी।

अब 14 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई होगी। लाइव लॉ के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि जनगणना का 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। 90 प्रतिशत पूरा हो जाएगा। क्या फर्क पड़ता है। एक अगस्त को पटना हाईकोर्ट ने जातिगत गणना को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

## मणिपुर हिंसा : सुप्रीम कोर्ट ने 3 जजों की कमेटी बनाई

### राहत-पुनर्वास देखेगी; 42 एसआईटी जांच करेंगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मणिपुर हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को फिर सुनवाई हुई। इसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट के 3 जजों की कमेटी मणिपुर में जाकर राहत और पुनर्वास का काम देखेगी। कोर्ट ने ये भी कहा कि ऐसी कोशिशें की जानी चाहिए, ताकि राज्य के लोगों में विश्वास और कानून के शासन में भरोसा लौट सके। वहीं, राज्य के हालात की जानकारी देने मणिपुर के डीजीपी राजीव सिंह कोर्ट पहुंचे। उन्होंने प्रशासन के उठाए कदमों के बारे में बताया।

जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस रहीं गीता मित्तल कमेटी की हेड होंगी। कमेटी की दो अन्य सदस्य जस्टिस (रिटायर्ड शालिनी पी जोशी और जस्टिस (रिटायर्ड आशा मेनन होंगी। सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल (एजी) आर वेंकटरमणी ने कहा कि मणिपुर की मौजूदा स्थिति नाजुक है।

बाहर से जांच होना लोगों में विश्वास पैदा नहीं करेगा। सरकार स्थिति को संभालने के लिए परिपक्व तरीके से डील कर रही है। मणिपुर में एक आर्टिफिशियल सिचुएशन बनाई गई है, जिससे बताया जा रहा है कि सरकार कुछ नहीं कर रही। यह बहुत उलझाऊ स्थिति है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने ये भी निर्देश दिया कि मणिपुर हिंसा मामले में सीबीआई जांच की निगरानी महाराष्ट्र के पूर्व डीजीपी दत्तात्रेय पडसालगीकर करेंगे।

### डीआईजी रैंक के अफसर करेंगे निगरानी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मणिपुर में हिंसा से जुड़े मामलों की 42 स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम (एसआईटी) जांच करेंगी। इन केसों को अभी तक सीबीआई को ट्रांसफर नहीं किया गया है। इन एसआईटी के काम को डीआईजी रैंक का अफसर निगरानी करेगा। ये अफसर मणिपुर के बाहर के होंगे। डीआईजी रैंक का एक अफसर 6 एसआईटी की निगरानी करेगा। इन एसआईटी की जिले के आधार पर नियुक्ति होगी।

## प्रयागराज: व्यापारी के घर में लाखों की लूट, सुरक्षा गार्ड की हत्या

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

थरवई के हेतापट्टी बाजार में रविवार रात डकैतों ने एक व्यापारी के यहां डकैती डाली। वह जैसे ही घर से बाहर निकले बाजार के सुरक्षा गार्ड की उन पर नजर पड़ गई। टोकने पर उसकी धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। उसकी पत्नी व नातिन को भी मारकर घायल कर दिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। बाजार में व्यापारियों की भीड़ लग गई। आनन-फानन में घायलों को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया। हेतापट्टी बाजार के अशोक केसरवानी की कपड़े और आभूषण की दुकान है। इसी के पीछे घर में परिवार के साथ रहते हैं।

**बदहाल पूर्वांचल विश्वविद्यालय** पूर्वांचल विश्वविद्यालय में नैक मूल्यांकन शुरू, जिन डॉ. मानस पांडेय को नैक समन्वयक बनाया है उन्हें खुद फर्जी डिग्री के मामले में राजभवन से नोटिस मिल चुकी है

# कैसे होगा कल्याण, कुलपति ने दागी 'सेनानायक' को सौंप रखी है नैक समन्वयक की कमान

जन एक्सप्रेस स्पेशल रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा

✻ कुलपति ने भी नैक मूल्यांकन में अनुकूल रिपोर्ट पाने के लिए डॉ. पांडेय को खुली छूट दी हुई है

✻ नैक समन्वयक फर्जी आंकड़ा दिखा कर सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों की ग्रेडिंग लेने में लगे हैं

✻ आलम यह है कि किसी-किसी विभाग में स्टूडेंट की तुलना में शिक्षक अधिक हैं

### कौन-कौन है नैक मूल्यांकन समिति में

नैक मूल्यांकन समिति की 6 सदस्यीय टीम में प्रोफेसर कमल जीत सिंह कुलपति ला यूनिवर्सिटी टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। प्रोफेसर योगेन्द्र सिंह, प्रोफेसर रविन्द्र ठाकुर, प्रोफेसर चंदन गुप्ता, प्रोफेसर सन्दीप जैन, प्रोफेसर जैकेथ लोआंगी अन्य सदस्य हैं।

लखनऊ। जौनपुर के वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की बदहाली यूं ही नहीं है। नैक मूल्यांकन समिति यूनिवर्सिटी की शिक्षा की गुणवत्ता की परख करने के लिए विश्वविद्यालय पहुंच चुकी है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय का दुर्भाग्य यह है नैक मूल्यांकन के लिए करोड़ों रुपए रंगाई- पुताई में बाहए जा रहे हैं, शैक्षणिक स्तर पर नैक समन्वयक की कमान उन प्रोफेसर मानस पांडेय को सौंपी गई है जिन की डिग्री फर्जी होने के आरोप लगते रहे हैं। मामला आरोपों तक सीमित नहीं है, डॉ. पांडेय को इस संबंध में राजभवन से नोटिस भी मिल चुकी है।

कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य के करीबी होने के कारण विश्वविद्यालय में डॉक्टर मानस पांडेय की भूमिका पर सवाल उठाने की हिम्मत कोई नहीं करता। कुलपति ने भी नैक मूल्यांकन में अनुकूल रिपोर्ट पाने के लिए डॉ. पांडेय को खुली छूट दी हुई है। यही कारण है कि नैक समन्वयक डॉ. मानस पांडेय फर्जी आंकड़ा दिखा कर सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों की ग्रेडिंग लेने में लगे हैं। सूत्रों के अनुसार यूनिवर्सिटी के कैंपस में उमानाथ सिंह इंजीनियरिंग और फार्मेसी विभाग को छोड़कर किसी विभाग में पर्याप्त संख्या में स्टूडेंट एडमिशन तक नहीं लेते। आलम यह है कि किसी-किसी विभाग में स्टूडेंट की तुलना में शिक्षक अधिक हैं।



खुद की पीएचडी की डिग्री निरस्त होने का फरमान, पात्रों को अपात्र घोषित कर रहे 'गुरुजी'

पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मानस पांडेय को नियमों का ताक पर रखकर आठ महीने में ही मिल गई थी पीएचडी की उपाधि

पूर्वांचल विश्वविद्यालय में प्रोफेसर भर्ती में धांधली का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट



घोटाला जौनपुर के वीरबहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में घपलों को छुपाने के लिए बरसात के मौसम में रंगाई पुताई पर बहाए जा रहे करोड़ों रुपए

घोटालों के 'विश्वविद्यालय' की रंगाई पुताई से हो रही लीपापोती



| | |
|---|---|
| No. of Programmes | 37 |
| Research Projects | 36 |
| Research Articles | 421 |
| Citations | 12756 |
| Fellowship | 09 |
| Awards | 35 |
| Centre of Excellence | 12 |
| Departments | 29 |
| Running Programmes | 24 |
| Faculty | 134+ (2021- 2022) & 143+ (Current) |
| Anganwadi | 210 |
| Thesis on Shodhganga | 8636 |
| Hostels | 08 |
| No. of Students | 3553 |
| No. of Teachers | 134+ |
| No. of Non Academic Staffs | |
| No. of Students (Campus) | 3454 |
| No. of Students (Affiliated Colleges) | 343073 |
| No. of Affiliated Colleges (Total) | 552 |
| No. of Govt. Aided Colleges | 28 |
| No. of Self Finance Colleges | 524 |



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

### यूनिवर्सिटी को 2016 में बी प्लस मिला था

यूनिवर्सिटी को 2016 में बी प्लस मिला था। अब ए प्लस लेने के लिए कुलपति समेत विश्वविद्यालय की कुलपति कैबिनेट फर्जी आंकड़े जुटाने में लगी हुई है।

# जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष ने किया सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 का शुभारंभ

## अभियान का पहला चरण 12 अगस्त तक चलेगा, छूटे पाँच वर्ष तक के सभी बच्चों का होगा टीकाकरण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जनपद के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) अंतर्गत जानकीपुरी वार्ड 12 पर सोमवार को सघन मिशन इंद्रधनुष (आईएमआई-5.0) के तहत पहले चरण का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, जिला सहकारी बैंक अध्यक्षै पंकज अग्रवाल, डॉ मुकेश पहाड़ी ने किया। नियमित टीकाकरण सत्र में जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। साथ ही एएनएम द्वारा मीजिल्स-रूबेला की दूसरी डोज भी लगाई गई। इसके अतिरिक्त समस्त 5 ब्लॉक स्तरीय सीएचसी-पीएचसी पर भी अभियान की शुरुआत की गई। उन्होंने अपील की कि अपने घर के आसपास के परिजनों को बच्चे के टीकाकरण कराने के लिए पीएचसी-सीएचसी जाने के लिए प्रेरित करें। कोई भी बच्चा छूटा हो तो उसका टीकाकरण अवश्य कराएं। सभी टीके पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं। टीका लगने के बाद सामान्य बुखार हो सकता है, लेकिन घबराने की आवश्यकता नहीं है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा मुकेश पहाडी ने कहा कि नियमित टीकाकरण अभियान में किसी कारणवश छूटे पाँच वर्ष तक के बच्चों व गर्भवती महिलाओं को प्रतिरक्षित करने के लिए अभियान का पहला चरण सोमवार से शुरू हुआ। यह चरण 12 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने बताया कि आईएमआई 5.0 के पहले चरण के लिए जिले के छूटे पाँच वर्ष तक के लगभग 6300 बच्चों एवं 1500 गर्भवती का टीकाकरण के लिए लक्षित किया गया है। सोमवार को लगभग 113 टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए। अभियान में बच्चों को प्रमुख रूप से मीजिल्स-रूबेला का टीका लगाया जाएगा। साथ ही गर्भवती को टिटनेस-डिप्थीरिया (टीडी) का टीका लगाया जाएगा। यह टीका गर्भवती को दिये जाने से उनका व उनके गर्भस्थ शिशु का टिटनेस व डिप्थीरिया (गलघोंटू) रोग से बचाव करता है। साथ ही बच्चों को 12 बीमारियों से बचाव के लिए टीका लगाया जाता है। जिनमें डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटनेस, पोलियो, क्षय (टीबी), हेपेटाइटिस-बी, मैनिंजाइटिस, निमोनिया, हेमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप-बी संक्रमण, डायरिया, रोटा वायरस और खसरा-रूबेला (एमआर) शामिल है। उन्होंने बताया कि आईएमआई 5.0 का दूसरा चरण 11 से 16 सितंबर और तीसरा चरण 9 से 14 अक्टूबर तक चलाया जाएगा।इस मौके पर यूनिसेफ डीएमसी दिलीप द्विवेदी, एसएमओ डॉ श्याम, नगरीय स्वास्थ्य समन्वयक रूप नारायण, आदि मौजूद रहे।

# आत्मा और परमात्मा के समान होता है पति-पत्नी का सम्बन्धः जगद्गुरू

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



चित्रकूट के श्रीतुलसी पीठ में चल रही श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य महराज ने कहा कि हिन्दू धर्म में पति-पत्नी का सम्बन्ध आत्मा और परमात्म का सम्बन्ध होता है। आत्मा का कोई नाम नहीं होता और न ही परमात्मा का कोई ना होता है। इसलिए पति-पत्नी एक-दूसरे का नाम नहीं लेते हैं। हिन्दू धर्म के अपेक्षा अन्य धर्मों में पत्नी का इतना सम्मान नहीं रहता है।

भगवान श्री कृष्ण और गोपियों की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान का व्यक्तित्व बहुत ऊपर है। जहां काम समाप्त होता है, वहीं राम प्रारम्भ होता है। जीवन में वासना न होने पर ही उपासना होती है और वासना से दूर रहने वाले का पक्ष हमेशा भगवान लेते हैं। भगवान शंकर काम को जलाते हैं। भगवान कृष्ण मोर का पंख इसलिए धारण करते हैं कि मोर की संतान तो होती है, किन्तु शरीर का सम्पर्क नहीं होता है। मोर नाचता है और नाचते समय मोर के आंखों से निकले प्रेम के आंसू मोरनी चुन लेती है जिससे गर्भ धारण हो जाता है।

इस मौके पर यजमान नन्द किशोर खेतान, घनश्याम दास माहेश्वरी, उषा माहेश्वरी, वीरन्द्र गोविल, बुलंद शहर से अशोक मित्तल, सरला मित्तल, अनिल गर्ग, कमला गर्ग, टीसी गुप्ता, शोभा गुप्ता, राहुल खेतान, राखी खेतान, व्यवस्थापक हिमांशू त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# पालतू पशु को अन्ना छोड़ने वालों पर करें कार्यवाही : एसडीएम

जन एक्सप्रेस । मानिकपुर, चित्रकूट

उपजिलाधिकारी मानिकपुर राम जन्म यादव की अध्यक्षता में सोमवार को गौ सरंक्षण से सम्बन्धित तहसील स्तरीय बैठक तहसील सभागार में हुई।

उप जिलाधिकारी रामजन्म यादव ने सचिव तथा ग्राम प्रधानों से कहा कि सभी शासकीय गौशालाओं पर गोवंश संरक्षित कराएं।

कोई भी गोवंश सड़कों पर नहीं घूमना चाहिए, नहीं तो आप लोगों पर कार्यवाही की जाएगी। गौशालाओं के जो कर्मचारी गोवंशों को चराने ले जाते हैं, वह सभी गोवंश सुरक्षित लाकर गौशालाओं पर बंद कराएं, यह निर्देश सभी गोवंश चरवाहों को भी दिए जाएं।

उन्होंने कहा कि तहसील मानिकपुर के अंतर्गत 54 शासकीय गौशाला संचालित है। जिसके लिए सभी जगह चरागाह की भूमि भी चिन्हित कर दी गई है, उसमें गोवंशों के लिए हरा चारा बुवाई की व्यवस्था कराएं, ताकि गोवंशों को हरा चारा की व्यवस्था हो सके। उन्होंने पशु चिकित्साधिकारियों से कहा कि नियमित रूप से सभी गौशालाओं का निरीक्षण करें, कोई भी गोवंश बीमार नहीं होना चाहिए। गौशालाओं के गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण भी समय पर कराएं। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति अपना पालतु पशु अन्ना छोड़ता है तो उसके खिलाफ सम्बन्धित थाना में प्राथमिकी दर्ज कराकर कार्यवाही कराएं। किसी भी दशा में किसानों की फसलों को नुकसान नहीं होना चाहिए।

इस मौके पर अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत मानिकपुर भारत सिंह, खंड विकास अधिकारी मानिकपुर धनंजय सिंह आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने वेयर हाउस का निरीक्षण कर लिया सुरक्षा व्यवस्था जायजा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सोमवार को कलेक्टरेट परिसर में स्थित वेयरहाउस का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने एफएलसी हाल, सीसीटीवी कैमरा का संचालन तथा सुरक्षा व्यवस्था को देखा।

उन्होंने जिला निर्वाचन कार्यालय के वरिष्ठ सहायक अफरोज खान को निर्देश दिए कि वेयरहाउस की सुरक्षा की दृष्टि से यहां पर गार्ड की व्यवस्था कराई जाए। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे लगातार संचालित रहे। इस मौके पर अपर उपजिलाधिकारी सौरभ यादव व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# सड़कें बनीं तालाब, जल निकासी की नही समुचित व्यवस्था

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर



शहर का दुर्भाग्य कि यहां की जल निकासी समस्या दूर होने का नाम ही नहीं ले रही है। हल्की बारिश में ही शहर के कई मुहल्ले तालाब का रूप ले लेते हैं। जिससे यहां के बाशिंदों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नालों की बेहतर ढंग से साफ-सफाई न होने के चलते इनसे जल निकासी नहीं हो रही है। जिससे घरों के अंदर भी गंदा पानी भर गया है। जिससे शहरवासियों के बीच आक्रोश की ज्वाला भड़क रही है।

बताते चलें कि शनिवार की देर रात से शुरू हुई बारिश रूक-रूक कर कई चरणों में रात भर होती रही। सुबह भी मौसम सुहावना रहा और घने काले बादल छाये रहे लेकिन तेज बारिश नहीं हुई। सुबह भी कई बार रूक-रूक कर रिमझिम बरसात हुई। इस हल्की बारिश में ही शहर के कई मुहल्लों ने तालाब का रूप ले लिया। रानी कालोनी, खलीलनगर, सीओ सिटी आफिस को जाने वाले मार्ग के अलावा इस समस्या से कई और मुहल्ले भी जूझ रहे हैं। सीओ सिटी आफिस को जाने वाले मार्ग की बात की जाये तो यहां का मार्ग गंदे पानी से लबालब भरा रहा। जिससे इस मार्ग से निकलने वाले वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा इस मार्ग से सटे रानी कालोनी व खलीलनगर मुहल्ले में भी बाशिंदों को जल निकासी की समस्या से दो-चार होना पड़ा। जल निकासी के लिए नालों का निर्माण तो कराया गया है लेकिन यह कितना सार्थक साबित हो रहा है किसी से छिपा नहीं है। नालों की सही ढंग से सफाई न होना भी एक प्रमुख कारण है। नगर पालिका परिषद द्वारा बारिश के पूर्व युद्ध स्तर पर नाला एवं नालियों का सफाई अभियान चलाया जाता है। इस कार्य में बजट का भी आवंटन होता है लेकिन यह अभियान हमेशा फेल ही साबित होता है। बारिश के मौसम में शहर की तस्वीर ही बदल जाती है। मानो ऐसा लगता है कि यहां कभी सफाई ही न हुई हो। इस समस्या पर मुहल्लेवासियों ने खासी नाराजगी का इजहार करते हुए नगर पालिका परिषद से तत्काल नालों की सही ढंग से सफाई करवाये जाने की मांग किया है।

## अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सरधुवा थाना प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक दिनेश कुमार पाण्डेय व आरक्षी बब्बू राजा द्वारा एक आरोपी को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना सरधुवा में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**अदालती सूचना**

**हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप**
**न्यायालय अपर सिविल जज (सी0डि0) कक्ष संख्या-23, लखनऊ**
इजरा वाद संख्या : 7/2023
तारीख पेशी- 11.08.2023
**अशोक कुमार तिवारी**
**बनाम**
**श्रीमती विमला देवी व अन्य**

अशोक कुमार तिवारी उम्र लगभग 53 वर्ष पुत्र स्व0 महासुख तिवारी निवासी-ग्राम-मऊ पोस्ट व थाना-मोहनलालगंज जिला-लखनऊ।

.....वादी

बनाम

(1)- श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री राज पाल सिंह निवासिनी-ग्राम-जबरौली, परगना- निगोहा, तहसील-मोहनलाल गंज, जिला -लखनऊ, (2)- बजरंग पुत्र नान्हू, (3)- गेंदा लाल पुत्र बज़रंग, (4)- राम लाल पुत्र बजरंग, (5)- दिलीप कुमार पुत्र बजरंग, (6)- प्रदीप कुमार पुत्र बजरंग सभी की उम्र बालिग समस्त निवासीगण- ग्राम-बिन्दौवा परगना-तहसील - मोहनलालगंज जिला - लखनऊ।

......प्रतिवादीगण

जनसाधारण।

चूंकि उपरोक्त नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि **ऑर्डर-21 कायदा-1** अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए **11.08.2023** के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजाता हूँ और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन एक पक्षी रून सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक **17.07.2023** के दिवस को दिखाई गयी।

-मोहर अदालत

# मृत्यु को मंगलमय बनाने के लिए श्रवण करना चाहिए श्रीमद्भागवत कथा

जन एक्सप्रेस । पहाड़ी, चित्रकूट



हनुमान मंदिर परसौंजा अकेलवा बाबा सरकार में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का अंतिम दिन श्रीकृष्ण सुदामा की मित्रता के साथ समापन हो गया। भावपूर्ण कथा सुनकर श्रोता गण भाव विभोर हो गए। श्रीमद् भागवत कथा के व्यास अनुराग शास्त्री महराज ने कहा कि अगर व्यक्ति भूलवश कुछ दिनों की कथा सुनने से रह जाता है, तो अंतिम दिन की कथा सुन लेने से श्रीमद्भागवत कथा का पूरा फल प्राप्त होता है।

श्रीमद्भागवत कथा व्यास ने कहा कि मौजूदा समय में मनुष्य शब्दों को भूल चुका है। इस संसार में आकर जिस तरह जीने के लिए भोजन की आवश्यकता है। ठीक उसी प्रकार भजन की जरूरत है। भजन का कोई विकल्प नहीं है। मृत्यु मंगलमय बन जाए इसलिए श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। मृत्यु को मंगलमय बनाने का नाम ही भागवत है। गोपियां इंद्रियों द्वारा श्रीकृष्ण रस का पान करती हैं। इसलिए इनको गोपी कहते हैं। गोपी ने मन से सर्वस्व त्याग कर दिया है और मन में परमात्मा का स्वरूप स्थिति कर लिया है। गोपियों का शरीर भगवान का सतत ध्यान करने से भगवान जैसा दिव्य बन गया है। कुछ लोगों का मानना है कि भगवान के रामवतार में उन्हें देख कर मुग्ध होने वाले दण्डवकन के ऋषि मुनी जो भगवान का आलिंगन करना चाहते थे। वही ऋषि मुनी तपस्या करके भगवान से वर पाकर गोपीरूप में अवतीर्ण होने का सौभाग्य प्राप्त किया था। उन्होंने बताया कि व्यक्ति अपने चरित्र एवं व्यक्तित्व के कारण महान बनता है। संसार में व्यक्ति की नहीं व्यक्तित्व एवं चरित्र की पूजा होती है। उन्होंने कहा कि जीवन में व्यक्ति जब परमात्मा से सब कुछ छोड़कर मिलने जाता है। तो प्रभु उसे अपना सर्वस्व समर्पित कर देते। कथा के अंत में राजा परीक्षित को ज्ञान यज्ञ कथा सुनाकर सुखदेव ने विदाई लिया।

इस मौके पर पुजारी ब्रजेश दास, संगीत आर्गन पप्पू तिवारी, तबला वादक सौरभ पांडेय, ढोलक वादक अरुण द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## निराश्रितों को जागरूक करके बांटे चशमे, आई ड्राप

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** कंजक्टिवाइटिस के प्रति निराश्रितों को जागरूक करने के उद्देश्य से युवा विकास समिति की टीम मलवां ब्लाक के अल्लीपुर स्थित झोपड़ियों में पहुंची। जहां निराश्रितों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करते हुए चश्मा, आई ड्राप व शिक्षण सामग्री वितरित करने का काम किया। सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। युवा विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने कहा कि संगठन लगातार निराश्रित का सहारा बन रही है। आज संगठन ने तीस लोगों के साथ 40 बच्चों को आई फ्लू के प्रकोप से बचाने के लिए चश्मा व आई ड्रॉप का वितरण किया है। लोगों को अपनी आँखों को बराबर पानी से धुलने, काला चश्मा पहनने व संक्रमित बच्चे के स्पर्श से बचाव हेतु जागरूक भी किया। इस अवसर पर संगठन प्रमुख संजय दत्त द्विवेदी, आफताब, सनी श्रीवास्तव, अंकित अग्निहोत्री, मंगल, रुपम मिश्रा, मोहित उपस्थित रहे।

# 0-5 वर्ष के बच्चों व गर्भवती महिलाओं का होगा टीकाकरण

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर



सघन मिशन इंद्रधनुष-5.0 का जिला चिकित्सालय महिला में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अशोक कुमार ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इन्द्रधनुष कार्यक्रम मे 1 से 5 वर्ष के बच्चो सहित गर्भवती महिलाओ का टीकाकरण किया जायेगा। जिसके लिए एएनएम, आशाकात्री व आंगनबाड़ी कार्यकत्री को लगाया गया है। उन्होंने बताया कि सघन मिशन इंद्रधनुष का मुख्य उद्देश्य 0-5 वर्ष की आयु तक के टीकाकरण से वंचित बच्चों और लक्षित गर्भवती महिलाओं को शामिल किया जाना है। मिजिल्स रुबेला के दृष्टिगत विशेष रूप से एम0आर0-1 एवं 2 के साथ पी0सी0वी0 एवं एफ0आई0पी0 पी0-3, खुराक के कवरेज में सुधार के साथ-साथ डी0पी0टी0-1 बूस्टर एवं डी0पी0टी0-5 वर्ष एवं टी0डी0 10-16 के कवरेज पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद में लक्षित 0-1 वर्ष के 9370 बच्चे, 1-2 वर्ष के 6614 एवं 2-5 वर्ष के 5104 बच्चे है। 3117 लक्षित गर्भवती महिलाएं है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 353 ए0एन0एम0, 2253 आशा कार्यकत्री, 364 आंगनबाड़ी कार्यकत्री है। इस अवसर पर सी0एम0एस0 महिला डा0 रेखारानी, पुरुष डा0 पी0के0 सिंह, डब्लू0एच0ओ0 डा0 सागर, यूनिसेफ डा0 नवीन, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा0 सुरेश सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# रेलवे स्टेशन के कायाकल्प का शुभारम्भ नीति आयोग के सर्वे में 5वॉ स्थान

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

मोदी सरकार रेल यात्रियों के लिए बड़ी सौगात देने जा रही है। विशेष सुविधाओ से लैस रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास और कायाकल्प किया जाएगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत् आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन शुभारंभ किया। इस अवसर पर 508 रेलवे स्टेशनों को नए कलेवर में विकसित करने के लिए आधारशिला भी रखी। फतेहपुर सहित उत्तर प्रदेश के 55 रेलवे स्टेशन का भी कायाकल्प होगा। स्थानीय स्तर पर जिले की सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्थानीय रेलवे स्टेशन के कायाकल्प कार्य का शुभारंभ करते हुए कहा कि आठ माह बाद यह स्टेशन आकर्षण का केंद्र होगा। नीति आयोग के सर्वे में जनपद को पांचवा स्थान मिला है। केंद्र सरकार देश को विकास की नित नई ऊंचाईयों पर ले जा रही है। अमृत भारत योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशन परिसर में मुख्य अतिथि जिले की सांसद-केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता, बिंदकी विधायक जयकुमार सिंह जैकी, जहानाबाद विधायक राजेन्द्र पटेल, खागा विधायक कृष्णा पासवान, जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा आदि की उपस्थिति में रेलवे स्टेशन के कायाकल्प कार्यक्रम का माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। साथ ही अमृत भारत योजना के तहत शिलापट का अनावरण किया। छात्राओं ने माँ सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को पुरस्कृत किया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि दोआबा की धरती में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रदेश के विभिन्न जनपदों के 55 रेलवे स्टेशन में फतेहपुर रेलवे स्टेशन पुनर्विकासित-कायाकल्प कार्य में सरकार द्वारा सम्मिलित किया गया है। कार्यक्रम को सभी विधायकों के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।

# गांजा की तस्करी से करोड़पति बन बैठा बांदा का गांजा माफिया!

**✻ पुलिस और आबकारी विभाग की सांठगांठ से भांग की दुकानों मे खुलेआम बिकता है गांजा, कुछ साल पहले बांदा के पूर्व डीआईजी दीपक कुमार की टीम ने माल सहित भेजा था जेल**

जन एक्सप्रेस । बांदा




जिले के एक गांजा माफिया और उसके गुर्गों ने यहां की युवा पीढी को गांजे के नशे का आदी बना दिया है। बताते हैं कि इस माफिया के गांजे के धुंआ का जिस व्यक्ति ने एक बार भी सेवन कर लिया। वह कभी उबर नहीं पाया। जिन्दगी छूट गयी। पर गांजे की चिलम नहीं छूटी। सरकार चाहें किसी की भी रही हो, अवैध गांजे की खेप हमेशा परवान चढ़ती रही। खास बात यह रही कि सबका हिस्सा घर बैठे पहुंचता रहा। धड़ल्ले से गांजे का करोड़ों का कारोबार होता रहा।

लोगों का कहना है कि अपनी मोहक बातों से सबका मन मोह लेने वाले यहां के गांजा माफिया मोहित निगम ने लगातार सपा, बसपा सरकारों के कार्यकाल मे करोडों की गांजा तस्करी की है।वर्तमान भाजपा सरकार में भी गांजे की तस्करी मे कोई रुकावट नहीं आई। लोगों का कहना है कि पुलिस ने कई बार कुंटलों गांजा इसके ठिकाने से पकड़ कर जब्त किया,और इसे जेल भेजा। लेकिन गांजा माफिया अपने कारोबार मे नये-नये तरीके ईजाद करता रहा। इस समय वह नये नये ड्राइवर लड़कों से गांजा मंगाकर सीधे बड़े शहरों और महानगरों के गांजा माफियाओं को बेंचता है और करोडों कमा रहा है। इसके चहेते ड्राइवरों के कई जिलों में मुकदमें चल रहे हैं। और मोहित निगम के भी कई अन्य जनपदों में गांजा से सम्बंधित मुकदमें चल रहे हैं। और तो और इसके पास पाई जाने वाली लक्जरी कारें भी ये बाहर से चोरी करके मंगवाता है।

गांजा की लत मे फंसें बड़े बूढ़े से लेकर युवा तक इस नशे के आदी हो चुके हैं। लेकिन गांजा माफियाओं को कोई फर्क नहीं पड़ता। गांजा माफिया मोहित निगम का नाम जनपद में गांजा व्यापार के लिए सबसे ऊपर आता है। इसने बांदा शहर और आसपास एक दर्जन से ज्यादा प्लाट, मकान बना रखे हैं। अभी हाल ही में गांजा तस्करी की अवैध कमाई से बबेरू-तिंदवारी रिंग रोड में एक बड़ा रेस्टोरेंट्स बनवा रखा है। जहां ये गांजा छिपा कर रखता है। इसके गांजा छिपाने का तरीका भी अजीब है। पिछली बार की कार्रवाई में मौजूद पुलिसकर्मियों से मालूम हुआ था कि जमीन के अंदर बालू गिट्टी के नीचे एक कुंतल से भी ज्यादा गांजा छिपाया था। लेकिन पुलिस ने बिल्कुल सटीक सूचना पर इसके घर में छापा मारा और माल सहित गिरफ्तार कर लिया था। इसके पहले ये कई थानेदारों को मोटी रकम देता था।ताकि उस रकम के ऐवज में ये गांजा तस्करी कर सके। अगर इसे अभी पुलिस ने नहीं रोका तो ये जल्द ही पूरे प्रदेश में गांजा सप्लाई का काम शुरू कर देगा।

जिले के एक समाजसेवी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कार्यवाही करने का निवेदन किया है गांजा माफिया मोहित निगम के ठाट बाट देखों तो किसी बड़े अधिकारी से कम नहीं हैं और तो और इसकी सेटिंग में आबकारी विभाग के अधिकारियों से लेकर सिपाही तक हैं। सबको पता है कि मोहित निगम गांजा का थोक काम करता है। लेकिन आबकारी विभाग हमेशा की तरह अपना हिस्सा लेता रहा है। कभी मोहित के ऊपर कार्यवाही नहीं की। लेकिन ईमानदार पुलिस अधिकारियों से मोहित की सेटिंग नही हो पायी। इसके बावजूद यह गांजा तस्करी में लिप्त है। जिले में इस समय ईमानदार छवि वाले पुलिस अधीक्षक की तैनाती हुई है। उन्होंने सख्त लहजे में साफ साफ कहा है कि अवैध नशे के कारोबारियों को किसी भी कीमत में नहीं छोड़ा जाएगा।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस। | लखनऊ । मंगलवार । 08 अगस्त 2023



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनांक 07- 09 अगस्त 2023 के मध्य मेघ गर्जना एवं बज्रपात के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 33.0 (+1.3)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 26.8 (+1.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 82 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 65 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 11.4 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा : उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# इनकम टैक्स अधिकारी के घर में हुआ संदिग्ध परिस्थितियों में ब्लास्ट, मजदूर की पत्नी घायल

## स्थानीय जनता सिर्फ देखती रही नजारा, किसी ने भी नहीं की मदद

जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे

**कानपुर नगर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार को नया शिवली रोड के पास कल्याणपुर खुर्द में एक इनकम टैक्स अधिकारी के घर के अंदर अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में एक तगड़ा विस्फोट होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। विस्फोट उस समय हुआ जब घर को किराए पर लेने वाली महिला साफ सफ़ाई कर रही थी। इसी दौरान एक बोरी हटाने पर विस्फोट हो गया जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।



दर्द कराहती हुई घायल महिला।



एंबुलेंस की जगह ई-रिक्शा पर घायल को ले जाने पर मजबूर पति।



जांच करती हुई पुलिस टीम।



पत्नी को कंधे पर लादकर कर इलाज के लिए ले जाता पीड़ित पति।



स्ट्रेचर पर घायल महिला ।

मिली जानकारी के अनुसार राजमिस्त्री का कार्य करने वाले नारायण बापू गौतम ने इनकम टैक्स अधिकारी प्रेम सिंह यादव के मकान को किराए पर लिया था। बीते दिन सोमवार को रहने से पहले राजमिस्त्री की पत्नी मानसी घर के अंदर सफाई कर रही थी तभी बोरी में रखे हुए सामान को हटाते समय विस्फोट हो गया। यह तो कहिए गनीमत थी कि राजमिस्त्री के बच्चे पुराने मालिक के घर गए हुए थे और खुद राजमिस्त्री काम पर निकला हुआ था। घर के अंदर हुए विस्फोट में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई महिला के पैरों व शरीर में गंभीर चोटे आई हैं। विस्फोट की आवाज सुनकर आसपास के क्षेत्रीय लोग मकान के बाहर एकत्र हो गए। मकान के अंदर से आ रही घायल महिला के चिल्लाने की आवाज सुनकर कुछ लोग मकान के अंदर पहुंचे और घर के अंदर हुए विस्फोट की सूचना पुलिस को दी । सूचना पर पहुंचे कई मीडिया कर्मियों के द्वारा घायल महिला को शरीर ढकने के लिए एक कपड़ा दिया गया और घायल महिला को तत्काल ई रिक्शा के माध्यम से सीएचसी कल्याणपुर में भर्ती कराया गया।

क्षेत्रीय लोगों के अनुसार घटना की जानकारी के बाद भी पुलिस करीब घटनास्थल पर 30 मिनट के बाद पहुंची है। सीएचसी कल्याणपुर में इलाज के लिए भर्ती कराई गई महिला की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों द्वारा महिला को इलाज के लिए हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

### कई घंटे बाद भी एंबुलेंस नहीं पहुंची

108 नंबर एंबुलेंस को इमरजेंसी सेवाओं के लिए लगाया है लेकिन एंबुलेंस कर्मी अक्सर प्राइवेट अस्पतालों के मरीजों को ढोते हुए नजर आते हैं। जब भी एंबुलेंस कर्मियों को घटना के बाद फोन किया जाता है तो कभी भी सही जवाब नहीं मिलता है । ऐसा ही कुछ बीते दिन देखने को मिला जब कल्याणपुर खुर्द में एक विस्फोट की घटना हो गई और मौके पर एंबुलेंस नहीं पहुंची।

### सूचना पाकर बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा

कल्याणपुर थाना क्षेत्र में बम विस्फोट की सूचना मिलते ही कई थाने के फोर्स के साथ-साथ एडीसीपी लखन सिंह यादव, एसीपी कल्याणपुर विकास कुमार पांडे, के अलावा बम निरोधक दस्ते ने घटना स्थल पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया। ऐसा बताया जा रहा है कि जिस मकान में विस्फोट हुआ है उस मकान में काफी तादाद में गुटखा, पान मसाला तलाशी के दौरान बरामद हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि इतनी तादाद में इस मकान में आखिर गुटका कहां से आया। खबर लिखे जाने तक बम निरोधक दस्ता घर की छानबीन कर रहा था।

### हेल्थ मेडिकल सेंटर के डॉक्टरों ने मानवता को किया शर्मशार, नहीं की महिला की मदद

जब महिला का पति नारायण बाबू गौतम अपनी घायल पत्नी को कांधे पर उठाएं काफी दूर तक पैदल दौड़ता हुआ ले गया लेकिन घटनास्थल के पास में स्थित हेल्थ मेडिकल सेंटर के डॉक्टरों ने मानवता को शर्मशार किया और पीड़ित परिवार की कोई मदद नहीं की। घायल महिला के पति ने इलाज के लिए मदद मांगी गई परंतु चिकित्सालय के अंदर से ना तो कोई डॉक्टर निकला और ना ही कोई स्टाफ मदद के लिए सामने आया। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार घायल महिला मकान में किराए पर रह रही थी जबकि मकान मालिक का नाम प्रेम सिंह यादव बताया जा रहा है जोकि इनकम टैक्स विभाग में अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं।

# बलात्कार के मुकदमे में कार्रवाई न होने पर प्रेस क्लब में बताई पीड़ा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बीते दिन शहर के नवीन मार्केट स्थित कानपुर प्रेस क्लब में वार्ता के दौरान वारसी चौराहा रावतपुर निवासिनी एक महिला ने बताया कि उसके साथ छल से शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाले चांद कबाड़ी के बेटे शालू ने उसकी जिंदगी बर्बाद कर दी है। पीड़िता के अनुसार उसका प्रेम सम्बन्ध चांद कबाड़ी के पुत्र शालू के साथ पिछले 10 वर्षों से कायम है। चांद को पता चलने पर उसने बहाने से बाबूपुरवा निवासी नशेड़ी इरफान से उसका विवाह करा दिया, कहा बाद में शालू से निकाह करा दूंगा, इस बात से उसकी पत्नी भी रजामंद थी। आरोप है कि शादी के बाद भी शालू पीड़िता घर आता रहा और यह कह कर शारीरिक शोषण करता रहा कि बहन की शादी के बाद वह निकाह कर लेगा यह भी बताया कि उससे बुलेट लेने के लिए थोड़ा-थोड़ा करके दो लाख रुपए ले लिये। जब पति को पता चला तो उन्होंने तलाक दे दिया। पीड़िता का शालू बराबर बलात्कार करता रहा। 27 अप्रैल को चांद अपने पूरे परिवार के साथ रात में आया और पीड़िता का फोन तोड़ दिया। मारपीट की बोला कि अब तुम्हारे पास कोई सबूत नहीं है मेरा कुछ नहीं कर सकती हो। पिता का आरोप है कि उसका मुकदमा बलात्कार समेत अन्य गंभीर धाराओं में लिखा गया लेकिन उसके बाद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

# ब्राह्मण का सम्मान उसकी बेटी, रोटी और चोटी में है...

## हम समाज के सिरमौर हैं, रहे हैं और रहेंगे भी कोई डिगा सकता नहीं

जन एक्सप्रेस। हरीनाथ सिंह

**बिल्हौर।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र की शिवराजपुर मदन गेस्ट हाउस में ब्राह्मण महासभा का आयोजन किया गया था जिसमें वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष दुर्गेश मणि त्रिपाठी ने अपने भाषण में कहा माला पहनने में नहीं ब्राह्मण का सम्मान नहीं उसका असली सम्मान उसकी बेटी रोटी और चोटी में है हम निशुल्क शिक्षा और नौकरी की तैयारियों के लिए कोचिंग व स्वास्थ्य के लिए डॉक्टरों की व्यवस्थाएं कर कैंप लगाते हैं वहां लोग एक भी ब्राह्मण नहीं पहुंचता है उसके पास पैसे का घमंड है ।



वह जानता है कि पैसा दिखाकर हम अपना काम कर सकते हैं। आज ब्राह्मणों का राजनीतिकरण हो गया है ब्राह्मण चिंतन नहीं करता है बल्कि राजनीति में प्रवेश के लिए धन इकट्ठा करता है और राजनीति पार्टी में पहुंचकर अपने बिरादरी पर हो रहे जुर्म को लिए कोई आवाज नहीं उठाता है।

आज भीम आर्मी के 10 लोग आते हैं ब्राह्मण को मारपीट कर उसी पर मुकदमा लिखवा देते हैं और चला जाता है। आज ब्राह्मणों की बेटी रोटी और चोटी पर हमला किया जाता है जिससे यह खत्म हो जाएंगे तो सनातन धर्म कमजोर हो जाएगा ब्राह्मण एक हो रहे हैं किताबों में मंचों पर लेकिन वास्तविकता यह सब अलग-अलग हैं वास्तव में राजनीति ने ब्राह्मणों को खोखला कर दिया है मेरी क्या कमी थी जो महिलाओं को जलाकर मार डाला था मैंने आवाज उठाई थी ना मैं किसी की सुनता हूं ना बोलता हूं मैं सिर्फ परशुराम की जय जयकार करता हूं। चौबेपुर ब्लाक प्रमुख राजेश शुक्ला ने बताया कि 1300 वर्ष पूरे कर चुकी है मजबूरी एक भी ब्राह्मण शासक नहीं हुआ है हर समाज बोलता है ब्राह्मणों ने हमारा और हमारी पार्टी का नुकसान किया है लेकिन शासन से दूर रहे हैं तो शोषण कहां से हमने किया है कहां से हमारे समाज ने किया है।

मंच की अध्यक्षता दिनेश अवस्थी ने की बिल्हौर द लायर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व जीपीपीएल शुशांक मिश्रा, अशोक शुक्ला, अनुराग द्विवेदी सांभी, विनोद तिवारी पूर्व चेयरमैन शिवराजपुर, राजेश शुक्ला ब्लॉक प्रमुख चौबेपुर, शेष नारायण, उदय शुक्ला पूर्व ब्लाक प्रमुख शिवराजपुर, रमाशंकर मिश्रा विश्व हिंदू परिषद बिल्हौर, शुभम बाजपेई ब्लाक प्रमुख शिवराजपुर, ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष अधिवक्ता दुर्गेश मणि त्रिपाठी व पूजा द्विवेदी आशुतोष शुक्ला छात्र नेता कानपुर विश्वविद्यालय, ऋषभ अवस्थी, अभिषेक दीक्षित, अभिषेक पाठक, आशुतोष आयुष पांडे, जयंत अवस्थी, सागर मिश्रा, अटल बाजपेई, सुनील मिश्रा, धीरज शुक्ला, विनोद तिवारी आदि मौजूद रहे।

# कलियुगी बेटी प्रेमी संग भेजी गई जेल

## प्रेमी संग खुद का अपहरण कर रची थी साजिश, मांगी थी फिरौती

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बीती चार अगस्त को थाना बर्रा में दर्ज हुए किडनैपिंग के मामले में नया मोड़ सामने आ गया है खुद गायब हुई लड़की ही इस अपहरण काण्ड की मास्टर माइंड निकली। इस कहानी में उसका आशिक भी शामिल था।

जानकारी के अनुसार थाना बर्रा पर बीती 4 अगस्त को नरेन्द्र कुमार निवासी म0 नं0 10 सेक्टर आई विश्व बैंक बर्रा थाना बर्रा द्वारा अपनी बेटी हंसिका के अपहरण कर लिए जाने के आरोपी द्वारा फिरौती मांगने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामले में तत्परता दिखाते हुए मुकदमा दर्ज कर जनपद के थानो व सर्विलांस सेल से कई टीमो का गठन किया गया था। पुलिस टीम द्वारा अपहृता हंसिका



वर्मा व अभि0 राज को बीती 07 अगस्त को जनपद बस्ती रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पता चला कि अपहृता हंसिका ने ही अपने अपहरण की कहानी अपने प्रेमी राज के साथ मिलकर तैयार की गई थी। अपने परिवारीजनो से 10 लाख रुपये फिरौती की मांग की व अपने मोबाइल से अपने बंधक बने होने की वीडियो बनाकर अपने पिता व भाई के फोन पर भेजा गया तथा हंसिका द्वारा पूर्व में भी अपनी दो एफ0डी0 तुड़वाकर अपने प्रेमी राज को करीब 2,21,000/- रुपया दिया गया। मामले में पुलिस टीम को पूछताछ के दौरान यह भी पता चला कि हंसिका अपने प्रेमी राज से पूर्व में ही विवाह कर चुकी थी। अपने घर वालों से रुपया ऐंठ लेने के बाद इन दोनों का प्लान कहीं सेटल हो जाने का था लेकिन कानपुर पुलिस के सामने उनकी कहानी टिक ना पाई दोनों को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

# करौंदे के औषधीय गुणों के बारे में दी जानकारी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर की गृह वैज्ञानिक डॉ. निमिषा अवस्थी ने बीते दिन सोमवार को करौंदे के पौधे के बारे में बताते हुए कहा कि करौदा मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। यह एक झाड़ीनुमा पोधा होता है व इसका प्रयोग अचार और सब्ज़ी बनाने में किया जाता है।



स्वाद में खट्टा होने के साथ यह स्वभाव से गर्म तासीर का होता है। उन्होंने बताया कि करोंदा भूख को बढ़ाने के साथ पित्त को शांत करता है व हृदय के लिए लाभकारी होता है।इसका प्रयोग करने से रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इसमें कैल्शियम पाए जाने के कारण यह दांतो के लिए भी लाभकारी है। उन्होंने बताया कि करौंदा पोषक तत्वों से भरपूर होता है इसके सेवन से हड्डियों को मजबूती, चमकती त्वचा, मुँहासे की रोकथाम, बालों का बढ़ना आदि लाभ होते हैं। इसमें प्रोटीन 1.1 से 2.2, विटामिन सी 1.6 से 17.9 मिलीग्राम प्रति 100 ग्राम, लोहा तत्व 39.1 मिलीग्राम प्रति 100 ग्राम, कैल्सीयम 21 मिलीग्राम प्रति 100 ग्राम, फास्फोरस 38 मिलीग्राम प्रति 100 ग्राम पाया जाता है। इसलिए यह स्वस्थ प्रतिरक्षा का निर्माण करता है और शरीर को रोगों से लड़ने की शक्ति प्रदान करता है।

# छात्रा का दुपट्टा खींचने वाले आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

पनकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीते कुछ दिन पूर्व स्कूटी सवार शोहदे छात्रा का दुपट्टा खींचकर भाग रहे थे जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा था। वीडियो को संज्ञान में लेते हुए पनकी पुलिस ने शोहदों के के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। इस दौरान पनकी पुलिस ने दो शोहदों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।



मिली जानकारी अनुसार के अनुसार पनकी थाना क्षेत्र स्थित पनकी स्टेशन रोड पर कौशल विकास केंद्र है। एक अगस्त को स्कूल से दो छात्राएं अपने घर के लिए पैदल जा रही थी इसी दौरान पीछे से आ रहे स्कूटी सवार तीन शोहदे ने चैन छीनने के मकसद से छात्रा का दुपट्टा खींच लिया था छात्रा द्वारा शोर मचाने पर दुपट्टा फेंक कर भाग गए। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा इस दौरान उच्चाधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लिया इसके बाद पनकी थाना प्रभारी रत्नेश सिंह द्वारा अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। सोमवार को पनकी पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना में शामिल दो आरोपियों को किया गिरफ्तार । तीसरे आरोपी को 6 अगस्त को गोविन्द नगर पुलिस ने लूट के मामंले में जेल भेज दिया था। डीसीपी वेस्ट विजय ढुल ने बताया कि घटना 1 अगस्त की थी जिसका वीडियो 5 अगस्त को वायरल होने के बाद मुकदमा दर्ज किया गया। तीन अभियुक्तों की पहचान रोहित सचान, शेखर बाथम निवासी गुजैनी और अर्जुन के रूप में हुई इन लोगों ने घटना को अंजाम दिया था। अर्जुन को गोविंदनगर पुलिस लूट के मामंले में 6 अगस्त को जेल भेज चुकी है । सोमवार को पनकी पुलिस ने रोहित और शेखर को गिरफ्तार किया । उन्होंने बताया कि शेखर स्कूटी चला रहा था अर्जुन बीच में बैठा था और पीछे बैठे रोहित ने ही दुपट्टा खींचा था।इस दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से एक मोबाइल एक तमंचा व दो जिन्दा कारतूस बरामद कर जेल भेजने की विधिक कार्रवाई की है ।

# निगम कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त से मुलाकात कर बताई समस्याएं

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

निगम कर्मचारी संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने बीते दिन सोमवार को नगर आयुक्त से मुलाकात कर संघ की समस्याओं पर चर्चा की। जिस पर नगर आयुक्त ने संघ के प्रतिनिधि मंडल को 15 अगस्त 2023 के बाद सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर समस्याओं पर चर्चा करने का आश्वासन दिया।



उन्होंने कहा कि समस्याओं से संबंधित अधिकारियों से बैठक कर कर्मचारियों की मुख्य समस्याओं पर चर्चा कर त्वरित निस्तारण किया जाएगा। संघ के महामंत्री रमाकांत मिश्रा ने बताया कि कानपुर नगर निगम कर्मचारी संघ द्वारा 28 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर 5 अगस्त को धरना दिया जाना था जिसे नगर आयुक्त के आश्वासन पर स्थगित कर दिया गया था उन्हीं विषयों से संबंधित चर्चा संघ द्वारा की गई है।

प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष देवीदीन भाऊ, महामंत्री रमाकांत मिश्रा, संयुक्त मंत्री मुन्ना हजारिया, कोषाध्यक्ष शिव शंकर मिश्रा आदि मौजूद।

### भाजपा नेता की दम पर कस्टम ऑफिसर की विधवा का दबंग कर रहे उत्पीड़न





जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। शहर के चकेरी थाना क्षेत्र में रहने वाली कस्टम ऑफिसर की विधवा ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय में पत्र देते हुए एक भाजपा नेता व उसके दबंग भाई के साथ साथ उसके गुर्गों पर गम्भीर आरोप लगाते हुए न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंची अंजू सिंह ने बताया कि उनके पति कस्टम ऑफिसर थे उनके देहांत के बाद भारतीय जनता पार्टी के एक बड़े नेता और उसके दबंग भाई के गुर्गे उनका उत्पीड़न कर रहे हैं। आए दिन रास्ते में रोक कर जान से मरवा देने की धमकियां भी दिया करते हैं लगातार वह पुलिस विभाग के चक्कर लगा रही हैं लेकिन आज तक आरोपियों के खिलाफ न ही तो मुकदमा दर्ज किया गया और ना ही तो कोई वैधानिक और दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई गई है। बुजुर्ग अंजू सिंह ने बताया कि उनसे पड़ोस में रहने वाले विजय गुप्ता ने कुछ पैसे उधार के तौर पर मांगे थे। उन्होंने धीरे-धीरे करके विजय को 168000 रुपए उधार दिया था। परंतु विजय ने पैसे वापस नही किये। जब पैसे मांगने की बात होती है तब वह विनय गुप्ता बाबूराम और अन्य के नाम की धमकी देता है और कहता है कि जान से मार देंगे। पैसे की डिमांड करोगी तो तुम्हारे खिलाफ थाने में उधारी का मुकदमा लिखा कर जेल में बंद करवा देंगे।बुजुर्ग महिला ने पुलिस कमिश्नर से न्याय की गुहार लगाई है।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस कार्ड पाकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के खिल उठे चेहरे

जन एक्सप्रेस। प्रदीप शर्मा

**कानपुर नगर।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज्य ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बृजेश सुवाडोर के नेतृत्व में बीते दिन सोमवार को 125 ग्रामीण सफाई कर्मचारियों और उनके परिवारजनों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस चिकित्सा कार्ड विकास भवन सभागार में वितरित किए गए। यह कार्ड कर्मचारियों को मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार, जिला पंचायत राज्य अधिकारी कमल किशोर, राज्य संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष राजा भरत अवस्थी व



पीआरओ मुख्य विकास अधिकारी विकास अस्थाना द्वारा दिए गए। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजा भरत अवस्थी का 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने चिकित्सा कार्ड बनवाकर कर्मचारियों को बहुत बड़ी राहत दी है उन्होंने पुरानी पेन्शन बहाल कर एनपीएस समाप्त करने की भी माँग की। इस अवसर पर परिषद के कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र अवस्थी, राजेश शुक्ला, त्रिभुवन, मनोज, निर्मल, विनोद सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# मेरी माटी–मेरा देश, हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर डीएम ने की प्रेस वार्ता

जन एक्सप्रेस | अमेठी

आजादी के अमृत महोत्सव के समापन समारोह के अवसर पर 9 से 15 अगस्त के मध्य मेरी माटी मेरा देश एवं 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारियोंको लेकर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता कर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर घर तिरंगा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके अन्तर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर झंडों की उपलब्धता सहित अन्य तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। नौ से पन्द्रह अगस्त के मध्य आयोजित होने वाले मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की रूपरेखा के




संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में शिलाफलकम की स्थापना, अमृत कलश हेतु मिट्टी का संग्रहण किया जाना,स्कूलों एवं विद्यालयों में माटी गीत का गायन होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत कलश में हर गांव हर शहर की मिट्टी होगी या कलश गांव से ग्राम पंचायत ब्लाक मुख्यालय होते हुए जिला मुख्यालय पर एकत्रित होंगे। इसी प्रकार सभी नगरीय निकायों के कलश जिला मुख्यालय पर एकत्रित होंगे इसके उपरांत यह कलश प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंचेंगे और फिर दिल्ली में स्थित कर्तव्य पथ पर पूरे देश से आए अमृत कलश के साथ एकत्रित होंगे। इसके साथ ही हर ग्राम पंचायत, नगरीय निकायों में शिलाफलकम स्थापित किया जाएगा। शिलाफलकम पर आजादी के अमृत वर्ष का विजन प्रदर्शित होगा।

## आंगनवाड़ी कार्यकत्री का बिदाई सम्मान समारोह



जन एक्सप्रेस | गौरीगंज, अमेठी

कम्पोजिट विद्यालय भेलाई कला में जीवन के अमूल्य 35 साल आंगनबाड़ी कार्य कत्री के रूप में गांव भेलाई खुर्द में अपनी सेवाएं दे चुकीं सेवानिवृत्त कार्यकत्री आशा श्रीवास्तव का विदाई सम्मान समारोह प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।प्रधानाध्यापक व शिक्षिकाओं ने आशा श्रीवास्तव का माल्यार्पण,पुष्प गुच्छ,अंग वस्त्र व उपहार देकरसम्मानित किया।रन्जू सिंह व विमला देवी ने भी उपहार भेंट किया।आशा श्रीवास्तव ने कहा विद्यालय में कार्य करते हुए जो सम्मान मिला,उसे आजीवन अविस्मरणीय रहेगा।विद्यालय के समस्त स्टाफ से मिले स्नेह व प्रेम को याद करके भाव विभोर हो गयीं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्य कत्री के रुप में मुझे जो दायित्व मिले थे, हमने बखूबी पूर्ण निष्ठा से 35 साल की सेवा देकर भेलाई खुर्द गांव में सभी गर्भधात्री महिलाओं की सेवा की, समय-समय पर टीके लगवाये। मुझे अपने द्वारा किये गये सेवा से आत्म संतोष मिला है। विद्यालय से मुझे पूर्ण सहयोग मिला जब भी मेरी मीटिंग होती थी।या कुछ कार्य से केन्द्र से निकलना होता था,तो विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाएं एवं प्रधानाध्यापक हमारे केन्द्र के बच्चों को देख लेते थे। मुझे आप लोगों के साथ बिताए हुए स्वर्णिम पल आजीवन याद रहेंगे।और मैं उन यादों को हमेशा संजोये रखूंगी। आप सब जब भी याद करेंगे, मैं प्रत्येक कार्यक्रम में अपना समय प्रदान करूंगी।रन्जू सिंह अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जन सेवा समिति ने आशा श्रीवास्तव के स्वस्थ,सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी।व सफलता पूर्ण सेवानिवृत्ति की बधाई दी।
धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा इस विद्यालय में आशा श्रीवास्तव के साथ मुझे बारह साल कार्य करने का अवसर मिला। उन्होने कहा कि अपनी शिक्षा, क्षमता व कर्मठता से गांव के नन्हें- मुन्ने बच्चों को जो शिक्षा दीक्षा व प्रेरणा दी है। आशा श्रीवास्तव का यह समाज ऋणी रहेगा।समारोह में प्रभावती,पार्वती देवी,कुसमा देवी,शान्ता कुमारी,एवं विजय कुमारी उपस्थित रहीं।

## सनातन सेना की जिला कार्यकारिणी का गठन

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** बीते दिन सनातन सेना की सुल्तानपुर में प्रदेश अध्यक्ष राहुल सिंह की अगुवाई में प्रथम बैठक के साथ साथ जिला कार्यकारणी का गठन हुआ। जिसमे 'सुनील सिंह प्रधान गोरेगांव, आयोध्या मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह प्रधान' की उपस्तिथि में लगभग 50 लोगो ने सनातन सेना का दामन थामा। वही प्रदेश अध्यक्ष राहुल सिंह बजरंग ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि आज जिस तरह हमारे हिन्दू धर्म की संस्कृति बिखर रही है उसे सजोने का काम सनातन सेना करेगी। हमारी सभ्यता संस्कृति ही हमारा धरोहर है। इसके लिए हम दिन हो या रात खड़े है उक्त कार्यक्रम का आयोजन जयसिंहपुर कोतवाली अंतर्गत पड़ने वाले बरौसा के बांसगांव में हुआ था। राहुल सिंह ने बताया कि हम सभी सनातनी प्रत्येक मंगलवार हनुमान चालीसा पाठ के माध्यम से लोगो को संगठित करना और सनातन धर्म पुस्तक स्कूल में गांव में निःशुल्क वितरण करना शुरू किए है। जिससे बच्चे पढ़ाई के साथ साथ अपने धर्म संस्कृति और सभ्यता पर भी ध्यान देंगे।

# अधिवक्ता आजाद की गोली मारकर हत्या, आठ नामजद

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर

रविवार की शाम को गोली मारकर अधिवक्ता आजाद की हत्या कर दी गई थी। उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मामले को संज्ञान में लेकर पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने हत्यारों की तलाश में पुलिस की चार टीमें लगाई है।
पुलिस अधीक्षक ने बताया कि रविवार देर शाम को थाना कोतवाली देहात के भूलकी में गोली चलने की सूचना प्राप्त हुई थी। गोली लगने से इलाके में रहने वाले सलीम के अधिवक्ता पुत्र मोहम्मद आजाद और उसके भाई मुनव्वर को लगी थी। प्राथमिक इलाज के दौरान जहां आजाद को मृत घोषित कर दिया गया है तो वही मुनव्वर को इलाज के लिए चिकित्सकों ने लखनऊ रेफर किया था। पुलिस की जांच के दौरान यह पता चला कि सिराज थाना कोतवाली नगर का हिस्ट्रीशीटर है तथा मुनव्वर और सिराज कई अपराध में सहअभियुक्त हैं। दोनों मिलकर प्रॉपर्टी



डीलिंग का काम करते हैं। साथ-साथ यह भी जानकारी प्राप्त हुई कि पीड़ित एवं आरोपित पारिवारिक रिश्तेदार हैं। रविवार की शाम को सिराज एवं उसके साथी भूलकी आए थे, जहां पर किसी बात को लेकर कहासुनी हुई जिसमें गोली चली थी। एसपी ने बताया कि इस घटना में हत्यारोपितों की तलाश में पुलिस की चार टीमें लगी हुई है। संभावित ठिकानों पर छापेमारी की गई है, जल्द ही हत्यारें पकड़े जाएंगे। सरेशाम अधिवक्ता आजाद की हत्या के मामले में मौसा और मौसी का नाम सामने आया है। पिता ने आजाद के मौसा और मौसी को साजिशकर्ता दर्शाते हुए सिराज उर्फ पप्पू को हत्या करने के अपराध में संलिप्त तहरीर में बताया है। कोतवाली देहात पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए तफ्तीश की कार्रवाई शुरू कर दी है। सिराज अहमद उर्फ पप्पू, इस्माइल, इकराम, सैय्याज, सलमान, सौहराव, मौसा समीम उर्फ लड्डन, मौसी अख्तूरन निशा समेत अज्ञात के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। वही बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सैकड़ो अधिवक्ताओं ने शोक सभा की, इसके पश्चात एसपी से मिलने जा पहुंचे। मृतक अधिवक्ता आजाद के मौसा शमीम और मौसी अख्तूरन निशा हुई गिरफ्तार। गिरफ्तारी पर गोलमोल जवाब देते रहे देहात कोतवाली कृष्ण मोहन सिंह। एसपी सोमेन वर्मा ने की गिरफ्तारी की पुष्टि।

# सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

सघन मिशन इंद्रधनुष (आईएएमआई) का शुभारंभ सोमवार को जिला महिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि नियमित टीकाकरण से किन्हीं कारणों से छूटे हुए 0 से 5 साल तक की आयु के बच्चों एवं गर्भवती को टीका लगाने के लिए आईएमआई अभियान चलाया जाता है। टीके न केवल 12 जानलेवा बीमारियों से बचाते हैं बल्कि बच्चे की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं और उसे कुपोषण से भी बचाते हैं। शिशु एवं बाल मृत्यु दर में कमी लाने में नियमित टीकाकरण की अहम भूमिका है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि आईएमआई अभियान तीन चरणों में चलेगा। पहला चरण 7 से 12 अगस्त, दूसरा 11 से 16 सितंबर और तीसरा चरण 9 से 16 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि टीका पूरी तरह सुरक्षित है और यह जान बचाता है। इसके साथ ही बच्चे को समय से टीका लगवाना चाहिए ताकि जाननलेवा बीमारियों से



बचाव हो सके और उसमें समय से प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो सके। अभिभावकों को मातृ शिशु सुरक्षा (एमसीपी) कार्ड संभाल कर रखना चाहिए। उसमें बच्चे को लगाए गये टीकों का विवरण होता है। स्वास्थ्य कर्मी द्वारा मांगने पर उसे जरूर दिखाएं और स्वास्थ्य केंद्र पर जब भी जाएं तो एमसीपी कार्ड अवश्य लेकर जाएं। बच्चे के टीकों को लेकर किसी प्रकार का संशय होने पर स्वास्थ्य कर्मी से मिलें। डॉक्टर वर्मा ने बताया. इस अभियान के तहत 3077 सत्रों का आयोजन कर शून्य से पाँच साल तक के 21,397 बच्चों और 6,152 गर्भवती का टीकाकरण किया जायेगा। 0 से 5 साल तक के बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए 11 टीके लगाए जाते हैं। इसके साथ ही गर्भवती को टिटेनस और वयस्क डिप्थीरिया (टीडी) का टीका लगाया जाता है।
जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी अधिकारी डीएस अस्थाना ने बताया कि 12 जानलेवा बीमारियाँ हैं-पोलियो, डिप्थीरिया, काली खांसी, गलघोंटू, खसरा, टीबी, हेपेटाइटिस बी, जापानी इंसेफेलाइटिस, निमोनिया, डायरिया, रूबेला और टिटेनस। इस अवसर पर डॉ अरविंद कुमार, डॉ राकेश यादव, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अंजली सिंह, डीएमसी वंदना त्रिपाठी, यूनिसेफ, बीएमसी सहाना जमीर, डब्लूएचओ से अमरेश त्रिपाठी विनय पांडे, आदि उपस्थित रहे।

## राहुल की सदस्यता बहाल होने पर कांग्रेसजनों ने किया खुशी का इजहार

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा संगठन पदाधिकारियों ने तिलक भवन में एक दूसरे को खूब रंग अबीर लगाकर खुशी का इजहार किया। आपको बताते चले कि हाल ही में वायनाड से सांसद राहुल गांधी की सदस्यता को समाप्त कर दिया गया था जोकि अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद उनकी सदस्यता को बहाल कर दिया गया है। इसी खुशी के मौके पर रायबरेली के कांग्रेसजनों ने रंग अबीर गुलाल और फूलों की पंखुड़ियों से होली खेली। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज तिवारी, वी के शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, सईदुल हसन, राजकुमार दीक्षित, बछरांवा से पूर्व प्रत्याशी शुसील पासी, शशिकांत पांडेय, महेश शर्मा, रमाकांत त्रिपाठी, आशीष द्विवेदी, अखिलेश मिश्रा, सुनील कुमार, रूपेश कुमार, राहुल बाजपेयी, नवसाद खतीब, अभय सिंह, धीरज श्रीवास्तव, विजय पटेल, मुन्ना घोसी, मोहम्मद हाजी उस्मान, अंकुर चैधरी, मनोज मिश्रा, सर्वोत्तम मिश्रा, अरशद सहित तमाम लोगों ने खुशी का इजहार किया।

## स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का समूह से समृद्धि की ओर एक कदम

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संतोषी मां स्वयं सहायता समूह, ग्राम पंचायत हिडईन विकासखंड हरचंदपुर की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा 18 दिवस कंपोस्ट खाद निर्माण कार्य किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को कंपोस्ट खाद बनाने का प्रशिक्षण दिलाने के उपरांत रिवाल्विंग फंड एवं सीसीएल तथा स्वयं की बचत से 18 दिवस कंपोस्ट खाद बनाए जाने का कार्य आरंभ किया गया, जिसकी एक पिट की लागत 500 रुपये होती है एवं एक पिट से तीन किल्टन कंपोस्ट खाद तैयार की जाती है। जिसकी बिक्री लगभग 1500 रुपये होती है। महीने में इनके द्वारा लगभग 4 से 5 पिट तैयार किए जाते हैं और समूह को लगभग 4000 से 5000 मासिक आमदनी होती है। कंपोस्ट खाद पैकेजिंग करके इसकी बि ी लखनऊ, रायबरेली में की जाती है। जिससे समूह की महिलाएं अपने परिवार में आर्थिक सहायता प्रदान कर रही हैं।

**अदालती सूचना**
**हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप**
**न्यायालय सिविल जज (जू0डि0), दक्षिणी, लखनऊ**
प्रकीर्ण वाद संख्या : 536/2023
तारीख पेशी- 14.08.2023
**कु0 नीतू सिंह**
**बनाम**
**जाय0 स्व0 नरेन्द्र सिंह**
कु. नीतू सिंह आयु लगभग 28 वर्ष पुत्री स्व0 नरेन्द्र सिंह निवासिनी म0 नं0 - 645ए/52 जानकी पुरम थाना- जानकीपुरम लखनऊ।
.....प्रार्थिनी
**बनाम**
1-जायदाद रख0 नरेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 बलदेव प्रसाद सिंह निवासी-645 ए/52 जानकीपुरम प्रथम जाना- जानकी पुरम लखनऊ, 2- श्रीमती माधुरी सिंह वयस्क पत्नी स्व0 नरेन्द्र सिंह निवासिनी-म0 नं0 - 645ए/52 जानकीपुरम थाना- जानकी पुरम लखनऊ।
......विपक्षीगण
**जनसाधारण।**
चूंकि उपरोक्त नामांकित प्रार्थिनी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि **धारा-372 भा0उ0 अधिनियम** अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए **14.08.2023** के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजाता हूँ और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन एक पक्षी रून सुना जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 13.07.2023 के दिवस को दिखाई गयी।
-मोहर अदालत

# 'मेरी माटी–मेरा देश' एवं 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का होगा आयोजन

**✻ अमृत कलश में हर गांव, हर शहर की मिट्टी होगी यह कलश गांव से ग्राम पंचायत ब्लाक मुख्यालय होते हुए जिला मुख्यालय पर एकत्रित होंगे**

जन एक्सप्रेस | रायबरेली।

आजादी के अमृत महोत्सव के समापन समारोह के अवसर पर 9 से 15 अगस्त के मध्य ''मेरी माटी मेरा देश'' एवं 13 से 15 अगस्त तक ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर घर तिरंगा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा इसके अंतर्गत सभी सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों, व्यवसायिक एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों, समस्त सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों, रेस्टोरेंट्स, शॉपिंग कंपलेक्स, टोल प्लाजा, पुलिस चैकी/थाना सहित प्रत्येक घरों में अनिवार्य रूप से तिरंगा फहराया जाएगा। हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर झंडों की उपलब्धता सहित अन्य तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इसके साथ ही 9 से 15 अगस्त के मध्य आयोजित होने वाले मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 9 अगस्त को जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में शिलाफलकम की स्थापना, अमृत कलश हेतु मिट्टी का संग्रहण किया जाना, स्कूलों एवं विद्यालयों में माटी गीत का गायन, स्थानीय कलाकारों द्वारा राष्ट्रभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, 10 अगस्त को प्राथमिक विद्यालयों में मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत प्रभात फेरी, तिरंगा यात्रा का आयोजन, स्वतंत्रता संग्राम स्थलोंध्शहीद स्मारकों पर स्वच्छता अभियान, शहीद स्मारक स्थलों पर पुलिसध्पीएसी बैंड का राष्ट्र भक्ति गीतों का वादन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, 11 अगस्त को विद्यालयों में वीरों की गाथा से संबंधित कहानियों का वाचन, पौधरोपण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रभात फेरी सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे, 12 अगस्त को युवक मंगल दल, महिला मंगल दल, एनसीसी एनवाईके के सदस्यों द्वारा मेरी माटी मेरा देश मिनी मैराथन, स्वतंत्रता संग्राम स्थलों, शहीद स्मारकों की धरोहर विषयक फोटोग्राफी प्रतियोगिता, शहीद स्मारकों पर पुलिस बैंड का वादन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण, 13 अगस्त को प्राथमिक विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों हेतु मध्यान्ह विशेष भोजन की व्यवस्था, विद्यालयों में आजादी के नायकों पर आधारित एकल अभिनय, ग्राम पंचायत में रंगोली प्रतियोगिता, विद्यालय के बच्चों के मध्य कविता गायन प्रतियोगिता, स्थानीय कलाकारों द्वारा मौलिक रचनाओं की राष्ट्रभक्त पूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, 14 अगस्त को बच्चों के कठपुतली, जादू का कार्यक्रमों का आयोजन, अमृतसरोवरों पर प्रभातफेरी का आयोजन, 75-75 स्वच्छाग्रहियों का सम्मान, राष्ट्रभक्तिपूर्ण कवि सम्मेलनों का आयोजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन होंगे तथा 15 अगस्त को समस्त ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों में अमृत का कलश तैयार किया जाएगा, झंडारोहण एवं राष्ट्रगान का समूह गायन, पंचप्रण, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों/ शहीदों के परिजनों का सम्मान, पुलिस/पीएसी बैंड द्वारा राष्ट्रधुन का वादन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत कलश में हर गांव, हर शहर की मिट्टी होगी यह कलश गांव से ग्राम पंचायत ब्लाक मुख्यालय होते हुए जिला मुख्यालय पर एकत्रित होंगे इसी प्रकार सभी नगरीय निकायों के कलश जिला मुख्यालय पर एकत्रि होंगे इसके उपरांत यह कलश प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंचेंगे और फिर दिल्ली में स्थित कर्तव्य पथ पर पूरे देश से आए अमृत कलश के साथ एकत्रित होंगे इसके साथ ही हर ग्राम पंचायत, नगरीय निकायों में शिलाफलकम स्थापित किया जाएगा, शिलाफलकम पर आजादी के अमृत वर्ष का विजन प्रदर्शित होगा माननीय प्रधानमंत्री जी का संदेश एवं स्थानीय वीरों, शहीदों का परिचय प्रदर्शित होगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत में 75-75 पौधरोपण कर अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समस्त कार्यक्रमों को भव्यता के साथ आयोजन करने हेतु समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

## जेल में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन सम्पन्न



**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायाधीश रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन जिला कारागार, रायबरेली में किया गया। अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमाशंकर कहार द्वारा शिविर में महिला बंदियों को संबोधित करते हुए बताया गया कि आप सभी को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए जिसके लिए शिक्षा बहुत जरूरी है।
समाज में आज भी अशिक्षा के कारण बहुत पिछड़ापन है जिसको दूर करने के लिए शिक्षा की अत्यधिक जरुरत है। सचिव द्वारा शिविर में बताया गया कि यदि जेल में निरुद्ध किसी महिला बन्दी के पास अधिवक्ता नहीं है तो वह जरिये प्रभारी जेल अधीक्षक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रार्थना पत्र प्रेषित कर सकता है। जिस पर उसे निःशुल्क अधिवक्ता नामित कर दिया जाएगा। सचिव द्वारा बताया गया कि जेल में निरुद्ध महिला बन्दियों को किसी भी प्रकार की विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो वह जेल में स्थापित लीगल ऐड क्लीनिक में सम्पर्क कर अपनी समस्याओं का निराकरण करा सकते है। जागरूकता शिविर में प्रभारी जेल अधीक्षक सत्य प्रकाश, डिप्टी जेलर कुँवर वीरेंद्र विक्रम सिंह, पराविधिक स्वयं सेवक पूनम सिंह व रत्ना बाजपेयी उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### वस्त्र नहीं विचार है, स्वदेशी संस्कार हैं, बुनकरो की रचना है,भारत की पहचान है



**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा की सैकडो महिलाओं और छात्राओं ने जिलाध्यक्ष आशा बाजपेई के नेतर्त्व में एवं निमिषा त्रिपाठी जिलामंत्री के संयोजन में अमेठी बाजार में राजर्षि तिराहा से गांधी चौक होकर ददन सदन तक विशाल रैली निकाली। स्वदेशी अपनाओ विदेशी भगाओ की अलख जगाते हुये आम जनता को हथकरघा के खादी के कपडे, अपनाने और विदेशी कपडो के बहिष्कार करने का आवाहन किया। इस अवसर पर डा.फूलकली के सहयोग से जीजीआईसी की छात्राओं एवं डा.माधवी सिंह शोध प्रमुख,रेनू वर्मा सोशल मीडिया प्रभारी,जिला मंत्री प्रतिमा त्रिपाठी, सुमन सिंह, प्रिया सिलाईकेंद्र की महिलाएं अजय तिवारी मंडल अध्यक्ष ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

### सावन माह में मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**जन एक्सप्रेस/बाजार शुक्ल अमेठी।** हाथों में पूजा की थाली, मन में श्रद्धा और होठों पर शिवशंभू का नाम। मंदिरों में लगीं श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें, वातावरण में भक्ति रस घोलते बम-बम भोले के जयकारे। कुछ ऐसा ही नजारा चल रहे सावन माह में क्षेत्र के शिवालयों में उमड़ता आस्था का सैलाब देखा जा रहा है।भक्तों ने व्रत रखकर भगवान भोलेनाथ की उपासन कर शिव मंदिरों में पहुंचकर शिवलिंग का अभिषेक किया जा रहा है।सावन माह में सोमवार का दिन आस्था का विशेष महत्त्व देखा जा रहा है। भक्ति गीतों पर शिवालयों में लोगों को झूमते हुए देखा गया।सुबह पांच बजे से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। यहां भक्तों ने जल, दुग्ध, गंगाजल आदि से शिवलिंग का अभिषेक किया। इसके बाद धतूरा, भांग, बेल, बेलपत्र, गन्ना, बेर आदि चढ़ाए। इस दौरान भोलेनाथ के जयकारों से शिवालय गूंजते रहे। क्षेत्र के शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने पूजा-अर्चना की। सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों द्वारा पूजा पाठ का दौर जारी रहा।



### सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों में जल भराव होने के कारण ग्रामीणों ने धान लगाकर जताया विरोध



**जन एक्सप्रेस/तिलोई,अमेठी।** तहसील तिलोई के ब्लॉक सिंहपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत जयनगरा के युवा समाज सेवी प्रभात दुवेदी की अगुवाई में ग्रामीणों ने सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों में जल भराव होने के कारण धान की रोपाई करके विरोध जताया। जानकारी के अनुसार बालनगर चौराहे से होकर सिंहपुर ब्लॉक मुख्यालय व अहोरवा भावनी मन्दिर को जोड़ने वाली इस सड़क पर प्रतिदिन हजारों लोगों का आना जाना लगा रहता है। वर्षों से इस सड़क का निर्माण न होने के चलते जगह जगह गड्ढे हो गए हैं। और बारिश के मौसम में गड्ढों में जल भराव बना रहता है। जिसकी वजह से लोग आए दिन गिर कर चोटिल होते रहते हैं। इस समस्या का कोई जनप्रतिनिधि भी ध्यान नही दे रहा है। जिसके चलते आज दिन सोमवार को ग्रामीणों ने सड़क पर गड्ढों में भरे पानी में धान लगाकर विरोध जताया है। और सरकार से इस सड़क को जल्द से जल्द बनवाए जाने की मांग की है।

### उद्योग व्यापार मंडल ने सूचना के अधिकार के तहत मांगी सूचना

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6-1 के तहत अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, अवध क्षेत्र सयोंजक हिमांशु मालवीय व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमर बहादुर सिंह के दिशा निर्देशन में नगर पालिका परिषद से लोडिंग अनलोडिंग व पार्किंग के सबंध में 4 सूत्रिय सूचना/दस्तावेज की छाया प्रति की मांग की है। जिलाध्यक्ष विजय प्रधान ने कहा कि उपरोक्त जन सूचना मिलने के बाद हम व्यापारियों से लोडिंग अनलोडिंग के नाम पर हो रही अवैध वसूली के लिऐ आंदोलन करेंगे। वरिष्ठ जिला महामंत्री अम्बरीश मिश्रा ने बताया कि शासन प्रशासन यदि जल्द ही इस विषय पर अपना स्पष्टीकरण नही देता है तो व्यापार संगठन के साथ साथ ट्रांसपोर्ट ऐसोसिएशन व टैम्पो ऐसोसिएशन भी लोडिंग अनलोडिंग व पार्किंग के खिलाफ हो रही अवैध वसूली के खिलाफ आंदोलन करेगा। जिला महामंत्री मनीष साहू ने बताया कि लोडिंग अनलोडिंग के खिलाफ जरूरत पडी तो हमारा संगठन इस संबंध में माननीय मुख्यमंत्री जी से मिलकर लोडिंग अनलोडिंग के नाम पर की जा रही धन उगाही को बंद करवाऐगा। इस मौके पर नगर अध्यक्ष दिनेश गिरि,टेंट हाऊस ऐसोसियशन अध्यक्ष स्वामी, बंटी, प्रिंस, आकाश, अंकित, सतनाम, मंजीत सिंह आदि कई पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### डाक कर्मचारी कल्याण संघ का अधिवेशन सम्पन्न



**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** अखिल भारतीय डाक कर्मचारी कल्याण संघ का सुल्तानपुर में अधिवेशन रविवार को प्रधान डाकघर प्रांगण में सम्पन्न हुआ। जिसमें जनपद के संघर्षशील कर्मचारी नेता सुरेश कुमार (बीपीएम भपटा) को सर्वसम्मति से मंडलीय सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। अधिवेशन के मुख्य अतिथि व प्रांतीय सचिव राजदेव ने उपस्थित सैकड़ो ग्रामीण डाक सेवको को सभा के माध्यम से आश्वासन दिया कि अब जनपद में किसी भी डाक सेवक का स्वयंभू अधिकारियों द्वारा शोषण नही होने दिया जाएगा। इसके लिए केन्द्रीय नेतृत्व तक लड़ाई लड़ी जाएगी। हमारा संघटन सरकार की सभी योजनाओं में बढ़चढ़ कर भाग लेगा तो वहीं अपने अधिकारों की रक्षा भी करेगा। सुल्तानपुर में अधिकारियों की मनमानी व शोषण ने यहां संघटन बनाने व मजबूत करने पर मजबूर किया है। रीजनल सेक्रेटरी श्याम कुमार ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि अधिकारियों को डाक विभाग की रीढ़ ग्रामीण डाक सेवक अगर पीड़ित है तो समझो सभी योजना फेल है जनपद व अधिकारी फेल हैं। अब जमाना सामन्त बाद का नही सामंजस्य वाद का है। जनरल सेक्रेटरी जय प्रकाश मांझी ने कहा कि हमारे साथी ईमानदारी से काम करते है तो उन्हें काम के पूरे दाम मिलने ही चाहिए अगर कोई इनकी मेहनत की कमाई पर डाका डालने का षड़यंत्र रचेगा तो संगठन मुहतोड़ जबाब देगा।

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 40°C | 33°C |
| कानपुर | 39°C | 31°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 32°C |

# बीजेपी सांसद कठेरिया की सजा पर रोक

## जिला अदालत ने एमपी/एमएलए कोर्ट की 2 साल की सजा निलंबित की; अब सांसदी नहीं जाएगी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ/आगरा**



भाजपा सांसद रामशंकर कठेरिया को जिला कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उनकी दो साल की सजा पर रोक लगा दी है। सोमवार को जिला कोर्ट में कठेरिया ने एमपी/एमएलए कोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील दाखिल की थी। अब मामले में अगली सुनवाई 11 सितंबर को को होगी। सजा पर रोक लगने से उनकी सांसदी जाने से खतरा भी टल गया है। उधर, कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भी आज संसद सदस्यता बहाल कर दी गई है। बता दें कि 5 अगस्त को एमपी/एमएलए कोर्ट ने आगरा में 12 साल पहले टोरेंट पावर के अधिकारी से मारपीट एवं बलवा करने के मामले में कठेरिया को दोषी मानते हुए दो साल की सजा सुनाई थी। रामशंकर कठेरिया एससी-एसटी आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं। वर्तमान में वह इटावा के सांसद हैं।

सोमवार को सांसद ने कोर्ट से बाहर आते हुए उन्होने कहा कि मुझे अपील करने का अधिकार है। इसलिए आज जिला कोर्ट में अपील दायर की। मुझे पता था कि कोर्ट से न्याय मिलेगा।

इस फैसले का बीजेपी सांसद कठेरिया के समर्थकों ने आगरा स्थित आवास पर मिठाई बांटकर स्वागत किया और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है.कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि जब तक अपील का निस्तारण नहीं हो जाता है तब तक सजा पर रोक रहेगी। इसके बाद बीजेपी सांसद को उनकी अपील पर जमानत भी मिल गई है. आगरा की एक अदालत ने पूर्व केंद्रीय मंत्री कठेरिया को नवंबर 2011 में एक बिजली कंपनी के कर्मचारियों की पिटाई के लिए दो साल की जेल की सजा सुनाई और 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया. अदालत ने उन्हें भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं 147 (दंगा करना) और 323 (जानबूझकर चोट पहुंचाना) के तहत दोषी पाया. वहीं जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के अनुसार, किसी भी अपराध के लिए दो साल या उससे अधिक की सजा पाने वाले निर्वाचित जन प्रतिनिधि को तत्काल अयोग्यता का सामना करना पड़ता है. इसलिए उनकी सदस्यता पर भी सवाल खड़े हो रहे थे लेकिन अब कोर्ट ने राहत दे दी है।

### राजनीतिक साजिश के तहत मुझे फंसाया गया : कठेरिया

उन्होंने कहा, टोरेंट पावर के बिल से परेशान एक महिला सुसाइड करने जा रही थी। उसकी परिस्थिति को देखते हुए मैंने उसकी मदद की। टोरेंट ने बिल ठीक कर दिया था। तब भाजपा विरोधी सरकार थी और राजनीतिक साजिश के तहत उनके खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। भले ही कोर्ट ने सजा पर रोक लगा दी हो, लेकिन एमपी/एमएमए कोर्ट से मिली सजा के बाद उनकी सदस्यता को लेकर सियासी बयानबाजी जोरो पर है।

### 2 दिन छुट्टी होने के चलते नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ

सूत्रों की मानें तो लोकसभा सचिवालय को सजा के आदेश की कॉपी शुक्रवार को देर रात मिली। इसके बाद शनिवार और रविवार को अवकाश के चलते सदस्यता रद्द होने का नोटिफिकेशन जारी नहीं हो सका।

### कौन हैं बीजेपी सांसद रामशंकर कठेरिया

बीजेपी सांसद रामशंकर कठेरिया का जन्म उत्तर प्रदेश के इटावा के नगरिया सरावा गांव में 21 सितंबर 1964 को हुआ। बीजेपी नेता राम शंकर कठेरिया का राजनीतिक करियर काफी लंबा रहा है। उन्होंने 6 जुलाई, 2016 तक मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया. साल 2019 में इटावा लोकसभा सीट से चुने जाने से पहले उन्होंने आगरा निर्वाचन क्षेत्र का भी प्रतिनिधित्व किया था।

**लखनऊ के मोहनलाल गंज सीएचसी में फिर हंगामा**

# ओपीडी भवन के गेट में आशा ने जड़ा ताला

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**



लखनऊ के मोहनलालगंज से सीएचसी डॉक्टर और आशा के बीच का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। डॉक्टर द्वारा आशा बहू को थप्पड़ मारने के प्रकरण में अब तक डॉक्टर के खिलाफ कोई कार्रवाई ना होने पर आज सुबह से ही आशा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी भवन के चैनल गेट में ताला जड़ दिया। प्रवेश न मिलने के कारण मरीज बाहर ही एकत्रित होने लगा। मौके पर पुलिस भी पहुंची। किसी तरह आशा को समझा बुझाकर गेट का ताला खुलवाया गया। तब कही जाकर मरीज ओपीडी के अंदर प्रवेश पा सके।

दरअसल सोमवार होने के कारण बड़ी संख्या में मरीज भी इलाज के लिए सीएचसी पहुंचते हैं पर ओपीडी में ताला लगा होने के कारण मरीज हाल में दाखिल नही हो पा रहे हैं। मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ हंगामा भी बढ़ने लगा। मौके पर पुलिस और सुरक्षा बल के जवान पहुंचे। इस दौरान देर तक पीड़ित आशा और पुलिस कर्मियों के बीच नोकझोंक भी देखने को मिली। बाद में किसी तरह समझा बुझाकर गेट का ताला खुलवाया गया और फिर मरीज अंदर जा सके।

### आरोपी डॉक्टर को सीएमओ द्वारा बचाया जा रहा

पीड़ित आशाबहू का आरोप था कि अभद्रता कर थप्पड़ मारने वाले आरोपी डाक्टर को सीएमओ बचाने में जुटे हैं। यही कारण हैं कि कार्रवाई के लिये तहरीर देने के चार दिन बाद भी मुकदमा नही दर्ज हुआ। एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य व प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार आर्य ने मौके पर पहुंचकर आशाबहुओ को दिया आरोपी डाक्टर पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद आशाबहुओ ने ओपीडी का ताला खोला।

### डिप्टी सीएम में दिए थे जांच के आदेश

पिछले सप्ताह मोहनलाल गंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा को थप्पड़ मारने का मामला सामने आया था। तभी से वहां का माहौल लगातार गर्म हैं। आशा का आरोप है कि अल्ट्रासाउंड जांच कराने के एवज में डॉक्टर ने 200 रुपये मांगे थे। आशा ने पैसे दिलवाने से मना कर दिया। आरोप है कि नाराज डॉक्टर ने अभद्रता की। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने भी प्रकरण का संज्ञान लिया था। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पूरे प्रकरण की जांच करते हुए दोषी के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने के आदेश दिए हैं।

# सत्संग की आधी घड़ी, तप के वर्ष हजार तो भी बराबर है नहीं कहे कबीर विचार : संत रामपाल







**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

लखनऊ जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज का एक दिवसीय सत्संग का आयोजन श्याम शांति शादीघर, मुल्लाही खेड़ा में सम्पन्न हुआ। संत का अद्भुत ज्ञान जो शास्त्रानुकूल है और वह ज्ञान अभी तक ढका छिपा था, उस अनमोल ज्ञान को संत जी जन जन तक पहुंचा रहे हैं। पूर्ण परमात्मा जो परम सुखदायी है। जो समस्त पापों का नाश करने वाला है, उसकी सही-सही जानकारी वेदों में व गीता में वर्णित है, परंतु उसकी सही व्याख्या न प्राप्त होने के कारण जीव स्वर्ग नरक तथा 84 लाख योनियों में भ्रमण करता रहता है। आज संत रामपाल महाराज अध्यात्म की सही और सच्ची जानकारी (तत्वज्ञान) को प्रदान कर रहे हैं। उस सच्चे ज्ञान को प्राप्त कर लाखों-करोड़ों प्राणी अपने मानव जीवन को सफल कर रहे हैं। यह बातें संत रामपाल के विचारों को प्रकट करते हुए मंडल कॉर्डिनेटर भगत रामनारायण ने कही।

तत्वदर्शी संत जी द्वारा दिए गये सद्ज्ञान मानव जहां मानव अपने जीवन को सफल कर रहे हैं वही समाज में फैली बुराइयों को भी दूर करने का अभियान चला रहे हैं। जातिवाद, नशा, भ्रष्टाचार, घूस खोरी ने हमारे समाज को बहुत पीड़ित कर रखा है। इसके साथ दहेज जैसी बुराई ने भी इस समाज को जकड़ रखा है। इस दहेज प्रथा को समाप्त करने के लिए संत रामपाल जी महाराज द्वारा लड़के व लड़कियों की रमैणी (विवाह) करायी जाती है। जिसमें कोई धनराशि नहीं खर्च की जाती है अर्थात दहेज रहित विवाह। इस रमैणी में परमात्मा का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

इस सत्संग के आयोजन कर्ता मंडल कोऑर्डिनेटर भगत रामनारायण ने बताया कि सत्संग के पश्चात लोगों ने निशुल्क नाम दीक्षा प्राप्त की तथा भक्तों के लिए चाय पानी की व्यवस्था भी की गयी। तत्पश्चात एक रमैणी (बिना दहेज विवाह) करायी गयी।

# जेल में बंदी ने शर्ट के सहारे लगाई फांसी, हड़कंप

## बलरामपुर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत, भाई ने लगाया पीटने का आरोप

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

लखनऊ के जिला कारागार में रविवार की शाम विचाराधीन बंदी अजय कुमार ने अस्पताल के निवास में शर्ट के सहारे फांसी लगा ली। बंदी रक्षकों ने उसे उतार कर बलराम पुर अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने जेल में मारपीट कर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। गोसाईगंज पुलिस ने सोमवार को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कृष्णानगर पुलिस ने चार जुलाई को उन्नाव निवासी अजय कुमार (34) नाम के युवक को मारपीट के आरोप जेल भेजा था। भाई विजय के मुताबिक सैरपुर निवासी अजय की पत्नी सुमन घर छोड़कर काफी समय से मायके में रह रही थी। उसने भाई को फोन कर मिलने लिए बुलाया और फिर किसी बात को लेकर विवाद हो गया। सूचना पर पहुंची कृष्णा नगर पुलिस ने उसे जेल भेज दिया था। रविवार शाम को जानकारी हुई कि अजय जेल अस्पताल के पृथक निवास में शर्ट के सहारे लटका मिला। विजय का आरोप है उसे जेल में लोगों ने मारपीट के बाद लटका दिया। उसके सर और नाक पर चोट के निशान इसके गवाह हैं। गोसाईगंज पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



### मानसिक तौर पर था परेशान, परिजनों से भी बना ली थी दूरी

जेल सुपरिटेंडेंट आशीष तिवारी ने बताया कि बीते 7 जुलाई को कृष्णानगर थाना क्षेत्र से उनकी जेल में अजय कुमार को लाया गया। जब वह जेल में आया है, तब उसकी मानसिक स्थित ठीक नहीं है। उसे नींद न आने की बीमारी है, इसे लेकर उसका इलाज भी चल रहा है। 3 अगस्त को जेल में अजय से मिलने के लिए उसकी मां, पत्नी और चाचा आए थे, लेकिन वह मिलने से मना कर दिया था।

### हमीरपुर की युवती का लखनऊ में फंदे से लटका मिला शव पिता बोले- पुत्री के साथ हैवानियत हुई, फिर हत्या की गई

**लखनऊ/हमीरपुर।** लखनऊ में बंधन बैंक में हमीरपुर के लल्पुरा थाना क्षेत्र की रहने वाली 26 वर्षीय युवती कार्यरत थी। रविवार को लखनऊ में कमरे के अंदर उसका शव फांसी पर लटका मिला। मरने से पहले युवती की उसके मंगेतर से फोन से जो बात हुई थी। भाई का आरोप है कि उसकी रिकॉर्डिंग सुनने से जाहिर हो रहा है कि उसके साथ हैवानियत हुई और फिर उसे मारा गया। लखनऊ के सरोजनी नगर थाने में बैंक मैनेजर सहित स्टाफ के 8 लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। लेकिन पुलिस का रवैया टाल-मटोल वाला है। पिता का कहना है कि घटना की लीपा पोती की जा रही है, उन्हें न्याय चाहिए। युवती का शव आज जब उसके पैतृक गांव पहुंचा तो हुजूम उमड़ पड़ा। हर कोई युवती की मौत से सन्न था। मृतका के परिजनों के साथ-साथ मंगेतर ने उसकी मौत का जिम्मेदार बैंक के स्टाफ को ठहराया। मंगेतर का कहना है कि घटना वाली रात उसकी फोन से अपनी होने वाली पत्नी से बात हुई तो वह रो-रोकर कह थी कि वह किसी को मुंह दिखाने लायक नहीं बची। इसके बाद से उसका फोन बंद हो गया था। पिता का कहना है कि पुत्री की मौत की खबर उनसे छिपाई गई। बैंक के किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति ने फोन करके कोई सूचना नहीं दी। बल्कि शव को उठाकर सीधे मॉर्च्युरी पहुंचा दिया गया। घाटमपुर में उनकी एक और पुत्री रहती है। जिसे कहीं से सूचना मिली थी। पिता का कहना है कि उनकी पुत्री के साथ हैवानियत हुई है और फिर उसकी हत्या की गई है। राजधानी लखनऊ की सरोजनी नगर पुलिस इसे ठंडे बस्ते में डालकर बैठ गई है। उन्हें न्याय चाहिए ताकि दोषियों को उनके किए की सजा मिल सके। मृतका तीन बहनों में सबसे छोटी थी। चार वर्ष से बंधन बैंक में कलेक्शन एजेंट के पद पर कार्यरत थी। इससे पहले वह शुक्लागंज और उन्नाव में रहकर नौकरी कर चुकी थी। कुछ दिन पहले ही लखनऊ के सरोजनी नगर में उसका ट्रांसफर हुआ था। बीती 19 जून को युवती की गोद भराई हुई थी। कुछ माह बाद शादी होनी थी। मंगेतर ने बताया कि घटना वाली रात उसकी होने वाली पत्नी से फोन पर बात हुई थी। फोन में उसने रो-रोकर कहा था कि वह किसी को मुंह दिखाने लायक नहीं बची है। बैंक के मैनेजर मुख्य आरोपी हैं। बातचीत की रिकॉर्डिंग भी मंगेतर के पास है। इसके बाद से उसका फोन नहीं उठा। मंगेतर का कहना है कि मृतका के फोन में कई साक्ष्य हैं। जिससे घटना का पर्दाफाश हो सकता है। लेकिन उसका मोबाइल गायब कर दिया गया है।

# मंत्री बनने आए राजभर को कुर्सी के पड़े लाले



**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

2022 के विधानसभा चुनाव में ओम प्रकाश राजभर ने जिस तरह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गालियां दी थी, लगता है कि योगी आदित्यनाथ उस टीस को अभी भूल नहीं पाए हैं। केंद्र की मोदी सरकार ने भले ही राजभर की बातों को भूला दिया हो और फिर से उनकी पार्टी सुभासपा को एनडीए में शामिल कर लिया हो, मगर योगी आदित्यनाथ सुभासपा चीफ ओम प्रकाश राजभर को गाहे बगाहे इस बात का एहसास करा ही देते हैं कि उन्होंने योगी को क्या-क्या कहा था।

केंद्र नरम, मगर योगी नहीं दे रहे भाव राजनीति में सिर्फ बयान ही नहीं बल्कि व्यवहार, हाव भाव, बोल चाल यहां तक की पहनावे की भी एक अलग ही भाषा होती है, जिसका संदेश दूर तक जाता है। गृह मंत्री अमित शाह ने ओम प्रकाश राजभर से 16 जुलाई को मुलाकात की और एक फोटो ट्वीट करते हुए लिखा, 'राजभर जी का एनडीए में स्वागत है। राजभर जी के आने से यूपी में एनडीए को मजबूती मिलेगी।' इसके बाद यूपी के सभी नेताओं ने सोशल मीडिया पर राजभर की घर वापसी को हाथों हाथ लिया और बधाई संदेश जारी किए, मगर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें बधाई तक नहीं दी। 21 जुलाई को ओम प्रकाश राजभर अपने दोनों बेटों के साथ योगी आदित्यनाथ से मिले, मगर चेहरे बता रहे थे कि अब वो पहले वाली बात नहीं रही। योगी आदित्यनाथ ने ना ही अपने निजी हैंडिल और ना ही अपने ऑफिस के हैंडिल से मुलाकात की बाबत कोई जानकारी साझा की। इसी बीच ओम प्रकाश राजभर दिल्ली में एनडीए के घटक दलों की बैठक में भी शामिल हुए, जिसमें प्रधानमंत्री ने गर्मजोशी से उनके साथ हाथ मिलाया और उस मुलाकात की तस्वीरें भी सोशल मीडिया में छाई रहीं।

# अस्थायी डीजीपी केस में सुप्रीम कोर्ट में दायर अवमानना याचिका खारिज

## सीजेआई ने याचिकाकर्ता से कहा- अवमानना नहीं नियुक्ति पर दखिल करें नई याचिका

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ/नई दिल्ली**

यूपी में अस्थायी डीजीपी के मामले में सुप्रीम कोर्ट में दायर अवमानना याचिका को 3 जजों की बेंच ने खारिज कर दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूण, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने याचिकाकर्ता से पूछा कि आप इस मामले से कैसे सीधे प्रभावित हैं ?

जस्टिस मनोज मिश्रा ने कहा कि जो डीजीपी की अस्थायी तैनाती से सीधे प्रभावित हैं, वो खुद आकर अवमानना की याचिका दाखिल करें। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूण ने अवमानना याचिका को खारिज करते हुए कहा कि आप अस्थाई डीजीपी की तैनाती की नियुक्ति को लेकर नई याचिका दाखिल कर सकते हैं।

याचिकाकर्ता ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शकंर मिश्रा और प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद को प्रतिवादी बनाते हुए यह केस दायर किया था। बुलंदशहर के रहने वाले कृष्ण कुमार ने सुप्रीम कोर्ट में ये याचिका लगाई है। कृष्ण कुमार तांत्रिक चंद्रा स्वामी



के निजी सचिव रह चुके हैं। पिछले 15 महीने से देश के सबसे बड़े राज्य के पास पूर्णकालिक पुलिस चीफ नहीं है, कार्यवाहक से काम चलाना पड़ रहा है। देश की सबसे बड़ी फोर्स यूपी पुलिस के पास तमाम जांबाज आईपीएस अफसर हैं, मगर 1987 बैच के आईपीएस मुकुल गोयल को हटाने के बाद प्रदेश सरकार अभी तक परमानेंट डीजीपी की तैनाती नहीं कर पा रही है।

अब तक प्रदेश को लगातार तीन कार्यवाहक डीजीपी मिल चुके हैं, अभी भी कानून व्यवस्था कार्यवाहक डीजीपी के भरोसे ही चल रही है। मुकुल गोयल को 11 मई 2022 को यूपी के डीजीपी पद से शासकीय कार्यों की अवहेलना करने, विभागीय कार्यों में रुचि नहीं लेने और अकर्मण्यता का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ने पद से हटा दिया था और उन्हें डीजी सिविल डिफेंस बना दिया गया था।

### यूपीएससी पूछ रहा मुकुल गोयल को क्यों हटाया?

उसके बाद नए डीजीपी के लिए प्रदेश सरकार ने जो प्रस्ताव संघ लोक सेवा आयोग को भेजा था उसे बैरंग वापस लौटा दिया गया था। यूपीएससी ने प्रदेश सरकार से ये सवाल किया था कि मुकुल गोयल को डीजीपी के पद पर न्यूनतम 2 वर्ष की अवधि पूरा करने से पहले हटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों का पालन किया गया है या नहीं?

### जानिए प्रकाश सिंह केस 2006 का फैसला

यूपीएससी ने सुप्रीम कोर्ट के प्रकाश सिंह के 2006 के फैसले का जिक्र करते हुए पत्र में पूछा था कि डीजीपी का कार्यकाल कम से कम दो वर्ष का होना चाहिए, इस दौरान अगर डीजीपी की कुर्सी पर बैठा अफसर रिटायर भी हो रहा हो तो उसे 2 वर्ष का कार्यकाल पूरा दिया जाएगा। इससे पहले उन्हें आल इंडिया सर्विस रूल्स के उल्लंघन के तहत ही हटाया जा सकता है। जैसे आपराधिक मामले में सजा, भ्रष्टाचार का मामला साबित होने या डयूटी निभाने में अक्षमता के मामले में समय पूर्व ही उन्हें पद से हटाया जा सकता है। संघ लोक सेवा आयोग 13 सितम्बर 2022 को यूपी सरकार को भेजी गई चिटठी में पूछा है, अगर इस तरह के किसी भी मामले में मुकुल गोयल के खिलाफ कोई भी दस्तावेज हैं तो उसे उपलब्ध कराया जाए। अगर कोई भी सबूत 1987 बैच के आइपीएस अफसर मुकुल गोयल के खिलाफ नहीं है तो उन्हें हटाना सीधे-सीधे सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अवहेलना नहीं मानी जाएगी?

# महिला शिक्षकों का निदेशालय पर प्रदर्शन

## रिलीविंग न मिलने से 69 हजार भर्ती शिक्षकों ने दिया धरना; नारेबाजी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

लखनऊ में सोमवार को 69 हजार शिक्षक भर्ती बैच की महिला शिक्षकों ने धरना दिया।शिक्षा निदेशालय के शिविर कार्यालय में र प्रदर्शन करते हुए स्थानांतरण के बावजूद कार्यमुक्ति का आदेश न मिलने का मुद्दा उठाया। महिला शिक्षकों ने आरोप लगाया कि कार्यमुक्ति का मामला कोर्ट में भी नहीं फिर भी इसमें पेंच फंसाया जा रहा हैं। अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए ट्रांसफर के बाद भी रिलीविंग ऑर्डर जारी न करने की बात कही। करीब महीने भर पहले 10 जुलाई को भी तमाम जनपदों से आई



महिला शिक्षकों ने निदेशालय पहुंचकर प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन में पीलीभीत से आई शिक्षक रेखा सिंह ने बताया कि 69 हजार शिक्षक भर्ती के तहत नियुक्ति हुई थी। सारे मानकों को पूरा करने के बाद सरकार ने ट्रांसफर दिया हैं पर 13 मार्च को महेंद्र पाल सिंह की याचिका का हवाला देकर ट्रांसफर के बाद अचानक से रिलीविंग पर रोक लगा दिया। साथ में 200 महिला शिक्षक हैं पर अभी तक कोई आश्वासन नहीं मिला हैं।

# टीटीके प्रेस्टीज ने लॉन्च की 'ट्राइ-प्लाय स्वच्छ हांडी'

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

टीटीके प्रेस्टीज, टिकाऊ, अभिनव एवं तरह-तरह के उपयोग वाले रसोईघर उपकरण बनाने वाला मशहूर ब्रैंड, ने अपने कुकवेयर कलेक्शन में नए प्रोडक्ट ट्राइ-प्लाय स्वच्छ हांडी की पेशकश की है। यह ट्राइ-प्लाय कुकर बेहद मजबूत और प्रभावी है और इसे अपनी अनूठी खूबियों के साथ खाना पकाने के अनुभवों में बदलाव लाने के लिये डिजाइन किया गया है।





रसोईघर को साफ और हाइजीनिक रखना हर घर के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण होता है। इस काम को आसान बनाने के लिये ऐसे कुकवेयर और उपकरण चुनना जरूरी है, जिनकी सफाई आसानी से हो सके। ट्राइ-प्लाय स्वच्छ हांडी आपकी कुकवेयर श्रृंखला का ऐसा ही एक महत्वपूर्ण विस्तार है, जो रसोईघर को साफ रखने के लिये है। इस कुकवेयर में स्पिलेज कंट्रोल डिजाइन दी गई है जिससे खाना पकाना बेहद आसान और परेशानी रहित हो जाता है। इसके अलावा, इसकी अभिनव डीप लिड डिजाइन प्रभावी तरीके से छलकाव और छींटों को रोकती है, ताकि वे रसोईघर के काउंटरटॉप और स्टोवटॉप में न फैलें। साफ करने की जरूरत को कम करते हुए यह न सिर्फ समय और मेहनत की बचत करता है, बल्कि कुकिंग की जगह को स्वच्छ और व्यवस्थित भी रखता है। ट्राइ-प्लाय स्वच्छ हांडी को मोटे गॉज एल्युमिनियम से बनाया गया है, जिससे ऊष्मा का उन्नत वितरण सुनिश्चित होता है और एक जैसी तथा पूरी कुकिंग की गारंटी मिलती है। मजबूत फूड-ग्रेड स्टेनलेस-स्टील की भीतरी सतह के साथ यह कुकवेयर टिकाऊपन के मामले में बेहतरीन है और पाककला के सभी प्रयासों के लिये निर्भर होने योग्य एक साथी बन जाता है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# लव मैरिज पर गुजरात सीएम के बयान का कुछ तो असर होगा ही

**देखा जाय तो संविधान बालिग को स्वेच्छा से विवाह करने का अधिकार देता है। बनिस्बत लड़की 18 साल की हो और लड़का 21 साल का हो। और दोनों अपनी पूरी सोच-समझ से किसी रिश्ते को करना चाहते हैं कानून में कहीं पर अड़चन नहीं है। कहीं पर भी कानून में यह नहीं लिखा है कि प्रेम विवाह करना चाहे तो उसको अपने अभिभावकों की इजाजत लेनी पड़ेगी या जब तक वो हां नहीं बोलेंगे तब तक आप शादी नहीं कर सकते। साधारण बात है, आप अगर भारत के नागरिक हैं, लड़की अगर 18 साल की है, लड़का 21 साल का है तो उनके लिए कोई कानूनी अड़चन नहीं है।**

*माता-पिता की सहमति के बिना की गई शादियां राज्य में अपराध दर को बढ़ाती हैं और यदि ऐसे विवाह माता-पिता की सहमति से पंजीकृत होते हैं, तो अपराध दर में 50 प्रतिशत की कमी आएगी उन्होंने सरकार से मौजूदा कानूनों में संशोधन करने और कोर्ट मैरिज के लिए माता-पिता की सहमति को अनिवार्य बनाने का आग्रह किया। उन्होंने दावा किया, कालोल में ऐसे कई मामले हैं जहां लड़कियों को असामाजिक लोगों द्वारा बहकाया गया और अपहरण कर लिया गया। उन्हें बचाने के लिए ऐसा संशोधन जरूरी है। कांग्रेस विधायक गेनी ठाकोर ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम में प्रेम विवाह के संबंध में कानून में पर्याप्त बदलाव करने की मांग कुछ समय से उठाई जा रही है और कहा कि नेता पूरी तरह से प्रेम विवाह के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में लड़कियों को उत्पीड़न का सामना न करना पड़े। इस हलचल के बाद समाज में एक नई बहस की शुरुवात हो गई है। वैसे देखा जाय तो संविधान बालिग को स्वेच्छा से विवाह करने का अधिकार देता है। बनिस्बत लड़की 18 साल की हो और लड़का 21 साल का हो। और दोनों अपनी पूरी सोच-समझ से किसी रिश्ते को करना चाहते हैं कानून में कहीं पर अड़चन नहीं है। कहीं पर भी कानून में यह नहीं लिखा है कि प्रेम विवाह करना चाहे तो उसको अपने अभिभावकों की इजाजत लेनी पड़ेगी या जब तक वो हां नहीं बोलेंगे तब तक आप शादी नहीं कर सकते। साधारण बात है, आप अगर भारत के नागरिक हैं, लड़की अगर 18 साल की है, लड़का 21 साल का है तो उनके लिए कोई कानूनी अड़चन नहीं है कि वो ऑलरेडी मैरिड हैं, मतलब कि उनका स्पाउस लिविंग है या डायवोर्स नहीं हुआ है, या कुछ नहीं हुआ। वे दोनों अगर फ्री हैं तो वे शादी कर सकते हैं। बहरहाल, गुजरात सरकार ने अगर ये बात सोची है, तो मैं इसमें कोई कानूनी औचित्य नहीं है। कोई भी तरह की लव मैरेज हो या अरेंज मैरेज हो, उसके लिए परमिशन लेने की जरूरत नहीं पड़ती है। जब तक आप माता-पिता से परमिशन नहीं लेंगे तब तक शादी नहीं कर सकते, ऐसा कहीं कानून में नहीं है। गौरतलब है कि अगर गुजरात सरकार अगर इसके बारे में सोच रही है कि इस तरह का कोई कानून लेकर आएं तो यह बात समझ के बाहर है कि कौन से कानून के तहत वो उसको कानूनी जामा पहना सकते हैं। और सरकार का कोई भी कानून होता है, वो संविधान से बाहर नहीं हो सकता है, संविधान के तहत होगा। संवैधानिक अधिकार जो भारत के हर नागरिक का है, वो यही है कि आप अपनी इच्छा से अपने जीवन को जी सकते हैं, जब तक कि आप किसी और के मौलिक अधिकार पर हस्तक्षेप नहीं करें, कहीं पर उल्लंघन नहीं करें। आपका जन्म सिद्ध अधिकार है कि आप अपने जीवन को जैसे बिताना चाहें, बिता सकते हैं। आपको जो मौलिक अधिकार मिले हुए हैं, सबसे बड़ा अधिकार है स्वेच्छा से आप कहीं भी आ जा सकते हैं और अपने जीवन को उसी तरीके से स्वाभिमान के साथ जी सकते हैं। आप किसी भी धर्म का पालन कर सकते हैं, आप किसी भी पुरुष, महिला से व्यवहार कर सकते हैं। आप अरैंज मैरेज करना चाहते हैं, अरैंज मैरेज कीजिए। जैसे किसी धर्म के तहत करते हैं। अगर आप हिंदू हैं तो हिंदू विवाह अधिनियम के तहत करेंगे, आप मुसलमान हैं तो मुस्लिम पर्सनल लॉ के हिसाब से करेंगे। अगर आप धर्म के तहत नहीं करना चाहते तो स्पेशल मैरेज एक्ट में जाकर किसी भी धर्म के अगर हों, तो आप वहां पर विवाह कर सकते हैं। वहां पर आपसे ये नहीं पूछेंगे कि आपके माता-पिता की सहमति है कि नहीं है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**लोकसभा में विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर जब चर्चा होगी तब भी यही सवाल विपक्षी गठबंधन के सामने खड़ा होगा कि संख्या बल नहीं होने के बावजूद आखिर अविश्वास प्रस्ताव लाने का मकसद क्या है? सरकार को घेरना?, विपक्षी दलों को एकजुट करना?, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला बोलना?, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सदन में भाषण देने के लिए मजबूर करना या अपनी ताकत दिखाना? ऐसे में अब सबकी निगाहें 8 अगस्त को चर्चा की शुरुआत होने से ज्यादा इस बात पर टिकी होंगी कि सरकार के विरोध में सदन के अंदर तीखे भाषण देने वाले ये विपक्षी दल 10 अगस्त को सदन में अपने ही द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग करवा कर अपनी ताकत दिखाएंगे या नहीं?**

# अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले विपक्ष के नेताओं को खुद पर ही विश्वास नहीं?



-संतोष पाठक

**या विपक्षी एकता की धुरी बनी कांग्रेस और नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू यह सुनिश्चित कर पाएगी कि आईएनडीआईए गठबंधन में शामिल सभी राजनीतिक दलों के सांसद लोकसभा में सरकार के खिलाफ मतदान के दौरान मौजूद रहें और सरकार के खिलाफ वोट करें?**

अब सबकी निगाहें 8 अगस्त को चर्चा की शुरुआत होने से ज्यादा इस बात पर टिकी होंगी कि सरकार के विरोध में सदन के अंदर तीखे भाषण देने वाले ये विपक्षी दल 10 अगस्त को सदन में अपने ही द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग करवा कर अपनी ताकत दिखाएंगे या नहीं? केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ लोकसभा में विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर सदन में मंगलवार से चर्चा शुरू होनी है। मंगलवार यानी 8 अगस्त से अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत होगी। मंगलवार, बुधवार और गुरुवार यानी 10 अगस्त तक लोकसभा में सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होगी। लोकसभा के सदस्य संख्या के आधार पर देखा जाए तो सरकार को विपक्ष द्वारा लाए गए इस अविश्वास प्रस्ताव के कारण फिलहाल कोई खतरा बिल्कुल नजर नहीं आ रहा है। लोकसभा में बीजेपी के पास अपने दम पर बहुमत है। भाजपा के पास 301 सांसद हैं जो विपक्षी दलों द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को गिराने के लिए काफी हैं। अगर इसमें एनडीए के सहयोगी दलों के सांसदों का आंकड़ा जोड़ दिया जाए तो यह आंकड़ा 331 को भी पार कर जाता है। जैसा कि आप जानते हैं कि बीजू जनता दल और वाईएसआर कांग्रेस- इन दोनों राजनीतिक दलों ने भी विपक्षी द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ मोदी सरकार का साथ देने का फैसला किया है। लोकसभा में बीजू जनता दल के फिलहाल 12 सांसद हैं वहीं वाईएसआर कांग्रेस के सांसदों की संख्या 22 है। बीजू जनता दल और वाईएसआर कांग्रेस के सांसदों की संख्या मिलाने के बाद सरकार के समर्थक सांसदों का आंकड़ा बढ़कर 365 तक पहुंच जाता है और यह विपक्षी दलों की गोलबंदी की तुलना में कहीं ज्यादा है। ऐसे में पहला सवाल तो यही खड़ा हो रहा है की आंकड़ा पक्ष में नहीं होने के बावजूद विपक्षी दल मोदी सरकार के खिलाफ यह अविश्वास प्रस्ताव क्यों लेकर आए हैं ? विपक्षी दल एकजुट होकर आईएनडीआईए नाम से गठबंधन तो बना चुके हैं लेकिन नंबर के आधार पर जब इस गठबंधन की ताकत को दिखाने का असली समय आया तो विपक्षी दलों ने वोटिंग करवाने की बजाय वॉकआउट करना ज्यादा बेहतर समझा। दिल्ली सरकार के अधिकार को लेकर लोक सभा में बिल पास होने के दौरान विपक्षी दल चाहते तो डिवीज़न की मांग कर सदन में वोटिंग करवा कर अपनी ताकत दिखा सकते थे लेकिन उन्होंने उस समय ऐसा नहीं किया। ऐसे में सवाल यही उठता है कि वोटिंग की मांग किए बिना विपक्षी गठबंधन अपनी ताकत को कैसे जाहिर कर सकता है क्योंकि लोकतंत्र संख्या की गिनती का खेल है और आपको यह तो बताना ही चाहिए कि आपके साथ कितने सांसद और कितने राजनीतिक दल सदन के अंदर खड़े हैं। दरअसल, लोकसभा में विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर जब चर्चा होगी तब भी यही सवाल विपक्षी गठबंधन के सामने खड़ा होगा कि संख्या बल नहीं होने के बावजूद आखिर अविश्वास प्रस्ताव लाने का मकसद क्या है? सरकार को घेरना?, विपक्षी दलों को एकजुट करना?, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला बोलना?, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सदन में भाषण देने के लिए मजबूर करना या अपनी ताकत दिखाना? ऐसे में अब सबकी निगाहें 8 अगस्त को चर्चा की शुरुआत होने से ज्यादा इस बात पर टिकी होंगी कि सरकार के विरोध में सदन के अंदर तीखे भाषण देने वाले ये विपक्षी दल 10 अगस्त को सदन में अपने ही द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग करवा कर अपनी ताकत दिखाएंगे या नहीं? क्या विपक्षी एकता की धुरी बनी कांग्रेस और नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू यह सुनिश्चित कर पाएगी कि आईएनडीआईए गठबंधन में शामिल सभी राजनीतिक दलों के सांसद लोकसभा में सरकार के खिलाफ मतदान के दौरान मौजूद रहें और सरकार के खिलाफ वोट करें? देखने वाली बात यह भी होगी कि अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्षी दलों का फोकस मणिपुर की घटना पर ज्यादा होगा या मोदी सरकार के 9 साल के कामकाज पर ज्यादा होगा या 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव का एजेंडा सेट करने पर ज्यादा होगा? संख्या बल ना होने के बावजूद अविश्वास प्रस्ताव लाने का विपक्षी दलों का सबसे बड़ा मकसद अपनी ताकत दिखाने के साथ-साथ आम जनता को एक राजनीतिक संदेश भी देना है। ऐसे में विपक्षी दलों की सबसे बड़ी परीक्षा तो यह है कि एक तरफ उन्हें गठबंधन से बाहर के राजनीतिक दलों को भी अपने साथ जोड़कर यह दिखाना होगा कि आईएनडीआईए गठबंधन की स्वीकार्यता अन्य राजनीतिक दलों में भी बढ़ रही है तो वहीं इसके साथ ही दूसरी तरफ उन्हें देश की जनता को भी भरोसा दिलाना होगा कि उनका गठबंधन केंद्र की मोदी सरकार के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन का विकल्प बनने के लिए तैयार है और ना केवल तैयार है बल्कि विकल्प बनने जा रहा है। क्योंकि एक बात तो बिल्कुल साफ है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देने के लिए जब सदन में खड़े होंगे तब अपने स्टाइल के मुताबिक लोकसभा में गांधी परिवार, राहुल गांधी और कांग्रेस सहित विपक्षी एकता के चेहरे बने तमाम नेताओं पर तीखा हमला भी करेंगे, अपनी सरकार की उपलब्धियां भी गिनाएंगे, पिछली सरकार के घपले और घोटालों की बात भी करेंगे और देश की जनता को 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए बड़ा राजनीतिक संदेश भी देंगे और इसी को काउंटर करना और वह भी लोकसभा के अंदर काउंटर करना विपक्षी दलों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है क्योंकि अगर वह ऐसा नहीं कर पाती है तो उसके द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का फायदा उसकी बजाय प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा और एनडीए गठबंधन उठा कर ले जाएगी।



**चर्चा के दौरान विपक्षी दलों का फोकस मणिपुर की घटना पर ज्यादा होगा या मोदी सरकार के 9 साल के कामकाज पर ज्यादा होगा या 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव का एजेंडा सेट करने पर ज्यादा होगा? संख्या बल ना होने के बावजूद अविश्वास प्रस्ताव लाने का विपक्षी दलों का सबसे बड़ा मकसद अपनी ताकत दिखाने के साथ-साथ आम जनता को एक राजनीतिक संदेश भी देना है।**




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अष्टमी 27:53 तक |
| नक्षत्रः | भरणी 25:33 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | गांदा, 16:42 तक |
| सूर्योदयः | 05:49 |
| सूर्यास्तः | 19:02 |
| चंद्रमाः | मेष राशि में |
| राहुकालः | 15:44-16:23 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | श्रावण (अधिकमास) |
| शुभ मुहूर्तः | 11:59-12:52 |

# जन एक्सप्रेस

### हुए हैं बहाल !

*आ गए हैं काम पर ।*
*हुए हैं बहाल ।।*
*अंदर जाकर पूछेंगे ।*
*कभी भी सवाल ।।*
*मिल रहीं बधाईयां ।*
*सत्य गया है जीत ।।*
*झूम रहे प्रशंसक ।*
*रही है जिनसे प्रीति ।।*
*सजग रह कर टिप्पणी ।*
*आगे रहने वाली ।।*
*ना आ जाए सूखा ।*
*है मिली हरियाली ।।*
*धीरे धीरे संयमित ।*
*करना फिर प्रहार ।।*
*है होना आक्रामक ।*
*जो अपना अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*अजनबी बस्ती है, अजनबी सा बसेरा,*
*हवाएं जाएंगी जहां, हमारा वहां सवेरा।*
*चंद पल के अंधेरों से ओझल नहीं सूरज,*
*रवि फिर चमकेगा सजेगा नया सवेरा।*
*नन्ही चिड़ियों का होगा मीठा कलरव,*
*बसेगा सांवली जिंदगी का रुपहला सवेरा।*



*तमस नहीं कोई अंतिम परिणति,*
*नन्हें हाथ लाएंगे सूरज का सुनहरा चेहरा,*
*फिर महकेंगे बाग, उपवन और कलियां,*
*भँवरो के गुंजन से लजाएगा यौवन का सुनहरा सवेरा।*

-संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*ज्ञान तीन प्रकार से मिल सकता है – मनन से, जो सबसे श्रेष्ठ होता है, अनुसरण से, जो सबसे सरल होता है और अनुभव से, जो सबसे कड़वा होता है।*

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# बालों की कई समस्याएं दूर करता है क्रैनबेरी का जूस




मानसून में लोगों के बाल बहुत तेजी से झड़ते हैं। कुछ लोगों के बाल तो गुच्छों में झड़ने लगते हैं। इसलिए इन दिनों बालों को अधिक देखभाल की आवश्यकता होती है। क्या आप जानते हैं, अगर आप बालों में क्रैनबेरी के जूस का प्रयोग करें, तो इससे आपको बालों को मजबूत बनाने और कई अन्य समस्याओं से भी छुटकारा पाने में मदद मिल सकती है? जी हां, आपने बिल्कुल सही पढ़ा! शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए तो हम सभी क्रैनबेरी और इसके जूस का सेवन करते हैं। एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन ए, सी और ई से भरपूर होने की वजह से यह हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी लाभकारी होते हैं। बालों से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में भी यह आपकी कई तरह से मदद कर सकता है। लेकिन क्या आप जानते हैं, सिर्फ इनके सेवन से ही नहीं, बल्कि बालों में सीधे तौर पर प्रयोग करने से भी यह बहुत लाभ प्रदान करेगा। यह बालों के रोम और स्कैल्प को बाहरी रूप से पोषण प्रदान करने और उन्हें मजबूत बनाने में मदद करता है। यह डैंड्रफ, स्कैल्प की एलर्जी, ड्राई और फ्रिजी हेयर, समय से पहले बालों का सफेद होने की समस्या दूर करने और हेयर फॉल कंट्रोल करने के लिए एक रामबाण उपाय साबित हो सकता है। इस लेख में हम आपको इसके लाभ के कुछ आसान तरीके बता रहे हैं।

बालों में क्रैनबेरी जूस कैसे लगाएं-

**1. सीधे तौर पर लगाएं :** आप सिर धोने से 30 मिनट पहले बालों में क्रैनबेरी का जूस बालों में लगाकर छोड़ सकते हैं। इसके सूखने का इंतजार करें और उसके बाद बाल धो लें। इससे स्कैल्प की एलर्जी दूर करने में मदद मिलेगी।

**2. अंडे में मिलाकर लगाएं :** एक अंडे का सफेद भाग लेकर, इसमें जरूरत के अनुसार क्रैनबेरी जूस और थोड़ा सा नींबू का रस डालें। इसे अच्छी तरह मिक्स करें और स्कैल्प से लेकर और दो मुंहे बालों तक अच्छी तरह लगाएं। 20-30 मिनट के लिए लगाकर छोड़ दें और उसके बाद सिर धो लें। यह बालों को पोषण और मजबूती प्रदान करने में मदद करेगा।

**3. तेल में मिलाकर लगाएं :** आप अपने हेयर ऑयल में भी क्रैनबेरी जूस मिक्स करके लगा सकते हैं। इससे आपको बालों को तेल और जूस दोनों का लाभ मिलेगी। इस मिश्रण को कम से कम 4 घंटे के लिए बालों में लगाकर रखें और उसके बाद शैंपू से सिर धो लें।

**4. एलोवेरा जेल मिलाकर लगाएं:** बालों की कई समस्याओं के लिए एलोवेरा जेल एक रामबाण उपाय है। आप एलोवेरा और क्रैनबेरी जूस का प्रयोग हेयर मास्क की तरह कर सकते हैं। एक कटोरी में जरूरत के अनुसार एलोवेरा जेल लें और इसें क्रैनबेरी जूस के साथ ही नींबू का रस भी डालें। सभी सामग्रियों को अच्छी तरह मिक्स करें और बालों में लगाकर छोड़ दें। स्कैल्प और दोमुंहे बालों तक इस पेस्ट को अच्छी तरह लगाएं। 30 मिनट के बाद सिर धो लें।

इस तरह क्रैनबेरी जूस का सप्ताह में 2-3 बार बालों में प्रयोग करें। इसे आपके बालों का झड़ना कम होता है, बाल प्राकृतिक मजबूत और शाइनी बनेंगे।

## एक्सप्रेस विशेष

# वृद्धों को बंधन नहीं, आत्म-गौरव के रूप में स्वीकारें



-ललित गर्ग

**यदि परिवार के वृद्ध कष्टपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं, रुग्णावस्था में बिस्तर पर पड़े कराह रहे हैं, भरण-पोषण को तरस रहे हैं तो यह हमारे लिए वास्तव में लज्जा एवं शर्म का विषय है। पर कौन सोचता है, किसे फुर्सत है, वृद्धों की फिक्र किसे हैं? भौतिक जिंदगी की भागदौड़ में नई पीढ़ी नए-नए मुकाम ढूंढने में लगी है।**

**आज वृद्धजन अपनों से दूर जिंदगी के अंतिम पड़ाव पर कवीन्द्र-रवीन्द्र की पंक्तियां गुनगुनाने को क्यों विवश है-'दीर्घ जीवन एकटा दीर्घ अभिशाप', दीर्घ जीवन एक दीर्घ अभिशाप है।**

**विश्व** वरिष्ठ नागरिक दिवस समाज एवं परिवार के निर्माण की दिशा में वरिष्ठ नागरिकों द्वारा किए गए प्रयासों को मान्यता देने के लिए मनाया जाने वाला एक प्रयोजनात्मक अवसर एवं उत्सव है। यह दिन उन तरीकों को खोजने के लिए भी मनाया जाता है कि कैसे समाज में बुजुर्ग लोगों की उपेक्षाओं एवं उनके प्रति बरती जा रही उदासीनता की त्रासदी से उन्हें मुक्ति देकर उन्हें सुरक्षा कवच मानने की सोच को विकसित किया जाये ताकि वृद्धों के स्वास्थ्य, निष्कंटक एवं कुंठरहित जीवन को प्रबंधित किया जा सकता है। वृद्धों को बंधन नहीं, आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा है। संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन द्वारा प्रारंभ किये इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य संसार के बुजुर्ग लोगों को सम्मान देने के अलावा उनकी वर्तमान समस्याओं के बारे में जनमानस में जागरूकता बढ़ाना है। प्रश्न है कि दुनिया में वृद्ध दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों हुई? क्यों वृद्धों की उपेक्षा एवं प्रताड़ना की स्थितियां बनी हुई है? वृद्धों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा के इस गलत प्रवाह को रोके। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। नये विश्व की उन्नत एवं आदर्श संरचना बिना वृद्धों की सम्मानजनक स्थिति के संभव नहीं है। वर्तमान युग की बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि वृद्ध अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, वृद्धों की उपेक्षा स्वस्थ एवं सुसंस्कृत परिवार परम्परा पर काला दाग है। परिवार के वृद्ध हमें कभी बोझ के रूप में दिखाई न दें, हमें यह कभी नहीं सोचना है कि इनकी उपस्थिति हमारी स्वतंत्रता को बांधित करती है। उन्हें पारिवारिक धारा में बांधकर रखा जाये। लेकिन हम सुविधावादी एकांगी एवं संकीर्ण सोच की तंग गलियों में भटक रहे हैं तभी वृद्धों की आंखों में भविष्य को लेकर भय है, असुरक्षा और दहशत है, दिल में अन्तहीन दर्द है। इन त्रासद एवं डरावनी स्थितियों से वृद्धों को मुक्ति दिलानी होगी। सुधार की संभावना हर समय है। हम पारिवारिक जीवन में वृद्धों को सम्मान दें, इसके लिये सही दिशा में चले, सही सोचें, सही करें। इसके लिये आज विचारक्रांति ही नहीं, बल्कि व्यक्तिक्रांति एवं परिवार-क्रांति की जरूरत है। हमारा भारत तो बुजुर्गों को भगवान के रूप में मानता है। इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण है कि माता-पिता की आज्ञा से भगवान श्रीराम जैसे अवतारी पुरुषों ने राजपाट त्याग कर वनों में विचरण किया, मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार ने अपने अन्धे माता-पिता को काँवड़ में बैठाकर चारधाम की यात्रा कराई। फिर क्यों आधुनिक समाज में वृद्ध माता-पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है। कटू सत्य है कि वृद्धावस्था जीवन का अनिवार्य सत्य है। जो आज युवा है, वह कल बूढ़ा भी होगा ही, लेकिन समस्या की शुरुआत तब होती है, जब युवा पीढ़ी अपने बुजुर्गों को उपेक्षा की निगाह से देखने लगती है और उन्हें अपने बुढ़ापे और अकेलेपन से लड़ने के लिए असहाय छोड़ देती है। आज वृद्धों को अकेलापन, परिवार के सदस्यों द्वारा उपेक्षा, तिरस्कार, कटुक्तियां, घर से निकाले जाने का भय या एक छत की तलाश में इधर-उधर भटकने का गम हरदम सालता रहता। वृद्ध लोगों के लिये यह जरूरी है कि वे वार्धक्य को ओढ़े नहीं, बल्कि जीएं। वृद्ध समाज इतना कुंठित एवं उपेक्षित क्यों है, एक अहम प्रश्न है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार अनेक स्वस्थ एवं आदर्श समाज-निर्माण की योजनाओं को आकार देने में जुटी है, उन्हें वृद्धों को लेकर भी चिन्तन करते हुए वृद्ध-कल्याण योजनाओं को लागू करना चाहिए, ताकि वृद्धों की प्रतिभा, कौशल एवं अनुभवों का नये भारत-सशक्त भारत के निर्माण में समुचित उपयोग हो सके एवं आजादी के अमृतकाल को वास्तविक रूप में अमृतमय बना सके। अपने को समाज एवं परिवार में एक तरह से निष्प्रयोज्य समझे जाने के कारण वृद्ध सर्वाधिक दुःखी रहता है। वृद्ध समाज को इस दुःख और संत्रास से छुटकारा दिलाने के लिये सरकार के द्वारा ठोस प्रयास किये जाने की बहुत आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र ने विश्व में बुजुर्गों के प्रति हो रहे दुर्व्यवहार और अन्याय को समाप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय है। यह सच्चाई है कि एक पेड़ जितना ज्यादा बड़ा होता है, वह उतना ही अधिक झुका हुआ होता है यानि वह उतना ही विनम्र और दूसरों को फल देने वाला होता है।

# सावन मेले में पुलिस सक्रियता की पोल खोल रहे चोर उचक्के, सात श्रद्धालुओं के मोबाइल हुए गायब

जन एक्सप्रेस | 000

गोला गोकर्णनाथ खीरी।साठ दिवसीय सावन मेले में एक ओर कांवरियों की व्यवस्था के नाम पर पुलिस और प्रशासन मनमानी करने पर आमादा है। या है कि पूरे तीर्थ मोहल्ले को जगह-जगह मनमानी और अनावश्यक बैरिकेटिंग लगाकर बंधक बनाकर रखा गया है वहीं दूसरी ओर इस सक्रिय पुलिस का चोर उचक्कों पर कोई भी अंकुश नहीं है। सावन के पांचवें सोमवार को सात श्रद्धालुओं के एंड्राइड मोबाइल गायब हो गए।

बता दें कि सावन मेले के चलते भगवान भोलेनाथ के मंदिर परिसर और उसके आसपास किसी श्रद्धालु की पर्स गायब हो चुकी है तो किसी के कुंडल छीने जा चुके हैं। किसी की जेब कतरी हुई है। इस तरीके की घटनाएं मेले में आम बात हो गई है। सावन के पांचवें सोमवार को छह श्रद्धालुओं के सात एंड्राइड मोबाइल उचक्कों ने पार कर दिए। पीड़ित श्रद्धालु रिपोर्ट दर्ज करने के लिए जब कोतवाली पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें टरकाते हुए भगा दिया और उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। परिणाम यह निकला कि पीड़ित लोगों ने ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गौतम कुमार जोशी निवासी हरगांव जिला सीतापुर, प्रियम भारद्वाज निवासी फर्रुखाबाद, शिवम कश्यप निवासी सलारपुर, रूपांशी मिश्रा निवासी कुम्हार टोला गोला,दुर्गेश कुमार निवासी ग्राम नवदिया उरई लाल जनपद पीलीभीत के एक एक और राजेश सिंह ग्राम अमरता थाना फतेहगंज के दो मोबाइल चोरी हुए। पीड़ित लोगों ने सबसे पहले कोतवाली पहुंचकर अपने मोबाइल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया परंतु पुलिस ने अपनी परंपरागत कार्यशैली के चलते किसी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की मजबूरन पीड़ितों को ई रिपोर्ट दर्ज करानी पड़ी।सावन मेले में चोर उच्चको की सक्रियता पर पुलिस की कोई लगाम ना होने के कारण श्रद्धालु काफी परेशान है और उन्हें भारी क्षति उठानी पड़ रही है। पुलिस का आलम यह है कि मेले में कोई सामान गायब हो जाए या घटना हो जाए तो उसकी रिपोर्ट दर्ज करना मुनासिब नहीं समझती है।

जगह जगह पर अनावश्यक वेरीकेटिंग करके पूरे तीर्थ मोहल्ले को बंधक बनाए रखने वाले प्रशासन और पुलिस की कितनी चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि नीलकंठ मैदान में एक सार्वजनिक सूचना प्रसारित करने के लिए लाउडस्पीकर लगाया गया है। वह भी सोमवार को काम नहीं कर रहा था। ग्राम नगवा जसवंतपुर जिला शाहजहांपुर से आई एक ट्राली ट्रैक्टर से एक युवक 22 वर्षीय डब्लू कहीं गुम हो गया था वह लोग कंट्रोल रूम में अनाउंसमेंट कराने के लिए भटकते रहे परंतु वहां का माइक काम ही नहीं कर रहा था।इन मामलों में जानकारी लेने पर उप जिलाधिकारी रत्नाकर मिश्रा ने बताया कि कई बार आपातकालीन बैरिकेटिंग कर दी जाती है।वह पुलिस से बात करेंगे कि पीड़ितों की रिपोर्ट आखिर क्यों नहीं दर्ज की जाती है। कंट्रोल रूम के माइक को भी दिखाने की बात उन्होंने कही है।

## कांवड़िये की मौत पर बवाल: आक्रोशित लोगों ने लखीमपुर-सीतापुर मार्ग पर लगाया जाम,तीन घंटे फंसे रहे वाहन

**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** जनपद के प्राचीन ओयल मंदिर आ रहे खागी-ओयल निवासी कांवड़िये अनूप को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी,जिससे उसकी मौत हो गई। हादसा सोमवार सुबह लखीमपुर-सीतापुर बॉर्डर पर बेनी राजादशरथपुर गांव के पास हुआ। इससे आक्रोशित कांवड़ियों ने सड़क पर जाम लगा दिया। बताते चलें सीतापुर और लखीमपुर की ओर से आ रहे वाहनों को रोक दिया गया।सूचना पर ओयल चौकी पुलिस, सीओ सदर,एसडीएम सदर समेत सीतापुर के सदर एसडीएम, हरगांव और कई अन्य थानों की पुलिस पहुंची। नाराज कांवड़ियों को मनाने का प्रयास शुरू हुआ। सदर विधायक योगेश वर्मा भी घटनास्थल पर पहुंचे। जाम की वजह से सीतापुर-लखीमपुर मार्ग पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। मृतक कांवड़िये के साथियों ने बताया कि वे लोग कन्नौज से गंगाजल लेकर ओयल मंदिर आ रहे थे। रात में हरगांव में रुके। सुबह के समय हरगांव रेलवे क्रासिंग के पास निर्माणाधीनि ओवरब्रिज के आगे पहुंचने पर रोडवेज बस ने अनूप को टक्कर मार दी।कांवड़ियों ने पुलिस पर व्यवस्था में लापरवाही का आरोप लगाया।मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की। अधिकारियों की मान-मानौव्वल और सदर विधायक के समझाने पर कांवड़िये मान गए।करीब तीन घंटे तक सीतापुर-लखीमपुर रोड पर आवागमन बाधित रहा। पुलिस ने बस चलक को हिरासत में लिया है।

## जिला गन्ना अधिकारी ने मिल परिसर स्थित चीनी गोदाम का निरीक्षण किया गया

**जन एक्सप्रेस/पलिया कलां खीरी।** सोमवार को जिला गन्ना अधिकारी लखीमपुर खीरी द्वारा बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड पलिया कलां के मिल परिसर स्थित चीनी गोदाम का निरीक्षण किया गया तथा चीनी स्टॉक का अभिलेख से मिलान कर वास्तविक स्थिति ज्ञात की गयी। तत्पश्चात गन्ना विकास परिषद पलिया व चीनी मिल पलिया परिक्षेत्र स्थित ग्राम गजरौरा मे 63 कॉलम सर्वे/सट्टा प्रदर्शन कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय चीनी मिल कर्मचारी तथा राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक प्रदर्शन कार्य करते पाए गए। इस अवसर पर उपस्थित गन्ना कृषकों ने अपने सर्वे/ सट्टा के विषय में जिला गन्ना अधिकारी महोदय को जानकारी दी कि सर्वे/सट्टा से किसान संतुष्ट हैं ।उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो प्रार्थना पत्र देकर सुधार करा ले। इस मौके पर जिस गन्ना विकास निरीक्षक पलिया मिथिलेश पांडे, वरिष्ठ उप प्रधान प्रबंधक राजीव तोमर, सहकारी गन्ना विकास समिति सचिव राजेश कुमार सिंह सहित गन्ना बिभाग के अधिकारी, कर्मचारी सहित किसान भी मौजूद रहे।

## सोमवार को विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर के सरस्वती शिशु वाटिका में वेश प्रतियोगिता संपन्न हुई

**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम की संयोजक शिशु वाटिका प्रभारी कुसुमलता ने पूरे कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वेश प्रतियोगिता में अरुण क, अरुण ख, उदय क, उदय ख, प्रभात व प्रथम कक्षा के कई नन्हे मुन्ने भइया बहनों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। वेश प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य था कि छोटे छोटे भैया बहनों की वेशभूषा, उनकी पद भूषा को परखना और उनके अनुसार अंको को देना,इस प्रतियोगिता में अंको के आधार पर निर्णय लिया गया जिसमें अरुण क के भैय्या शिवांग त्रिवेदी प्रथम स्थान पर रहे, अरुण ख में बहन ऑस्ता प्रथम स्थान पर रहीं, उदय क में बहन मान्या सोनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,इसी क्रम में उदय ख, प्रभात, व प्रथम कक्षा में अवनी,लक्ष्मी एवम बहन प्रियंका यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।जिसमें नगर के गणमान्य लोग,प्रदीप कुमार अवस्थी, सर्वेश मिश्रा, मुकेश सक्सेना मतीन अहमद निर्णायक की भूमिका में रहे। कार्यक्रम की संयोजक शिशु वाटिका प्रभारी कुसुम लता ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित किया।इस अवसर पर विद्यालय की सभी आचार्य बहने उपस्थित रही।

## डेंटल क्लीनिक का उदघाटन

**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** सोमवार को डॉ प्रारूप मेहता,बीडीएस, एमडीएस, मुख एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ, सुपुत्र डॉ रूबी मेहता डॉ प्रदीप मेहता, की मोहल्ला मिश्राना दुखरण नाथ मंदिर के पीछे, लखीमपुर, की नयी डेंटल क्लीनिक का उदघाटन डॉ इरा श्रीवास्तव, अध्यक्षा, नगर पालिका परिषद् के द्वारा किया गया। इस अवसर पर वार्ड मेम्बर अनिरुद्ध त्रिपाठी, डॉ रवि श्रीवास्तव, डॉ प्रदीप टण्डन,प्रेम शंकर अग्रवाल एवं रोटेरियन डिस्ट्रिक्ट गर्वनर सुनील बंसल,उनकी पत्नी, समेत रोटरीक्लब के अध्यक्ष संजय अग्रवाल व समस्त सदस्य जैसी क्लब अध्यक्ष तुषार गर्ग, रेवा के संस्थापक चंद्रशेखर मिश्रा व शहर के गणमान्य नागरिक व डॉक्टर उपस्थित थे।सभी ने डॉ प्रारूप को आशीर्वाद दिया।

## दूसरे सावन के प्रथम सोमवार को, सड़कों पर दिखा भक्तों का जन सैलाब

**जन एक्सप्रेस/** विकास क्षेत्र निघासन के ग्राम पंचायत लालापुर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी ही धूम-धाम से निकली पैदल काँवर यात्रा जो कि लालापुर से निकलकर सरयू नदी से श्रद्धालु जल लेकर सिद्धनाथ मंदिर पर जाकर शंकर जी का दूध और जल से अभिषेक सभी शिव भक्तों ने किया। भक्तों का मानना है की देवों के देव महादेव की पूजा के लिए सावन का महीना सबसे उत्तम माना जाता है द्य सावन में भगवान भोलेनाथ की पूजा विधि - विधान से करने पर भगवान शिव प्रसन्न होते है और सभी मनोरथ पूर्ण करते हैं। इसी आश से भक्त बड़ी श्रद्धा के साथ पैदल यात्रा करते हैं। शिव भक्तों की देख रेख के लिए थाना प्रभारी शिवा जी दुबे अपनी टीम के साथ स्वयं रहते हैं।

## पलिया ताई क्वांडो एकेडमी द्वारा राज्य स्तरीय ताई क्वांडो प्रतियोगिता जीतने वाले प्रतिभागियों को गोल्ड मेडल पहना कर सम्मानित किया गया

जन एक्सप्रेस | पलिया कलां खीरी



गत दिवस रविवार को पलिया ताइक्वांडो एकेडमी द्वारा माहौर वैश्य धर्मशाला पर आयोजित कार्यक्रम में लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को उन सभी के अभिभावकों द्वारा मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया तथा लखनऊ में ही आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के पदक विजेताओं को मुख्य अतिथि आनंद कुमार गुप्ता द्वारा प्रमाण पत्र देकर समानित किया गया। तत्पश्चात 5 अगस्त 2023 को लखीमपुर LPS में आयोजित CBSE बोर्ड की मंडलीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों अरिहंत रंजन पटेल, आरायना गुप्ता, यशस्वी अरोड़ा, वरदान गुप्ता, अरहम रंजन पटेल को विशिष्ट अतिथि पूर्व ताइक्वांडो चैंपियन विजय गुप्ता द्वारा मैडल पहनकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में बेल्ट प्रमोशन कार्यक्रम में चीफ कोच प्रदीप कुमार व पलिया कोच अरुण तिवारी द्वारा मन्नत ग्रोवर, अंशिका, शरायना, अरनब, वैष्णवी, वरदान, शौर्य, भाव्या, समर्थ, नव्या, उत्कर्ष, सौम्या, अरायना, देवांशी, श्रेयशी, पार्थ, संतेश, आरव, पंखुरी, सिद्धि, सचिन, अयति, अग्रिम को येलो बेल्ट, चंदर प्रकाश, दिव्यांश गुप्ता को ग्रीन बेल्ट, अरनव, आद्या, एकांश, युवराज, रचित, आन्या, राजवीर, अक्षत, गुरजोत, करण कुमार को ग्रीन बेल्ट, अर्जित सिंह को ब्लू बेल्ट, रिद्धिमा, आरव, अभिनव, चंदन कुमार को ब्लू वन बेल्ट तथा गुनीत वालिया, यश कश्यप को रेड बेल्ट पहनाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मामित किया गया। कोच अरुण तिवारी ने कार्यक्रम के अतिथियों आनंद गुप्ता, विजय गुप्ता सहित कार्यक्रम में पधारे समस्त अभिभावकों को उनकी गरिमामयी उपस्थिति व खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए बहुत-बहुत आभार व धन्यवाद प्रेषित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लखीमपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कल्पना झा, दिनेश कुमार व खिलाड़ी चंदन कुमार,करन कुमार का विशेष योगदान रहा।कोच प्रदीप कुमार व अरुण कुमार तिवारी ने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## प्रधान पुत्र लापता होने पर पुलिस-एनडीआरएफ ने चलाया सर्च अभियान, परिजन परेशान

जन एक्सप्रेस | भीरा-खीरी



रविवार सुबह अपनी बाइक लेकर प्रधान पुत्र घर से निकला था। पुलिस द्वारा शाम को बाइक मिलने की सूचना परिजनों को मिली। जिससे परिजन मामले को सुन घबरा गए। उसके सुबह पलिया भीरा पुलिस नेअनहोनी के चलते एनडीआरएफ टीम को जानकारी देकर सर्च शारदा नदी में तलाश की गई पर वहां पर कोई सुराग हाथ नहीं लगा

बताते चलें मामला ब्लाक बिजुआ क्षेत्र के ग्राम पंचायत भानपुर का है जहां पर ग्राम प्रधान पुत्र सौरभ अग्निहोत्री बीते रविवार सुबह करीब 6 बजे घर से अपनी बाइक से निकला था तभी रविवार शाम पलिया पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना मिली कि एक बाइक सुपर स्प्लेंडर पलिया भीरा के मध्य शारदा पुल के पास बस्ती के किनारे बने बंधे पर खड़ी है। आनन-फानन में परिजन मौके पर पहुंचे जहां पर बाइक को पहचान लिया गया और अनहोनी की संभावना बढ़ने लगी परिजन को किसी प्रकार की जानकारी न मिलने पर अपने घर वापस आ गए और दूसरे दिन सुबह भीरा थाने में गुमशुदगी की तहरीर देते हुए पुलिस द्वारा एनडीआरएफ टीम की मदद से शारदा नदी में तलाश किया गया पर घंटों मशक्कत करने के बावजूद कुछ हाथ नहीं लगा।परिजन हताश होकर बाइक लेकर घर पहुंचे परिजनों ने यह भी बताया कुछ दिनों से यह अकेलापन और सुस्त दिखाई दे रहा था पूछने पर भी कोई ऐसी बात नहीं है की बात कही।इस घटना को लेकर परिजनों में चिंता का विषय बना हुआ है।

## मैजिक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी।** सोमवार को गोला मोहम्मदी मार्ग पर ग्राम धिरावां के पास एक मैजिक की टक्कर से बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।मिली जानकारी के अनुसार ग्राम उदयपुर थाना हैदराबाद निवासी नितेश 30 वर्ष पुत्र राजाराम अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर गोला से अपने ग्राम उदयपुर वापस जा रहा था। ग्राम धिरावां के सामने से आ रही किसी मैजिक ने उसकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। फिर भी उसे लादकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और परिजनों को सूचना दी गई है।

## घायल स्वचंद पशु पक्षियों के लिए संकट मोचक बने चिंटू

**जन एक्सप्रेस/ पलिया कलां खीरी।** सेवा सुरक्षा बंधुत्व की अलख जगाने वाले समाजसेवी एवम गौरक्षक अध्यक्ष चिंटू पुरी नगर में आवारा पशु पक्षियों के संकट मोचक बनकर उभरे हैं जिनके अधक प्रयासों एवम समर्पण भाव के चलते नगर में भ्रमण करने वाले घायल आवारा पशु पक्षियों निशुल्क इलाज किया जा रहा है। समाजसेवी चिंटू पुरी ने बताया कि इन दिनों गौरक्षक टीम द्वारा आवारा पशुओं के गले बंधी रस्सी काटो अभियान चलाया जा रहा है क्योंकि कुछ अराजक तत्व दुधारू गाय एवम नंदी महाराज को अपने निजी स्वार्थ के चलते घरों तथा खेत खलिहान में बंधक बना लेते है और अपने स्वार्थ सिद्ध होने तक भूखे प्यासे पशुओं को यातनाएं देते हैं किसी प्रकार ऐसे अराजक तत्वों के चंगुल से बचने के लिए वेजुवान जानवर काफी संघर्ष करते हुए गंभीर रूप से घायल हो जाते है।

## कांवरियों भरी ट्राली पलटी, तीन घायल

जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी



रविवार की देर रात छोटीकाशी गोला गोकरननाथ से बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक कर बापस लौट रहे कांवरियों की ट्राली भीरा रोड पर कुकरा के निकट रपटा पुल के पास गहरी खाई में पलट गई। सड़क हादसे में अधिकांश कांवरिया बाल-बाल बच गए परंतु तीन लोग को चोटे आने की खबर है। घटना की सूचना पर क्षेत्र के लोगों ने आनन-फानन में पहुंचकर कांवरियों की मदद की। पुलिस प्रशासन ने भी जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर सभी कांवरियों को सकुशल बाहर निकाला। घटनास्थल पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। हादसे के चलते कुछ देर के लिए रोड पर जाम भी लग गई। पास पड़ोस के लोगों ने बताया रपटा पुल के पास रोड काफी पतली होने के कारण ट्राली पलट गई तथा बारिश होने के कारण रोड के दोनों तरफ की कच्ची मिट्टी कट जाने से रपटा पुल के पास सड़क बहुत पतली हो गई है।घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर ने बताया तीन लोगों को हल्की-फुल्की चोटें आई है।जिनका इलाज करा दिया जिनमें रतिराम पुत्र नेपाली, विकास पुत्र बिहारीलाल और बादल पुत्र अशोक निवासी पडुआ तहसील पलिया शामिल हैं।पुलिस ने जेसीबी बुलवाकर ट्राली को गहरी खाई से निकालकर बाहर कराया और सभी कांवरियों को ट्राली में बिठाकर गंतव्य को रवाना किया।

## मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं-बालिकाओं को महिला पुलिस कर्मियों ने किया जागरूक

जन एक्सप्रेस | सीतापुर



पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त थानाक्षेत्रों में महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक करने व महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण करने के संबंध में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। उ0प्र0 शासन की मंशा के अनुरुप **मिशन शक्ति** अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों के पुलिस बल द्वारा थाना क्षेत्र के गाँवों,स्कूलों में ग्राम चौपाल का आयोजन कर प्राथमिकता के आधार पर महिला, बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में ग्राम चौपाल के आयोजन करने की शुरुआत की गई है।अब महिलाओं, बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना, पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नहीं आना पड़ेगा अपितु स्थानीय पुलिस नियमित अन्तराल पर ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों में उपस्थित होकर महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक करने के साथ ही संवाद स्थापित कर उनकी शिकायतों का गुण-दोष के आधार पर निराकरण कराया जाएगा। इसी क्रम में आज थाना रामपुर मथुरा पुलिस टीम द्वारा ग्राम पंचायत बसंतपुर व रानी सरस्वती विद्या मंदिर, थाना रेउसा टीम द्वारा ग्राम भदमरा, थाना कोतवाली देहात द्वारा ग्राम बिजवार, थाना मानपुर द्वारा स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज एवम् अन्य समस्त थानाक्षेत्रांतर्गत ग्रामो में ग्राम चौपालों का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में महिलाओं, बालिकाओं व बच्चों ने प्रतिभाग किया।

जिसमें संबंधित थानो की महिला आरक्षियों सहित पुलिस टीमो द्वारा सीधा संवाद स्थापित कर महिलाओं /बालिकाओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं व शिकायतों के विषय में जानकारी प्राप्त की गई तथा उनके निस्तारण हेतु तत्काल प्रयास किए गए। चौपाल में उपस्थित महिलाओ एवम् बालिकाओं को मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन) के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे- 1090, 112, 1076, 1098, 108, की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही विभिन्न साइबर अपराधों के बारे में बताते हुए इनसे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर के बारे मे बताते हुए जागरूक कर मो0 नंबर तथा सीयूजी नंबर परसंपर्क करने हेतु बताया गया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सहयोग छात्र शिक्षा समिति द्वारा चलाई जा रही निशुल्क ट्यूशन




**महमूदाबाद(सीतापुर)।** विकास खंड महमूदाबाद के सिरौली पुरवा गांव में सहयोग छात्र शिक्षा समिति द्वारा निश्शुल्क ट्यूशन क्लास चलाई जा रही है। रविवार को ट्यूशन पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के साथ एक आवश्यक बैठक का आयोजन कर शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। सिरौली पुरवा गांव में आयोजित बैठक में संस्था के प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार ने बैठक में उपस्थित सभी अभिभावकों को जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिये चलायी जा रही निश्शुल्क ट्यूशन क्लास के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में मौजूद अभिभावकों ने विद्यार्थियों कें लिये सहयोग छात्र शिक्षा समिति के द्वारा चलायी जा रही निश्शुल्क ट्यूशन की सराहना की करने के साथ पूरी टीम को बधाई दी। संस्था में विशेष सहयोग दे रही शीतल ने सभी को संस्था के बारे विस्तार से अवगत कराते हुए कहा कि सहयोग छात्र शिक्षा समिति द्वारा संचालित पन्द्रह ट्यूशन केंद्रों पर जरूरतमंद बच्चों को निश्शुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। संस्था के संरक्षक मनोज पासवान ने बताया कि संस्था द्वारा बच्चों को निश्शुल्क शिक्षा प्रदान कराने के साथ उन्हें योगाभ्यास भी कराया जा रहा है।

### मार्ग निर्माण न होने से परेशान ग्रामीणों ने किया धरना प्रदर्शन




**जन एक्सप्रेस/महमूदाबाद(सीतापुर)।** मार्ग निर्माण न होने से परेशान ग्रामीणों ने गांव में ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। ग्रामीण जिम्मेदार अधिकारियों को मौके पर बुलाकर मार्ग निर्माण का आश्वासन दिए जाने की मांग कर रहे हैं। विकास खंड पहला के दमदापुर मजरे दरियापुर कथा वाचक महेंद्र सिंह मृदुल ने बताया कि उनके गांव दमदापुर की स्थिति बहुत दयनीय है। बारिश में गांव को आने-जाने का कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने कहा की पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह वर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान खंडजा लगवा दिया था वो भी पानी टंकी वालों ने चार महीना पहले ही खोद डाला है। मार्ग के बीच गहरी नाली बन गई है और कीचड़ हो गया है। जिसके चलते इस रास्ते से निकलना दूभर है। मार्ग निर्माण को लेकर ग्रामीण उच्चाधिकारियों व जन प्रतिनिधियों से कई बार गुहार लगा चुके हैं। आखिरकार परेशान ग्रामीणों ने गांव में ही धरना प्रदर्शन शुरू किया है। ग्रामीणों का कहना है कि जबतक जिम्मेदार अधिकारी मौके पर आकर मार्ग के निर्माण का आश्वासन नहीं देंगे तबतक धरना प्रदर्शन चलता रहेगा।

### सिटी मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में विधानसभा चुनावों की निर्वाचन नामावलियों का हुआ पुनिरीक्षण



**जन एक्सप्रेस/सीतापुर।** नगर मजिस्ट्रेट अमृता सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अर्हता तिथि के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों,सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान नगर मजिस्ट्रेट ने संभाजन के पूर्व एवं सम्भाजन के उपरान्त मतदान केंद्रों एवं मतदेय स्थलों की स्थिति के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुये सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि इस संबंध में आगामी दो दिवसों में यदि कोई प्रस्ताव हो तो प्रस्तुत करें। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा बूथों का भ्रमण कर उनमें आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा अन्य मानकों का निरन्तर परीक्षण किया जा रहा है, जिससे निर्वाचन सकुशल सम्पन्न कराया जा सके। उन्होंने सभी संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी,सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिये कि राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों पर त्वरित कार्यवाही करते हुये तत्काल अवगत करायें, जिससे समय से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। बैठक के दौरान सभी संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी,सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### भाजपा नेत्रियो ने हैंडलूम दिवस कार्यक्रम पर रैली निकालकर नगर वासियों को किया जागरूक



**जन एक्सप्रेस/पलिया कलां खीरी।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा इकाई की नगर अध्यक्ष श्रीमती अर्चना अवस्थी ने मान्यनीय प्रधानमंत्री एवम सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वाहन पर आज नगर में स्कूली बच्चों की रैली निकाल कर हेंडलूम दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। रैली कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेत्रियो तथा स्कूली बच्चों ने स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ स्लोगन से नगर वासियों को जागरुक किया इसके साथ ही सभी भाजपा नेत्रियो ने नगर के हथकरघा, सिलाई,कढ़ाई, बुनाई एवम मिट्टी से बर्तन, मूर्ति आदि निर्मित करने वाले शिल्पकारो का रोली चंदन लगा कर अभिनंदन किया इस कार्यक्रम के अवसर पर संगठन महामंत्री कम्मो शर्मा, नगर मंत्री रत्ना वाजपई, शोशाल मीडिया प्रभारी संध्या सिंह , मीना गुप्ता,, उषा राय,, राधा,, पूनम,शीला,राम कुमारी, शांति देवी,नीमा देवी, रमा गोस्वामी,मुन्नी सिंह साहित अन्य महिलाओं का सक्रिय योगदान रहा।

### महंगाई की मार से सब्जी व्यापारियों का धंधा चौपट

**जन एक्सप्रेस/पलिया कलां खीरी।** आसमान छूते हरी सब्जिओ के भाव से जहां



आप आदमी त्रस्त है बही बढ़ती महंगाई के चलते हरी सब्जियों के खुदरा व्यापारियों धंधा मंदा होने के कारण का बुरा हाल है। नगर के दुधवा तिराह पर स्थित खुदरा सब्जी व्यापारी नौसाद ने बताया कि आसमान छूती महंगाई के इस दौर हरी सब्जियों की खपत कम हो गई है जिसमे कच्चे माल हरी सब्जियों की विक्री कम होने की वजह से काफी माल सड़ जाता है और नुकसान उठाना पड़ता है वहीं ग्राहक भी सब्जी के भाव सुनते बिदक जाता है फिर ग्राहक की संतुष्ट करने के लिए हम लोग न्युनतम मुनाफे के साथ सब्जी बेचते हैं जैसे लोकी 20, गोभी 80, टमाटर 180, कटीले परमल 120, तुरई 20, अरबी 50, करेला 30, आलू 15, प्याज 25, भिंडी 30, बैगन 30, खीरा 30, बंदगोभी 40, मूली 60, चुकंदर 50, कद्दू 30, परमल 50 प्रति किलो के हिसाब से बेचते हैं।

# सचिवालय बना कूड़ाघर, नही हो रही साफ-सफाई

जन एक्सप्रेस। सिरसा कलार



ब्लॉक कुठौंद के अंतर्गत आने वाले जहटौली गांव में पंचायत सचिवालय पर सरकारी कामकाजों के अलावा केवल गांव का कूड़ा और गोबर डाला जाता है। यहां पर पंचायत सहायक तैनात तो है, लेकिन यहां पर सरकारी काम करवाने कोई नहीं आता शासन की मंशा पर हर गांव में पंचायत सचिवालय की स्थापना होनी थी। जिसके फल स्वरुप ग्रामीणों को अपने कामकाज जैसे आय, जाति, निवास, पेंशन संबंधी, किसान सम्मान निधि संबंधी, परिवार रजिस्टर, राशन कार्ड इत्यादि समस्त सभी सरकारी सेवाओं के ऑनलाइन हेतु हर ग्राम पंचायत पंचायत सचिवालय की स्थापना की गई। जिस पर पंचायत सचिवालय पर प्रत्येक दिन पंचायत सहायक बैठकर ग्रामीणों के सभी कार्यों को कुशलतापूर्वक करेगा तथा हफ्ते के एक दिन रोस्टर लगाकर सचिव भी गांव में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेंगे। लेकिन यहां ऐसा कुछ भी नहीं है। क्योंकि यहां पर पंचायत सचिवालय पर ग्रामीण अपने गांव के गंदगी का सारा कूड़ा और गोबर डालते हैं। जिससे ग्रामीण तो क्या अधिकारी भी आने से कतराते हैं।

पंचायत सहायक जुबेद मोहम्मद ने बताया की ब्लॉक स्तर तथा जिला स्तर पर दो बार शिकायत की है लेकिन कोई भी समाधान नहीं निकलता। ग्रामीण बबलू का कहना है कि पंचायत सचिवालय पर सरकारी कामकाज की बदले केवल बीमारियां मिलती है। जिससे वहां जाना दुर्लभ है। सुरेंद्र का कहना है पंचायत सचिवालय पर तैनात पंचायत सहायक से कई बार कहा है कि गंदगी के लिए अलग बारे में से बात करो तो वह आला अधिकारियों से बात कर उसके अधिकारी भी टहला देते हैं।

## नहर में नहाते समय तीन किशोर में से एक की डूब कर मौत

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** बंगरा के पास निकली नहर में तीन किशोर नहाने लगे। नहाने के दौरान एक किशोर गहरे गडढे में जाकर डूब गया। दोस्त को डूबते देख किशोरों ने शोरगुल मचा दिया। शोरगुल सुन मौके पर कोतवाल व ग्रामीण पहुंच गए। कोतवाल ने गोताखोरों की मदद से शव को वाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कस्बा क मोहल्ला के साहगंज निवासी सरीफ के 16 वर्षीय पुत्र उजैफ, अपने दोस्त फैजान 17 व समीर 16 के साथ बाइक से सोमवार दोपहर बंगरा पहुंचे। बंगरा के पास निकली नहर में नहाने लगे।नहाने के दौरान उजैफ का पैर फिसल गया ओर गहरे पानी में चला गया। पानी में डूबने के दौरान उजैफ के दोस्तों ने बचाने की कोशिश की।उजैफ गहरे पानी में जाकर डूब गया। दोस्तों के शोरगुल सुन ग्रामीण आ गए सूचना पर कोतवाल विमलेश कुमार फोर्स के साथ पहुंच गए। कोतवाल ने गोताखोरों को बुला लिया। गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को वाहर निकाला। पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# उफ़नाई सरयू, जलस्तर 256 सेंटीमीटर ऊपर



जन एक्सप्रेस। सिरौलीगौसपुर-बाराबंकी

पहाड़ी सहित मैदानी इलाकों में लगातार हो रही बरसात और बैराजों से पानी छोड़े जाने के बाद सोमवार को सरयू नदी उफान आ गया। नदी का जलस्तर सोमवार को खतरे के निशान से करीब 256 सेमी ऊपर पहुंच गया। जिससे नदी की तलहटी में बसे तेलवारी, गोबरहा, नव्वन पुरवा, कोठरी गौरिया, सिरौलीगुंग, कोठीडीहा, सनावां, सहित दर्जनों तटवर्ती गांव के ग्रामीण एक बार फिर से पलायन की तैयारी में जुट गए हैं।

वहीं बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन ने भी अपनी तैयारियों को चाक चौबंद कर लिया है। रविवार को राज्य मंत्री सतीश शर्मा की उपस्थिति में तहसील क्षेत्र के 70 नाविकों एवं 5 गोताखोरों को सेफ्टी किट भी बांटी गई। नदी का जलस्तर लगातार बढ़ते हुए नदी के बाहर निकलने को बेताब है। बाढ़ एवं बरसात से तलहटी के ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई है। ग्रामीण अपने परिवार को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की जद्दोजहद में लगे हुए हैं। उपजिलाधिकारी विश्व मित्र सिंह ने बाढ़ क्षेत्र के ग्राम तेलवारी और करोनी गांव का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ने बताया कि पानी बढ़ा है कहीं कटान नहीं हो रही है। गांवों में अभी पलायन की स्थिति नहीं बनी है।

## अज्ञात कारणों के चलते विवाहिता महिला ने लगाई फांसी, मौत

जन एक्सप्रेस। माधौगढ़

गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम पचौरा में अज्ञात कारणों के चलते महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गोहन थाना के ग्राम पचौरा निवासी सतीश पांडेय की 25 वर्षीय पत्नी नीतू पांडेय की पत्नी ने रविवार की देर रात किन्हीं कारणों के चलते गले में रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में अफरा तफरी मच गई। मामले की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। बताया गया कि महिला काफी समय से मानसिक रूप से ग्रस्त थी। तभी देर रात उसने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। महिला का पति सतीश गुजरात के सूरत में रहकर किसी प्राइवेट फेक्ट्री में नौकरी करता है। बताया कि मृतक महिला के 2 बच्चे हैं जो खाना खाकर सो गए थे। गोहन थानाध्यक्ष रविंद्र नाथ ने बताया कि दिवंगत महिला पहले भी एक बार खुदकुशी करने की कोशिश कर चुकी थी। तब उसके देवर ने खिड़की तोड़कर उसे बचा लिया था। फिलहाल पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

### मिशन इंद्रधनुष के तहत तीन चरणों में अभियान चलाकर किया जाएगा टीकाकरण

# टीकाकरण से वंचित बच्चे और गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण को शुरू हुआ अभियान

जन एक्सप्रेस। उरई/जालौन



सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 के पहले चरण का शुभारंभ हो गया। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बघौरा की ओर से मोहल्ला सुशीलनगर में लगे टीकाकरण बूथ पर किया गया। सीएमओ डॉ. एनडी शर्मा ने फीता काटकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि मिशन इंद्रधनुष का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। इसके तहत 7 से 12 अगस्त, 11 से 16 सितंबर और 9 से 14 अक्टूबर तक अभियान चलाकर टीकाकरण से वंचित जन्म से पांच साल तक के बच्चे और गर्भवती को उनके ड्यू टीकों से आच्छादित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस टीकाकरण से टीबी, पोलियो, हेपेटाइटिस, डिप्थीरिया, कालीखांसी, टिटनेस, निमोनिया, वायरल डायरिया, रुबैला, खसरा जैसी बीमारियों से बचाया जा सकता है। डॉ. डीके भिटौरिया ने बताया कि इस अभियान में आईसीडीएस, शिक्षा, स्थानीय निकाय जैसे सरकारी विभागों के साथ ही इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, भारत विकास परिषद, यूनीसेफ, व्यापार मंडल जैसे संगठनों का भी सहयोग लिया गया है। इसके लिए सोशल मीडिया, धर्मगुरुओं के माध्यम से भी लोगों को टीकाकरण के लिए जागरुक किया गया है। अभियान के दौरान घुमंतू आबादी, ईट भट्टा मजदूर, निर्माणाधीन स्थलों पर काम करने वाले लाभार्थियों का टीकाकरण किया जाएगा। अपर शोध अधिकारी आरपी विश्वकर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान पांच साल तक के 5187 बच्चों और 1316 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाना है। इसके लिए 790 बूथ (टीकाकरण सत्र) बनाए गए है। आज शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बने बूथों पर टीकाकरण किया गया। जिसमें शहरी क्षेत्रों में सभासदों और ग्रामीण क्षेत्रों में बने बूथों का प्रधानों ने शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि अभियान की रोजाना सायंकालीन बैठक में समीक्षा भी होगी। इस दौरान शहरी बघौरा पीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉ. सागर कपूर, संजीव कुमार चंदेरिया, डॉ.धर्मेंद्र कुमार, अमर सिंह, अजय महतेले आदि मौजूद रहे।

## बैंक प्रबंधक बताकर पूंछी ओटीपी, खाते से उड़ाए 36 हजार

**जन एक्सप्रेस/सिरसा कलार।** थाना क्षेत्र के ग्राम लोना अभैदेपुर निवासी युवक ठगों के हाथों शिकार हो गया। जिसके साथ अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी कर बैंक का प्रबंधक बताया और ओटीपी पूंछकर उसके खाते से हजारों रुपए पार कर दिए। ठगी का शिकार हुए पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत पुलिस से की है। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम लोना अभैदेपुर निवासी सूरज सिंह पुत्र जबर सिंह ने थाने में तहरीर दी। जिसमें बताया कि अनजान नंबर से कॉल आया और उसने बताया की वह बैंक का प्रबंधक बोल रहा है। जिसने खाता बंद हो जाने की बात कहते हुए ओटीपी बताने को कहा। पीड़ित ने बताया कि उसने जैसे ही ओटीपी बताई तभी उसके खाते से तुरंत ही 36 हजार रुपए निकल गए। इसके बाद अपने को बैंक प्रबंधक बताने वाले व्यक्ति ने तुरंत ही अपना फोन सुच ऑफ कर लिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुरील का कहना है कि तहरीर मिली है, मामले की बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है।

# शानो शौकत से निकला उन्नीसवीं का कदीमी जुलूस



जन एक्सप्रेस। मसौली-बाराबंकी

या हुसैन या हुसैन की सदाओं से गूंज उठी फिज़ा। सोमवार को विकास खण्ड मसौली की ग्राम पंचायत चंदवारा में मरहूम सगीर हुसैन के अजाखाने से निकलने वाला उन्नीसवीं मोहर्रम का सैकड़ो साल पुराना कदीमी जुलूस अपने निर्धारित मार्गो से होता हुआ देर शाम करबला में पहुंच कर संपन्न हुआ। यहां अंजुमन नुसरतुल अजा संगौरा के नौजवानों ने नौहाखानी व सीनाजनी की जुलूस से पूर्व मजलिस को सम्बोधित करते हुए मौलाना इफ्तेखार अब्बास जैदपुरी ने कहा लोग विलायते अली को मान लेते तो अल्लाह जहन्नम को खल्क न करता अली से मोहब्बत करने वाले पर जहन्नम हराम है। जुलूस के दौरान छोटे-छोटे बच्चों व नौजवानों ने छुरी का मातम कर अपने इमाम को खून का नज़राना पेश किया।

## चालक की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

जन एक्सप्रेस। मसौली-बाराबंकी

बाईक सवार को बचाने के चक्कर में एक स्कूल बस अनियंत्रित होकर हाइवे के किनारे गहरी खाई मे चली गयी। गनीमत रही हादसे में कोई भी छात्र चोटहिल नही हुआ। मौक़े पर मौजूद लोगो ने बच्चों को बस से बाहर निकाला और स्कूल को सूचना दिया। जिसके बाद विद्यालय से आयी दूसरी बस आने पर छात्रों को स्कूल भेजा गया। थाना मसौली के गोंडा बहराईच राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिरौली मोड़ के निकट स्थित समीर इंटरनेशनल स्कूल की बस सोमवार की सुबह नहामऊ गांव से बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। इसी बीच अचानक सामने से एक बाइक सवार के आ जाने से बाईक सवार को बचाते-बचाते बस अनियंत्रित होकर खाई में चली गई। इस दौरान बस मे सवार करीब दो दर्जन छात्र-छात्राएं बाल बाल बच गए।

6 चालक की सूझ बुझ से बचा बड़ा हादसा 8 एक स्कूल बस नहामऊ गांव से करीब दो दर्जन बच्चो को लेकर जा रही थी। बस जिस स्थान पर बाईक सवार को बचाने के चलते खाई मे गयी है। उसी के निकट गहरा तालाब स्थित है, अनियंत्रित्र बस आगे तालाब की ओर जाती उससे पूर्व बस चालक गाड़ी ने खाई की ओर मोड़ दिया और बड़ा हादशा होने से टल गया।

## करंट की चपेट में आकर पति-पत्नी झुलसे

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** सतरिख थाना अंतर्गत दिबियापुर सहेलियां गांव में करंट की चपेट में आकर बुजुर्ग किसान रामरतन पुत्र रामसनेही की मौत हो गई। वही उसकी पत्नी पूर्ण रूप से झुलस गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही घटनास्थल पर नायब तहसीलदार ने पहुंचकर स्वयं मुआयना किया। जहां पता चला है कि कि खेत में एक विद्युत को लगा हुआ था। जिससे नीचे अर्थिंग के लिए गए तार में करंट उतर रहा था। जिसकी चपेट में आकर बुजुर्ग की मौके पर मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से झुलस गई।

# उमड़े लाखों श्रद्धालु, महिला की चेन गायब

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



अधिक मास के तीसरे सोमवार पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने लोधेश्वर महादेवा में जलाभिषेक कर मनवांछित फल की कामना की। यहां रविवार से ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरु हो गया था। जिसको लेकर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही। लेकिन सोमवार को मंदिर के गर्भ गृह के भीतर रामनगर टाउन के कदिराबाद-2 की रहने वाली मीनू देवी पत्नी मनोज कुमार पांडेय प्रतिदिन की भांति सोमवार को लोधेश्वर महादेवा पूजन करने गई थी। गर्भ ग्रह से निकलने पर उन्हें एहसास हुआ कि उनके गले में पड़ी 10 ग्राम की चेन गायब हो गई है।आनन-फानन में उन्होंने इसके संबंध में एक लिखित शिकायत पत्र चौकी इंचार्ज महादेवा को देकर समुचित कार्यवाही की मांग की है।

**अदालती सूचना**

**हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप**

**न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कक्ष संख्या-9, लखनऊ**

प्रकीर्ण वाद संख्या : 65/2023

तारीख पेशी- 19.08.2023

**डा0 हनुमान सिंह मेमोरियल सोसाइटी**

**बनाम**

**उ0प्र0 सरकार द्वारा जिलाधिकारी-लखनऊ**

डा0 हनुमान सिंह मेमोरियल सोसाइटी रजिस्टर्ड ऑफिस-पी-8/10 गली नं.-P-2 रविन्द्रपुरी वाराणसी द्वारा सेक्रेटरी डा0 राज कुमार सिंह पुत्र श्री अयोध्या सिंह निवासी-के-87/85-15 भरत मिलाप कालोनी नटीमाली वाराणसी।

.....वादी

बनाम

उ0प्र0 सरकार द्वारा जिलाधिकारी लखनऊ।

......प्रतिवादी

चूंकि उपरोक्त नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि **अन्डर सेक्शन-5A कायदा-1** अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए **19.08.2023** के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजाता हूँ और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन एक पक्षी रून सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक **18.01.2023** के दिवस को दिखाई गयी।

-मोहर अदालत

# ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस। सिरौलीगौसपुर-बाराबंकी



ब्लाक सभागार में सोमवार को ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

इस दौरान बैठक में मनरेगा, क्षेत्र पंचायत, आपूर्ति विभाग, बाल विकास परियोजना तथा स्वास्थ्य विभाग के साथ हुई समीक्षा बैठक में विन्दुवार चर्चा की गई। आपूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार सिंह ने ग्राम पंचायतों में पांच माडल उचित दर की दुकानों को विकसित किए जाने रासन कार्डो के सत्यापन मुखिया मृतक अन्त्योदय कार्डो के सत्यापन एंव आयुष्मान कार्ड बनवाने में उचित दर विक्रेताओं के सहयोग प्रदान करने पर विस्तृत रुप से चर्चा की गई।बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना वर्मा ने बाल विकास से संबंधित जानकारी दी। सहायक विकास अधिकारी पंचायत आनन्द कुमार सिंह ने ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए प्रगति रिपोर्ट पेश किया। खंण्ड विकास अधिकारी मोनिका पाठक ने बैठक में उपस्थित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों से सामांजस्य बना कर सरकार की योजनाओं से जनता को लाभान्वित करने के लिए सभी को निर्देशित किया। स्वास्थ्य विभाग के अभय सिंह ने आयुष्मान कार्ड पर चर्चा करते हुए प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत किया। बैठक में सतीश वर्मा, राजेश कुमार रावत, कुलदीप श्रीवास्तव, विवेक कुमार, वीरेंद्र तिवारी, सुरेश चन्द्र यादव, मनीष शुक्ला आदि विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जहरीले कीड़े के काटने से महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम बिजदुवां के मजरा रामनगर में जहरीले कीड़े के काटने से महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। माधौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बिजदुवां के मजरा रामनगर निवासी मीरा देवी 21 बर्ष पत्नी कौशल रोज की तरह रविवार रात को खाना खाकर सोने चली गई। तभी सोते समय उसे किसी जहरीले कीड़े ने डस लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और वह अचेत हो गई। अचेत अवस्था में महिला को देख परिजन घबरा गए और उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र माधौगढ़ ले गये।जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर जैसे ही परिजनों को लगी तो उनमें चीख-पुकार शुरू हो गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पंहुची पुलिस ने पूछताछ शुरू की। मृतका के पति कौशल ने बताया कि उसकी शादी तीन माह पूर्व हुई थी। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## अधेड़ महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोटरा मोहल्ला गणेशगंज में अधेड़ महिला ने घर के कमरे में रस्सी का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। कस्बा कोटरा के मोहल्ला गणेशगंज निवासी मिथिलेश कुमारी 51 वर्ष पत्नी प्रेमचंद ने सोमवार को किन्हीं कारणों के चलते घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फांसी के फंदे पर लटक रहे महिला के शव को देखकर परिजनों में चीख-पुकार शुरू हो गई। मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फांसी के फंदे पर लटक रहे महिला के शव को नीचे उतरवाया और कब्जे में लिया। लोगों ने बताया कि महिला मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। किस कारण उसने मौत को गले लगाया। किसी को कोई जानकारी नहीं है। फिलहाल पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की बारीकी से जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## किसान ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मवई में किसान ने फांसी लगा ली। जिसमें दम घुटने से उसकी मौत हो गई। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मवई निवासी सन्त कुमार 41 वर्ष पुत्र कृपाराम ने अज्ञात कारणों के चलते गले में रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। फांसी के फंदे पर लटक रहे शव को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फांसी के फंदे से उतारकर शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। बताया गया कि मृतक के दो बच्चे हैं, जो खेती किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। जिसने गृह कलह के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या की है। फिलहाल घटना की सही जानकारी नहीं हो सकी है। वहीं पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से बच्चों सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## 4 वर्ष बाद अपहरण के मामले में सुनाई गई 5 साल की सजा

**जन एक्सप्रेस/उरई।** न्यायालय में 4 वर्ष चली सुनवाई के बाद अपहरण के मामले में गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध होने के बाद न्यायाधीश ने आरोपित को 5 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही पांच हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया। जबकि आरोपी को दुष्कर्म की धारा में दोषमुक्त कर दिया गया। वादी पक्ष की और से पैरवी कर रहे शासकीय अधिवक्ता विश्वजीत सिंह ने बताया कि शहर कोतवाली के मुहल्ला बजरिया डढवा निवासी अल्ताफ पुत्र इलियास ने शहर के ही एक मुहल्ला निवासी किशोरी का अपहरण कर लिया था।

## गांव के ही युवक पर महिला के साथ बेरहमी से मारपीट करने का आरोप

**जन एक्सप्रेस/सिरसा कलार।** थाना क्षेत्र के ग्राम लहर कनार में भैंस चराने गई महिला को गांव के ही व्यक्ति ने बेरहमी से पीट दिया। इतना ही नहीं बल्कि उसके गुप्तांग में फावड़ा मार दिया जिससे वह लहूलुहान हो गई। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम में लहर कनार निवासिनी सोमवती पत्नी राजेश दोहरे ने थाने में तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि वह गांव में अकेली रहती है। जबकि उसका पति बाहर रहकर धंधा करता है है। बताया कि वह गांव के बाहर भैंस चराने गई थी, तभी गांव का ही निवासी महेश पुत्र मुरली वहां आ गया और रंजिश के चलते भद्दी गालियां देने लगा। पीड़िता ने बताया कि जब उसने गाली देने से मना किया तो उसने महिला को पटक कर पीटना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं बल्कि आरोप तो यह भी है कि हमलावर ने फावड़े को उल्टा करके उसके गुप्तांग पर प्रहार कर दिया, जिससे महिला वही बेहोश हो गई। बताया कि होश में आने पर वह तत्काल थाने पहुंची और प्रार्थना पत्र दिया। मामले में थानाध्यक्ष दिनेश कुरील ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है।

# विवादों व भ्रष्टाचार में चर्चित मया बीडीओ गौरीशा श्रीवास्तव का नया कारनामा

**प्रमुख, प्रधान, पत्रकार हो या जनमानस सभी है परेशान वीडियो के हिटलर शाही से**




जन एक्सप्रेस। अयोध्या

मया बीडीओ भ्रष्टाचार करने के लिए अखबारों मे सुरखियो मे रही जैसे- फलदार वृक्ष घोटाला, सामूहिक विवाह घोटाला, जीएसटी चोरी, प्रधान व पत्रकार पर फर्जी मुकदमा लिखाने के षडयंत्र की कृत के बाद नया कारनामा प्रकाश में आया है। विकासखंड मया के 9 ग्राम प्रधानों ने माननीय उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को एक पत्र प्रेषित किया गया है। जिसमें कहा गया है कि खंड विकास अधिकारी गौरीशा श्रीवास्तव द्वारा वित्तीय वर्ष 2022 -23 एवं 2023- 24 महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना की सामग्री मद के भुगतान के लिए अपने दलाल अजय कुमार वर्मा कंप्यूटर ऑपरेटर तथाकथित संविदा कर्मचारी और अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी के माध्यम से 6 प्रतिशत की धनराशि सुविधा शुल्क के नाम पर उगाही की शिकायती पत्र दिनांक 21/7/2023 भेजा गया।

सूत्रों की माने तो चर्चा है कि बीडीओ गौरीश श्रीवास्तव स्यमं के विवाह कार्यक्रम में छुट्टी के दौरान विकासखंड पूरा बाजार के खंड विकास अधिकारी मनीष मोर्या चार्ज पर थे विकासखंड मया के कई ग्राम पंचायतों में इन्होंने दो करोड़ रुपए की आईडी जारी की गई। जिसके लिए सुविधा शुल्क के नाम पर दो प्रतिशत उगाही की चर्चा आम है। वीडियो गौरीशा श्रीवास्तव ज्वाइन करने पर दो करोड़ की आईडी जारी होने की जानकारी होने पर तत्काल सभी टेक्निकल को नोटिस जारी कर दिया 60/40 के रेसियो के बिना कैसे दी गयी कार्य करने की स्वीकृति।

## पत्रकार पर छेड़खानी का मुकदमा लिखाने की भी धमकी, लेकिन भुगतान नहीं

मया बीडीओ गौरीशा श्रीवास्तव के संरक्षण में सचिव और वीडियो के कार्यालय से अल्प निविदा ( विज्ञापन ) प्रकाशन के लिए पत्रकारों को व्हाट्सएप पर आरो भेजा जाता है, और जब भुगतान के लिए पत्रकार जब संपर्क करते हैं, तो साफ मना कर दिया जाता है। आरो लाइए जब आरो हार्ड कॉपी दिया ही नहीं गया, तो पत्रकार कहां से दें, यह छोटे अखबारों की बात नहीं है। बड़े अखबारों के साथ भी यही खेल हो रहा है। आपको एक अखबार में प्रकाशित विज्ञापन के बारे में बताते हैं। वीडियो के कार्यालय से व्हाट्सएप पर पत्रकार को विज्ञापन भेजा गया। विज्ञापन छपने के बाद जब विल ?56000 का वीडियो कार्यालय को प्रेषित किया गया, तो उसका भुगतान करने से साफ मना कर दिया है। जब यह बड़े अखबारों का हाल है। तो छोटे अखबारों के पत्रकारों के साथ कैसा व्यवहार होता होगा यह आप अंदाजा लगा सकते हैं। मया विकासखंड के छोटे से लेकर आला अधिकारियों का यही हाल है। यहां तक की छेड़खानी के मुकदमा पत्रकार पर लिखाने की भी धमकी दे डालती हैं। लेकिन भुगतान नहीं करेंगे। चापलूस और दलालों की ही इंट्री है। विकासखंड का हाल इतना बुरा है कि शिकायतकर्ता के पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं। सूचना अधिकार के आवेदन पत्र को ठंडे बस्ते में। लीगल नोटिस को संज्ञान मे ही नहीं लेती खंड विकास अधिकारी गौरीश श्रीवास्तव। शिकायतकर्ता अगर इनके कार्यालय जाता है,तो मुकदमा लिखने की धमकी दे डालती हैं। यह एक मनबड किस्म की महिला है। हिटलर शाही करना चाहती है।गौरीश के बोल बचन लखनऊ मेरा घर है कई विधायक हैं, मेरे परिचित मैं फाइल परवाने की हैसियत रखती हू, मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता। आपको पता है ना सत्ता के लोग भी मेरा ट्रांसफर नहीं करा पाए मेरी पकड़ ऊपर तक है।

ग्राम प्रधानों ने शिकायती पत्र में लिखा है की शासन से पैसा आने पर अपने चहेतों को मनमाने ढंग से भुगतान कर दिया गया है। जब की पिछले वित्तीय वर्षों का कई ग्राम पंचायत मनरेगा में कराये गये कार्यों का भुगतान नही हुआ।

कराये गये विकास कार्यों के सापेक्ष सामाग्री मद में सरकार द्वारा समय-समय पर पर्याप्त धनराशि उपलब्धि कराई गयी और की जा रही है ।ग्राम पंचायतों का मुगतान न करके सरकार/शासन की छवि खराब की जा रही है जिससे सरकार की मंशा के अनुसार विकास कार्य नहीं हो पा रहा है।जबकि वीडियो के चहेते ग्राम प्रधानों द्वारा कराए गए विकास कार्यों नियम विरुद्ध निरंतर भुगतान हो रहे हैं। बीडीओ गौरीशा श्रीवास्तव पर यह भी आरोप लगाया गया है कि कूटरचित ढंग अपने चापलूस चटकार फार्मो के प्रोपराइटर और ग्राम प्रधान को लाभ पहुंचाया जा रहा है जिसमें ग्राम प्रधानों में आक्रोश व्याप्त है।

# 84 लाख यौनियों से मुक्ति शिव महापुराण के श्रवण मात्र से ही संभव: कथावाचक पंडित दुर्गेश शरण



जन एक्सप्रेस। अयोध्या

जन्म और मरण के समय होने वाले अपार कष्ट से मुक्ति यानि 84 लाख यौनियों से मुक्ति शिव महापुराण के श्रवण मात्र से ही संभव है। उक्त सद्विचार कदनपुर पूरे जोगिया तिवारी में कथावाचक पंडित दुर्गेश शरण महाराज ने नौ दिवसीय संगीतमयी शिव महापुराण कथा के पहले दिन सैकड़ों श्रोताओं की मौजूदगी में मुख्य यजमान उमा देवी के समक्ष कही। कथावाचक ने 84 लाख यौनियों की विस्तृत व्याख्या करने के साथ ही उपस्थित श्रोताओं से कहा कि एक पापी इंसान को भी 28 प्रकार के नरक से मुक्ति मिल सकती है यदि वो अपने सारे पापों का त्याग करने के साथ अपने अंतः करण में व्याप्त बुराइयों का भी त्याग करे। गाय की सींग के नुकीले भाग पर सरसों का दाना जितनी देर टिक सकता है अगर कोई इंसान दिन में एक बार उतनी देर के लिए ही अच्छाई और श्रृष्टि की भलाई के मनोयोग से भगवान शिव को याद करता है तो उसको भी शिव तत्व की प्राप्ति होती है। जिसके फलस्वरूप भक्ति, सदाचार, विवेक और यश में वृद्धि होती है। इस अवसर पर कथा आयोजक अखिलेश तिवारी, अभिषेक उर्फ पवन तिवारी, मुकेश तिवारी, रमा शंकर शुक्ल, अखिलेश दूबे, अभिमन्यु मिश्रा, विवेक, संजीव शुक्ला,हरिभान, दिलीप दूबे, अखिलेश मिश्रा, उदयभान, सोनू, बीरेंद्र, उदय सहित सैकड़ों लोगों ने कथा का रसपान किया।

# 9 अगस्त क्रांति दिवस के दिन जनपद के सभी सेक्टरों में जन पंचायतों का होगा आयोजन: पारसनाथ यादव

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जनपद अयोध्या के सभी विधानसभाओं में जिला कमेटी के उपाध्यक्षों को विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया जाता है। 9 अगस्त क्रांति दिवस के दिन जनपद के सभी सेक्टरो में जन पंचायतों का आयोजन किया जाएगा। श्री यादव ने बताया कि वहॉं सपा शासनकाल में हुए विकास कार्यों एवं वर्तमान समय में पैदा जन समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। जनपद के सभी जिला पदाधिकारियों विधानसभा अध्यक्षो नगर अध्यक्षो ब्लॉक अध्यक्षों से यहअपेक्षा की गई है कि कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें एवं जो भी जन समस्याएं जन पंचायत के माध्यम से प्राप्त हो उनको जिला मुख्यालय पर जिला कार्यालय प्रभारी अंसार अहमद बबन के पास अवश्य भेजें। श्री यादव ने कहा की सभी पदाधिकारी साथियों से अपील है कि उक्त कार्यक्रम की फोटोग्राफ भी अवश्य जिला अध्यक्ष के व्हाट्सएप नंबर पर भेजें। उन्होने बताया कि 9 अगस्त क्रांति दिवस जो जन पंचायत के रूप में मनाया जाएगा जनपद के सभी विधानसभाओं के पूर्व विधायक वर्तमान विधायक पिछली विधानसभा में प्रत्याशी वरिष्ठ नेताओं के द्वारा आयोजित जन पंचायतो में भी बढ़-चढ़कर सभी पदाधिकारी का सहयोग करेंगे एवं कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।



सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने विभिन्न विधानसभाओं के प्रभारी नियुक्त किए हैं। विधानसभा बीकापुर के प्रभारी एजाज अहमद विधानसभा अयोध्या के प्रभारी राजेश पटेल सह प्रभारी ओपी पासवान विधानसभा मिल्कीपुर के प्रभारी रामजी पाल विधानसभा गोसाईगंज के प्रभारी रामसुंदर यादव विधानसभा रुदौली के प्रभारी रईस अहमद एवं जिला उपाध्यक्ष अनीत शुक्ला एवं ललित यादव दोनों उपाध्यक्ष 9 अगस्त को हो रहे कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रमों में सहयोग करेंगे। जनपद के सभी जिला सचिव एवं कार्य समिति के सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्यगण अपने-अपने विधानसभा में कार्यक्रम में सहयोग करेंगे। जिला मुख्यालय पर अपनी उपस्थिति जिला अध्यक्ष जिला महासचिव एवं जिला प्रभारी को फोटोग्राफ एवं लिखित रूप से देंगे । श्री यादव ने कहा कि जनपद के सभी घोषित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्षगण अपने-अपने विधानसभा में आयोजित कार्यक्रमों में सहयोग करेंगे एवं स्वयं भी कार्यक्रम आयोजित करेंगे जिसकी सूचना जिला मुख्यालय पर करेंगे।

# सदस्यता अभियान में पहुंचे पूर्व राज्य मंत्री अरविंद राजभर

जन एक्सप्रेस। बीकापुर-अयोध्या

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व राज्य मंत्री अरविंद राजभर द्वारा सोमवार को अपनी टीम के साथ बीकापुर क्षेत्र के कई जगहों पर पहुंचकर समीक्षा बैठक जनसभा और सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई। बीकापुर क्षेत्र के खजुरहट, कोछा बाजार सहित कई जगहों पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत कार्यक्रम का आयोजन हुआ और पूर्व राज्य मंत्री का फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। मुख्य कार्यक्रम मलेथू बुजुर्ग गांव में आयोजित हुआ जहां जनसभा के अलावा सदस्यता अभियान का क्रम भी किया गया। सदस्यता अभियान कार्यक्रम में सुभासपा के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद राजभर द्वारा क्षेत्र के कई ग्राम प्रधानों क्षेत्र पंचायत



सदस्यों और लोगों को पार्टी का गमछा और सिंबल देकर सदस्यता ग्रहण कराया।

संगठन में शामिल होने बालों में प्रधान राहुल पाल शशिकांत मिश्रा अशोक यादव क्षेत्र पंचायत सदस्य राकेश सहित 3 दर्जन लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। कार्यक्रम को संबोधित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संतोष पांडे ने कहा कि समाज का कोई भी वर्ग जो राजनीति सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है संगठनों को आगे बढ़ाने का कार्य करता है। इसमें कोई धार्मिक और जातीय भेदभाव नहीं है। महिला मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव अलका पांडे ने कहा कि आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में पिछड़े सवर्णों को भी उनका हक मिलना चाहिए शिक्षा को सरल और निशुल्क बनाना चाहिए जिससे गरीब घरों के बच्चे भी उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकें। पार्टी से जुड़ने के साथ इसकी विचारधारा से जुड़ना जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन प्रधान प्रतिनिधि मुकुल आनंद ने किया। इससे पहले सुल्तानपुर के रास्ते खजुरहट पहुंचे राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री अरविंद राजभर का स्वागत मंडल उपाध्यक्ष अनूप पांडे, प्रधान पंकज सोनी, मुकुल आनंद के नेतृत्व में समर्थकों ने जोरदार नारे लगाकर किया। कोछा बाजार स्थित राम लखन विश्वनाथ प्रसाद संस्थान के प्रोपराइट सत्येंद्र कसौधन ने भी अपने समर्थकों के साथ जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के आयोजक सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने कार्यक्रम में मनोज मौर्य, सत्येंद्र कुमार, इंद्रजीत यादव, रामसहाय निषाद, पुजारी सहित तमाम लोग शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाली पुलिस मौजूद रही।

# स्नातक कक्षाओं में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का ओरियंटेशन इंडक्शन मीटिंग सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एम एल के पी जी कॉलेज सभागार में स्नातक कक्षाओं बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए प्रथम सेमेस्टर मे नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन इंडक्शन बैठक का आयोजन सोमवार को किया गया। मीटिंग में छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत मुख्य व माइनर, पाठ्य सहगामी व व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लाभ से परिचित कराया गया। जानकारी के अनुसार 7 अगस्त को कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय व मुख्य नियंता प्रो0 पी के सिंह ने दीप प्रज्वलित एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि यदि पूरी ईमानदारी,लगन व कर्तब्यनिष्ठा के साथ कोई भी कार्य करें तो सफलता अवश्य मिलती है। इसलिए छात्र जीवन का प्रमुख उद्देश्य है कि अच्छी पढ़ाई के साथ साथ हम विभिन्न सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रसेवा करें। मुख्य नियंता प्रो0 सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें महाविद्यालय के अनुशासन व नियंता मंडल के कार्यों से परिचित कराया। प्रो0 मोहिउद्दीन अंसारी ने आई क्यू ए सी के कार्य प्रणाली से अवगत कराया। पुस्तकालय प्रभारी डॉ आशीष कुमार लाल ने सभी छात्र -छात्राओं को पुस्तकालय से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

रोजगारपरक शिक्षा प्रभारी व बॉयज हॉस्टल के वार्डन प्रो0 एस पी मिश्र ने हॉस्टल में प्रवेश लेने के नियम व वोकेशनल विषय पत्रकारिता व जनसंचार, संगीत, फिजियोथेरेपी, वीडियोग्राफी आदि के बारे में विधिवत जानकारी दी।

परीक्षा प्रभारी डॉ सद्गुरु प्रकाश ने परीक्षा फार्म भरने में बरती जाने वाली सावधानी तथा परीक्षा के बाद होने वाली दिक्कतों के बारे में बताया। सांस्कृतिक निदेशक व गर्ल्स हॉस्टल वार्डन डॉ अनामिका सिंह ने छात्र-छात्राओं के सांस्कृतिक उन्नयन हेतु आयोजित होने वाले कार्यक्रमों व गर्ल्स हॉस्टल की रूपरेखा प्रस्तुत की। बलरामपुर/श्रावस्ती एन एस एस के नोडल अधिकारी डॉ राजीव रंजन ने एन एस एस में कितने यूनिट और प्रत्येक यूनिट में छात्र-छात्राओं की संख्या के बारे में जानकारी दी। महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट(डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान ने एन सी सी के बी व सी प्रमाणपत्र में प्रवेश-प्रक्रिया, बी व सी प्रमाण पत्रों से सामान्य नौकरी, सैनिक, अर्ध सैनिक, पैरा मिलेट्री फ़ोर्स व राज्य सरकार के पुलिस की नौकरी में मिलने वाले छूट से परिचित कराया तथा क्रीड़ाध्यक्ष डॉ ऋषि रंजन पाण्डेय ने महाविद्यालय में आयोजित व विश्वविद्यालयों में आयोजित होने वाले खेलों के बारे में जानकारी दी। डॉ आकांक्षा त्रिपाठी ने रोवर्स-रेंजर्स के रूप में प्रवेश लेने पर होने वाले फायदे के बारे में बताया। कार्यक्रम संयोजक व संचालक डॉ स्वदेश भट्ट ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर,डॉ दिनेश कुमार, डॉ रमेश यादव, डॉ मोहम्मद अकमल, डॉ कृतिका तिवारी, डॉ आज़ाद प्रताप सिंह, डॉ साक्षी शर्मा, डॉ एस के त्रिपाठी , डॉ वंदना सिंह व डॉ सुनील शुक्ल सहित बीएससी, बीकॉम,बीबीए व बीसीए प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

# मिशन इंद्रधनुष 5.0 टीकाकरण अभियान का पूरब टोला से किया गया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के मोहल्ला पूरब टोला से सोमवार को मिशन इंद्रधनुष अभियान 5.0 का शुभारंभ किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह तथा प्राचार्य एमएलके पीजी कॉलेज जेपी पांडे ने फीता काटकर टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। जानकारी के अनुसार 7 अगस्त को मिशन इंद्रधनुष अभियान 5.0 का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह तथा एमएलके पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर जनार्दन प्रसाद पांडे ने नगर के मोहल्ला पूरबटोला से फीता काटकर तथा बच्चे को ड्राप पिलाकर किया। अपने बच्चों को बीमारियों से बचायेंगे, सब काम छोड़ पहले टीका लगवायेंगे। उन्होंने बताया कि सरकार



द्वारा मिशन इंद्रधनुष अभियान अंतर्गत 5.0 की शुरुआत व्यापक स्तर पर शुरू की गई है। इस दौरान जिला महामंत्री वरूण सिंह, बिंदु विश्वकर्मा, जिला मंत्री अवधेश तिवारी, ललिता तिवारी, सभासद सुभाष पाठक, नंदलाल तिवारी, मनीष त्रिपाठी, संदीप मिश्रा, महिला मोर्चा की साधना पांडे, नंदिनी शुक्ला, एएनएम व आशा बहू सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी परिवारों को इस टीकाकरण अभियान का लाभ लेना चाहिए। प्राचार्य जेपी पांडे ने कहा कि इस मौसम में संचारी रोग का फैलाव काफी होता है, इसलिए सभी को सावधानी बरतनी चाहिए और बच्चों का टीकाकरण अवश्य करवाना चाहिए। उन्होंने अपील किया कि सभी अभिवावक सरकार के मिशन इंद्रधनुष अभियान से जुड़े और इसका प्रचार प्रसार करें।

## स्नातक तृतीय वर्ष पंचम सेमेस्टर का प्रवेश प्रारंभ

जन एक्सप्रेस/बलरामपुर। जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलकेपीजी कॉलेज में स्नातक तृतीय वर्ष पंचम सेमेस्टर में सोमवार से प्रवेश प्रारंभ हो गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पांडे ने 7 अगस्त को जानकारी दी कि विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की 4 अगस्त को संपन्न हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार स्नातक स्तर हेतु सत्र 2021-22 में प्रथम वर्ष एवं सत्र 2022-23 में द्वितीय वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित समस्त छात्र छात्राओं को सत्र 2023-24 में अगली कक्षा तृतीय वर्ष पंचम सेमेस्टर के लिए इस शर्त के साथ प्रोन्नत किया जाता है, कि जब तक छात्र द्वारा आवश्यक 46 क्रेडिट अर्थात छात्र द्वारा संबंधित कक्षा के समस्त प्रशन पत्रों को न्यूनतम क्रेडिट के साथ उत्तीर्ण नहीं कर लिया जाता तब तक उन्हें उपाधि अथवा अंकपत्र की हार्ड कॉपी निर्गत नहीं की जाएगा। उन्होंने संबंधित छात्र छात्राओं से अपील किया है।

# आगामी 5 वर्षों में जिले में स्थापित किए जाएंगे 659 विद्युत परिवर्तक

जन एक्सप्रेस। बहराइच

विद्युत व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण एवं जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए जिले में 31 जुलाई से 06 अगस्त तक संचालित विद्युत उपभोक्ता एवं जन-प्रतिनिधि सम्पर्क अभियान की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड की अध्यक्षता में बैठक हुई। रिवेम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम पर चर्चा के दौरान मुख्य अभि. विद्युत देवीपाटन मण्डल गोण्डा दीपक अग्रवाल ने बताया गया कि आगामी पांच वर्षों के लिए जनपद बहराइच में 12 नवीन 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों का निर्माण, 18 की क्षमती वृद्धि तथा 16 पर स्थापित ट्रांसफार्मर्स की क्षमतावृद्धि के अलावा 25 केवीए 251, 63 केवीए 141, 100 केवीए 189, 250 केवीए 71 तथा 400 केवीए 7 कुल 659 नये परिवर्तकों की स्थापना की जायेगी।

मुख्य अभियन्ता श्री अग्रवाल ने बताया कि इसके अलावा जिले में 2561 परिवर्तकों की क्षमता वृद्धि का भी कार्य किया जाएगा। जिसके अन्तर्गत 682 परिवर्तको की क्षमता 10 से बढ़ाकर 25 केवीए, 1285 की क्षमता 16 से बढ़ाकर 25 केवीए, 322 की क्षमता 25 से बढ़ाकर 63 केवीए, 107 की क्षमता 63 से बढ़ाकर 100 केवीए, 76 की क्षमता 100 से बढ़ाकर 250 केवीए, 04 की क्षमता 160 से बढ़ाकर 250 केवीए, 65 की क्षमता 250 से बढ़ाकर 400 केवीए तथा 20 परिवर्तको की क्षमता 400 से बढ़ाकर 630 केवीए की जाएगी। श्री अग्रवाल ने बताया कि प्रस्तावित कार्यों से जिले की विद्युत आपूर्ति में व्यापक सुधार आयेगा तथा स्थानीय फाल्ट की संख्या में भी गुणात्मक कमी आयेगी। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों की ओर से सुझाव प्राप्त हुआ कि उप खण्ड कार्यालयों पर विभागीय अधिकारियों के टेलीफोन नम्बर अंकित करा दिये जायें ताकि कार्यालय पर अधिकारी से सम्पर्क न हो पाने की दशा में उपभोक्ता अपनी बात मोबाइल पर बता सकें। जनप्रतिनिधियों द्वारा विद्युत चोरी पर अंकुश तथा राजस्व वृद्धि के सम्बन्ध में सुझाव दिया गया कि ग्राम प्रधानों से समन्वय कर ग्राम स्तर पर चौपाल आयोजित की जाय।

## सिविल सर्विसेज का जिला स्तरीय चयन ट्रायल 19 को

जन एक्सप्रेस/बहराइच। राज्य कर्मचारियों के कल्याणार्थ खेल के विकास तथा शारीरिक संवर्धन के उद्देश्य से 19 अगस्त 2023 को प्रातः 10:00 बजे से इन्दिरा गॉधी स्पोर्ट्स स्टेडियम, बहराइच में वालीबाल, तैराकी, बास्केटबाल, बैडमिन्टन, टेबुल टेनिस, कबड्डी, शतरंज, भारोत्तोलन एण्ड वेस्टफिजिक, एथलेटिक्स, फुटबाल, कैरम, ब्रिज, कुश्ती, पावरलिफटिंग, क्रिकेट व हाकी खेल हेतु जिला स्तरीय सिविल सर्विसेज चयन ट्रायल का आयोजित किया गया है।

यह जानकारी प्रभारी क्रीड़ाधिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि सिविल सर्विसेज चयन ट्रायल में राज्याधीन विभागों के अधिकारी/कर्मचारी ही भाग ले सकते हैं। आटोनोमस बाडी जैसे परिषद, बोर्ड, नगर निगम, पंचायत व पुलिस विभाग के कर्मचारी (अध्यापक/सहायक अध्यापक आदि) भाग नहीं ले सकते हैं।

**कार्यालय, नगर निगम अयोध्या**

पत्रांक: 3349/न0नि0 अयो0/2023-24 दिनांक: 07, अगस्त, 2023

**कर जमा कर 10% स्वर्णिम छूट का लाभ उठायें**

समस्त सम्मानित नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर निगम अयोध्या सीमान्तर्गत सभी भवन स्वामियों का गृहकर / जलकर सम्बन्धित विवरण वित्तीय वर्ष 2023-24 ऑनलाइन कराया जा चुका है। भवन स्वामी अपने भवन का टैक्स तत्काल जमा करके वित्तीय वर्ष 2023-24 की चालू मांग पर 10% छूट का लाभ उठायें। यह छूट 30 सितम्बर 2023 तक ही देय होगी। सम्मानित नागरिक **http://ayodhya.upptax.org** पर भी अपना कर ऑनलाइन जमा कर सकते हैं एवं डेबिट/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भी अपना कर जमा कर सकते हैं। कृपया नगर निगम का सहयोग करें। जिससे हम आपकी बेहतर सेवा कर सकें।

(गजेन्द्र कुमार) मुख्य कर निर्धारण अधिकारी नगर निगम, अयोध्या
(अंकित शुक्ला) सहायक नगर आयुक्त नगर निगम, अयोध्या
(अरुण कुमार गुप्त) अपर नगर आयुक्त नगर निगम, अयोध्या
(विशाल सिंह) नगर आयुक्त नगर निगम, अयोध्या
(गिरीश पति त्रिपाठी) मा0 महापौर नगर निगम, अयोध्या

# मुंबई-गोरखपुर एक्सप्रेस का तुलसीपुर में हुआ ठहराव, स्थानीय लोगों ने जताया हर्ष

जन एक्सप्रेस। तुलसीपुर बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर मुख्यालय रेलवे स्टेशन पर बांद्रा से चलकर गोरखपुर जाने वाली अंत्योदय एक्सप्रेस संख्या 22921 का तुलसीपुर रेलवे स्टेशन पर 7 अगस्त सोमवार से ठहराव होने पर समाजसेवी संगठनों ने ट्रेन ड्राइवर वीरेंद्र कुमार प्रवीण कुमार गौतम व लोको निरीक्षक अनुज श्रीवास्तव वाणिज्य अधीक्षक एस.एन.द्विवेदी



स्टेशन अधीक्षक एसएस राव तथा जीआरपी चौकी प्रभारी जोखन यादव को माल्यार्पण तथा मिष्ठान खिलाकर स्वागत कर किया । स्वयंसेवी संगठनों एवं स्थानीय नागरिकों ने रेल विभाग द्वारा अंत्योदय एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव तुलसीपुर स्टेशन पर 7 अगस्त से करने पर पर खुशी जाहिर किया है। इस ट्रेन के ठहराव से जहाँ मुंबई तक की यात्रा करने वाले यात्रियों में सुलभता होगी। इस अवसर पर शुकदेव चौरसिया,अनिल लाठ, इसरार, के.पी.शुक्ला, मनीष, मुजीब अल्वी, रानू सोनी, रिजवान ऊमर, पंकज, चरन स्वरूप शर्मा, संतोष कुमार गुप्ता (राजू) अनूप गुप्ता, अवन आर्य, विश्राम सिंह,रामजी आर्य, रूपचंद गुप्ता, निजाम, बब्लू सरदार सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# 314 करोड़ से शारदा नदी पर बनेगा स्थाई पुल, नेपाल सीमावर्ती आबादी को मिलेगा लाभ

## विधायक की मांग पर लोनिवि मंत्री ने मुख्यमंत्री से की वार्ता, शारदा नदी पर पक्के पुल के लिए धनराशि अनुमोदित

**जन एक्सप्रेस। प्रशांत शर्मा**



पूरनपुर। नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के व ट्रांस क्षेत्र में निवास कर रही लाखों की आबादी सीधा मुख्यालय से जुड़ने की उम्मीद जगी है। भाजपा विधायक की मांग पर लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद ने धनाराघाट के पास शारदा नदी पर पक्के पुल के लिए 314 करोड रुपए का बजट स्वीकृत किया है। पुल निर्माण का बजट अनुमोदन के लिए फाइल मुख्यमंत्री को भेजी गई है।मुख्यमंत्री का अनुमोदन होते ही बजट स्वीकृत हो जाएगा।

बार्डर क्षेत्र के लोगों की समस्याओं में शारदा नदी पर पर पक्का पुल न होना एक बड़ी समस्या है। लोक निर्माण विभाग की ओर से अस्थाई पुल का निर्माण किया जाता है। मानसून सीजन शुरू होते ही अस्थाई पुल को पुनः हटा लिया जाता है। बरसात के दिनों में ट्रांस शारदा क्षेत्र में निवास करने वाली लाखों की आबादी का तहसील मुख्यालय से संपर्क कट जाता है। तहसील मुख्यालय पहुंचने के लिए ट्रांस क्षेत्र के लोगों को लखीमपुर खीरी शाहजहांपुर जनपद की सीमाओं में होते हुए 120 किलोमीटर का चक्कर काटकर तहसील मुख्यालय पहुंचना पड़ता है। ऐसे में समय के साथ आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ता है। पिछले कार्यकाल में विधायक बाबूराम पासवान ने पुल बनाने के लिए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व प्रदेश के सिंचाई मंत्री केशव प्रसाद मौर्य को पत्र लिखा था । कहा गया है कि बार्डर क्षेत्र में पुल बनने से कई फायदे होगे। विधायक ने बताया कि उनकी मांग पर शासन ने संज्ञान लेते हुए कई विभागों से पुल का सर्वे करा लिया था। स्वीकृति मिलने पर पुल निर्माण की उम्मीद जागी थी। लेकिन लंबे समय बाद भी पुल निर्माण के बजट को स्वीकृति नहीं मिली थी। इस बार भी भाजपा विधायक ने ट्रांस क्षेत्र की जनता को पुल बनवाने का आश्वासन दिया था। हाल ही में भाजपा विधायक ने लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद से मुलाकात कर ट्रांस क्षेत्र की जनता को हो रही समस्याओं से अवगत कराया था। भाजपा विधायक बाबूराम पासवान के आग्रह पर लोक निर्माण विभाग मंत्री ने धनाराघाट के पास शारदा नदी पर 314 करोड़ की लागत से पुल निर्माण को स्वीकृति दे दी। लोक निर्माण विभाग से स्वीकृति के बाद फाइल को अनुमोदन के लिए मुख्यमंत्री को भेजा गया। फाइल का अनुमोदन होने के बाद बजट की स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। शारदा नदी पर पक्का पुल बनने से ट्रांस क्षेत्र व नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में निवास कर रही लाखों की आबादी का सीधा तहसील व जिला मुख्यालय से जुड़ाव हो जाएगा, तो वही बरेली पीलीभीत पूरनपुर से पड़ोसी मुल्क नेपाल व पलिया लखीमपुर खीरी जाने वाले लोगों को भी काफी सहूलियत होगी।



## सावन के पांचवे सोमवार को मुचुकुंदेश्वर महादेव का हुआ भव्य श्रृंगार

जन एक्सप्रेस/वाराणसी ब्यूरो। बड़ादेव स्थित अति प्राचीन मंदिर में सावन के पांचवें सोमवार को मुचुकुंदेश्वर महादेव का भव्य श्रृंगार हुआ। फूलों से सजाकर बाबा का मुखौटा भी सुशोभित किया गया। तत्पश्चात दिव्य आरती हुई। इस दौरान मंदिर प्रांगण 'हर-हर महादेव' के उदघोष से गूंज उठा।

# क्रांति दिवस से सपा शुरू करेगी जन पंचायत

**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज**




समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर 9 अगस्त को क्रांति दिवस पर जिले के सेक्टरों मे जन पंचायत करेंगी। ज़िला कार्यकारिणी गंगापार की बैठक में आज इसकी व्यापक रुपरेखा तय की गई।

जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव ने बताया कि जिले के सेक्टरों में 9 अगस्त को आयोजित की जाने वाली जन पंचायतों मे सपा सरकार में मुख्यमंत्री रहते हुए अखिलेश यादव द्वारा किये गए कार्यों का ब्यौरा एकत्रित करना तथा जनता को इसकी जानकारी देना भी शामिल है। सभी पदाधिकारियों को क्षेत्र की समस्या और शिकायतों को लेकर आएंगे। तथा जिला संगठन को उपलब्ध कराएँगे। जिला कार्यालय मे प्राप्त शिकायतों को एकत्रित करके 30 अगस्त को जिला कार्यकारिणी की बैठक बुलाकर चर्चा करने के उपरांत प्रमुख समस्याओ को ज्ञापन के माध्यम से जिला प्रशासन को अवगत कराया जायेगा। जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि 9 अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर भाजपा गद्दी छोड़ो के नारे के साथ जन पंचायत की शुरुआत होगी। बैठक का संचालन जिला महासचिव राम सुमेर पाल ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से डॉ राजेश यादव, दीनानाथ यादव, वीरेंद्र पाल, राम अवध पाल, राज बहादुर यादव , केके यादव, दान बहादुर मधुर, भोलानाथ यादव, कृष्ण राज यादव, राम प्रताप यादव, विजय पटेल, बृज लाल यादव, हरिश्चन्द्र यादव,भुवाई लाल यादव, संदीप कुमार बिन्द, शिशुवंश पाल, आरके सरोज, श्याम सूरत सरोज, जमील अहमद, जय सिंह, राजवंत पटेल, मो अरशद, सैयद अमीर, मो अरशद, लाल चंद्र यादव, शहंशाह आलम, प्रभाकर सिंह, शेखर यादव, त्रिभुवन यादव, विकास यादव, अनिरुद्ध पाल आदि मौजूद रहे।

# पीलीभीत की पहली डिजिटल स्मार्ट बोर्ड कोचिंग का नगर पालिका अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

## बच्चों को एनीमेशन के जरिये कठिन से कठिन टॉपिक्स को आसानी से सिखाया जा सकता है

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



जनपद में पहली बार डिजिटल बोर्ड से होगी इंग्लिश मीडियम की पढ़ाई। डा.आस्था अग्रवाल ने रिवन काटकर स्मार्ट स्क्वायर क्लासेज कोचिंग का शुभारंभ किया और स्मार्ट स्टडी के महत्व को बताते हुए अभिभावकों के सामने अपने विचार प्रस्तुत किये।

नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल ने छात्रों की इमेजिनेशन को एजुकेशन में कैसे उपयोग में लाया जाए इस बारे में बताया कि कैसे बच्चों को 3D एनीमेशन और 3D डायग्राम के जरिये कठिन से कठिन टॉपिक्स को आसानी से सिखाया जा सकता है। डा.आस्था अग्रवाल ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से होने वाले लाभों एवं छात्रों को बढ़ती हुई प्रतिस्पर्धा में खुद को आगे बनाए रखने के लिए अपने विचार प्रस्तुत किए।

पीलीभीत में पहली बार डिजिटल स्मार्ट बोर्ड पर CBSE की क्लास 5th to 12th तक कि क्लासेज पढ़ाई जायेंगी। यह क्लासेज Smart Square Classes कोचिंग संस्थान सेंट अलॉयसियस कॉलेज के सामने शुरू हुई हैं।

सभी क्लासेस 7 अगस्त से प्रारंभ होगी। कोचिंग में प्रत्येक विषय के लिए अनुभवी अध्यापक रिफअत सर,गब्बर सर एवम विपिन सर एवं डायरेक्टर शिवम प्रजापति सर के द्वारा मार्गदर्शन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में बेस एकेडमी के वैभव सर व विनय सर, क्युआरसी कोचिंग से राहुल सर एवं अन्य अभिभावक गण शामिल हुए।

## अरविंद बैंकर अध्यक्ष तथा राजेश गुप्ता महामंत्री निर्वाचित



जन एक्सप्रेस/जौनपुर। साहू समाज धर्मशाला समिति जौनपुर के संचालन के लिए पूर्व घोषित चुनाव तिथि पर चुनाव कुशलता पूर्वक संपन्न हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी बनवारी लाल गुप्ता तथा सहायक चुनाव अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता व राहुल साहू ने देर शाम साहू धर्मशाला समिति प्रबंध कार्यकारिणी के निर्वाचित किए गए प्रत्याशियों के चुनाव परिणाम घोषित किए, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार अरविंद बैंकर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी विनोद बैंकर को कड़ी टक्कर में 5 मतों से पराजित किया। उपाध्यक्ष पद पर सतीश चंद्र गुप्ता 20 वोट से जीते, जिन्होंने संजय साहू एडवोकेट पराजित किया। महामंत्री पद के राजेश चंद्र गुप्ता का निर्वाचन हुआ, जिन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी शिवराम साहू को 13 मतों से पराजित किया। कोषाध्यक्ष अशोक कुमार साहू 10 वोटों से जीते, जिन्होंने श्रवण साहू को हराया। सुधीर साहू बोलबम ने रतन कुमार साहू बाबाजी को 5 वोट से हराकर चुनाव जीता। निरीक्षक पद के लिए अरुण कुमार साहू 18 वोट से हरीश चंद्र गुप्ता को पछाड़कर निर्वाचित हुए। इस अवसर पर साहू धर्मशाला समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरविंद बैंकर ने धर्मशाला समिति के सदस्य मतदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया तथा साहू धर्मशाला समिति के विकास के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उपस्थित साहू कल्याण समिति (साहू क्लब) जौनपुर के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, दयाशंकर निगम, संतोष कुमार गुप्ता, विजय गुप्ता अध्यापक, घनश्याम साहू, शिवकुमार गुप्ता, राजबली साहू सहित उपस्थित तमाम लोगों ने नई कार्यकारिणी को बधाई दी।

# राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल होने पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज**

राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल होने पर कांग्रेसियों ने जश्न मनाया और खुशी में मिठाइयां बांटी। इस मौके पर वरिष्ठ पार्षद तस्लीम उद्दीन ने इसे सत्य की जीत बताया। कहा, उच्च न्यायालय के प्रति लोगों की आस्था और मजबूत हुई है। अल्पसंख्यक कांग्रेस के शहर अध्यक्ष अरशद अली ने कहा कि उच्च न्यायालय ने राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल कर भाजपा के मंसूबे पर पानी फेर दिया।

इस मौके पर इरशाद उल्ला, तबरेज अहमद, अब्दुल कमाल, मो हसीन, राजदीप, महफूज अहमद पप्पू, जाहिद नेता, मुख्तार अहमद, गुलाम वारिस, मोहित नेगी आदि मौजूद रहे।



## टमाटर खरीदने के लिए लोगों की भीड़ टूट पड़ी

**जन एक्सप्रेस/वाराणसी।** मौजूदा समय में टमाटर के दाम में आई तेजी को देखते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ की तरफ से दुर्गाकुंड इलाके में सोमवार को निर्धारित मूल्य दर लोगों को टमाटर की बिक्री की गई। टमाटर खरीदने आने वाले ग्राहकों को 70 प्रति किलो के हिसाब से टमाटर दिया गया। इस दौरान टमाटर खरीदने के लिए बड़ी संख्या में मौके पर लोगों की भीड़ टूट पड़ी। लोग लाइन में लगकर टमाटर खरीदने वालों 2 घंटे के भीतर ही 15 कैरेट टमाटर की बिक्री हो गई। 1 कैरेट में 25 किलो टमाटर भरा था।

# जिलाधिकारी आवास के सामने अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन, जमकर नारेबाजी

## आक्रोशित अधिवक्ता पुलिस के बीच नोकझोंक पत्रकारों के साथ भी दुर्व्यवहार का आरोप

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता साहिल निवासी मातापुर का धारा 151 में चालान कर जेल भेजने और दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन एवं सिटी मजिस्ट्रेट के खिलाफ नारेबाजी प्रदर्शन किया। पूरे दिन न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। नाराज अधिवक्ताओं ने गेट नंबर 3 पर बंदियों की गाड़ी को रोक दिया।

अधिवक्ताओं ने डीएम आवास के सामने एवं अंबेडकर तिराहे पर जमकर धरना प्रदर्शन व नारेबाजी किया। 3:15 बजे तक अधिवक्ता अंबेडकर तिराहे पर प्रदर्शन करते रहे। लेकिन जिले के कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल धरना स्थल पर मौजूद रही । बताया जाता है कि सुबह धरना शुरू होते ही धीरे-धीरे अधिवक्ताओं का समूह बढ़ता गया पुलिस बल और अधिवक्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक हुई इसी दौरान समाचार कवरेज करने पहुंचे पत्रकारों के साथ भी दुर्व्यवहार होने का आरोप लगा दीवानी बार अध्यक्ष जितेन्द्र नाथ उपाध्याय की अध्यक्षता व मंत्री अनिल कुमार सिंह के संचालन में साधारण सभा की बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित हुआ। सिटी मजिस्ट्रेट पर अपराधियों को भू माफियाओं को संरक्षण देने का एवं अधिवक्ताओं को फर्जी मुकद्दर में फसाने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया गया तथा प्रस्ताव के जरिए मुख्यमंत्री से मांग की गई सिटी मजिस्ट्रेट के विरुद्ध जांच कराकर उन्हें निलंबित करें। अधिवक्ताओं का कहना है कि जब तक सिटी मजिस्ट्रेट के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती नहीं होती तब तक आंदोलन चलता रहेगा। मंगलवार से आंदोलन को और तेज धार दी जाएगी। नारेबाजी व धरना प्रदर्शन में अधिवक्ता सुभाष चंद्र यादव, रमेश सोलंकी, प्रेमनाथ पाठक, राजकुमार यादव, अश्वनी मिश्र, अजीत सिंह, हिमांशु श्रीवास्तव,मोहम्मद उस्मान , पंकज श्रीवास्तव,विनय सिंह, रण बहादुर यादव, राजनाथ यादव, शहंशाह हुसैन आदि अधिवक्ता मौजूद थे।

## जल चढ़ाने निकला किशोर लापता, परिजन परेशान

जन एक्सप्रेस/पिंडरा। घर से काशी विश्वनाथ मंदिर से जल लेकर त्रिलोचन महादेव मंदिर के लिए निकला 14 वर्षीय किशोर 17 दिन बाद भी घर न पहुचने से परिजन परेशान है और पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। चुप्पेपुर फूलपुर निवासी पिता चंद्रशेखर पटेल ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उसका 14 वर्षीय पुत्र अनुज कुमार पटेल घर पर था। इसी बीच सड़क पर डीजे के साथ काँवर लेकर जा रहे लोगों के साथ वह भी बोल बम का शर्त पहने चला गया। काशी विश्वनाथ मंदिर में जल चढ़ाने फिर वहा से जल लेकर त्रिलोचन महादेव मंदिर त्रिलोचन जौनपुर पहुचा लेकिन उसके बाद घर नही लौटा। पिता के मुताबिक वह हल्का मानसिक रूप से विक्षिप्त है। परिजन गुमसुदगी की रपट दर्ज कराने के बाद थाने के अलावा सूचना मिलने पर जगह जगह ढूढ रहे हैं। बेहद गरीब परिवार के होने के नाते कई लोगों ने मदद के लिए हाथ भी पीड़ित परिवार के लिए उठाया और ढूढने में आर्थिक मदद भी कर रहे हैं लेकिन 17 दिन बीतने के बावजूद कही सुराग न मिलने पर परिजन अनहोनी की आशंका में परेशान है।

# पिता की हत्या कर फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। वाराणसी ब्यूरो**




वाराणसी थाना बड़ागाँव क्षेत्रान्तर्गत पैसे की बात को लेकर पुत्र द्वारा अपने ही पिता की हत्या करने के सम्बन्ध में मृतक के चचेरे भाई के तहरीर पर थाना बड़ागाँव पुलिस द्वारा मु0अ0स0 0260/2023 धारा 302,201 भा0द0वि0 बनाम राजकुमार सरोज पुत्र स्व0 रामजी सरोज निवासी ग्राम गोपालपुर थाना बड़ागाँव, जनपद वाराणसी पंजीकृत किया गया था । पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन व अपर पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर मामले का सफल अनावरण करने हेतु सहायक पुलिस आयुक्त पिण्डरा के नेतृत्व में थाना बड़ागाँव को टीम गठित कर शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था । गठित पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु सभी सम्भावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी ।

इसी क्रम में गठित पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उक्त से सम्बन्धित अभियुक्त राजकुमार सरोज पुत्र स्व0 रामजी सरोज निवासी ग्राम गोपालपुर थाना बड़ागाँव जनपद वाराणसी को हिरासत पुलिस में लिया गया तथा बताये गये स्थान से आलाकत्ल एक अदद फावड़ा व अभियुक्त द्वारा पहने गये रक्तरंजित टीशर्ट को बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बड़ागाँव पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# प्राइवेट अस्पताल में ऑपरेशन के बाद बिगड़ी प्रसूता की हालत

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

प्रसव पीड़ा होने पर नगर के प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराई गई महिला की ऑपरेशन के बाद हालत बिगड़ गई। आरोप है कि डॉक्टर ने लापरवाही पूर्वक ऑपरेशन किया। हालत गंभीर होने पर रुपए वसूलने के बाद डिस्चार्ज कर दिया। महिला के पति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मनमानी करने वाले डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव लोधीपुर निवासी फरजन्द खां ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 29 जुलाई को उनकी पत्नी सीमा देवी को प्रसव पीड़ा होने लगी। प्रसव पीड़ा के दौरान नगर के ही एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने प्रसूता की हालत देखकर ऑपरेशन की जरूरत बताई। पति के पूछने पर डॉक्टर ने ऑपरेशन में 28 हजार का खर्च बताया। पति का आरोप है कि डॉक्टर ने लापरवाही से ऑपरेशन कर दिया। ऑपरेशन के बाद से पत्नी को ब्लीडिंग शुरू हो गई। धीरे-धीरे हालत खराब होने लगी। पूछने पर भी डॉक्टर ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। डॉक्टर ने इलाज के नाम पर 40 हजार वसूल लिए। आरोप है कि स्वास्थ्य लाभ के बारे में पूछने पर डॉक्टर तिलमिला उठे।पति का आरोप है कि डॉक्टर ने कहा कि ऐसा इंजेक्शन लगा देंगे कि तुम्हारी पत्नी कभी नहीं उठेगी। एक सप्ताह बाद भी हालत में सुधार ना होने पर 7 अगस्त को जबरन अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला के पति ने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले डॉक्टर के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। आरोपों की जांच की जा रही है।

# हथकरघा दिवस समारोह: बच्चों ने तख्ती लेकर निकाली पद यात्रा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर महिला मोर्चा ने गुलाबी देवी विद्यालय में उदय प्रताप सिंह प्रबंधक गुलाबी देवी विद्यालय के नेतृत्व में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर पदयात्रा निकाली जिसमें बच्चे और बच्चियों ने हाथ में तख्तियां लेकर जुलूस के रूप पद यात्रा की और लोगो को हथकरघा के प्रति जागरूक की।

इस मौके पर प्रबंधक उदय प्रताप सिंह ने कहा कि आज के दिन 9वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जा रहा है यह 'वोकल फॉर लोकल' की भावना में स्थानीय वस्त्रों और हथकरघा को लोकप्रिय बनाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसर है। हथकरघा दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लघु और मध्यम उद्योग को बढ़ावा देना है। इसके अलावा यह दिन बुनकर समुदाय को सम्मानित करने और भारत के सामाजिक-आर्थिक विकास में उनके योगदान को सराहने के मकसद से भी हथकरघा दिवस मनाया जाता है। यह बहुत जरूरी है कि हथकरघा से बनी चीजें देश- विदेश के कोने-कोने तक पहुंचे। इससे भारत को अलग पहचान तो मिलेगी ही साथ ही बुनकर समुदायों को भी आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। भाजपा महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष रागिनी सिंह ने कहा कि देश में हथकरघा उद्योग को सशक्त बनाने और दुनियाभर में हैंडलूम की पहचान बनाने के मकसद से हर साल 7 अगस्त का दिन भारत में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में मनाया जाता है। हैंडलूम हमारे भारत की सांस्कृतिक विरासत का अहम हिस्सा है या यों कहें कि पहचान है। पहवाने से लेकर घर की सजावट तक में हैंडलूम को अब खासतौर से शामिल किया जाने लगा है, जिससे इस इंडस्ट्री में रोजगार बढ़ा है और कारीगरों की स्थिति भी सुधर रही है। हैंडलूम उद्योग बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार देने के अलावा महिलाओं को आत्म निर्भर बनने का भी मौका देता है। हमारे देश में ऐसे कई राज्य हैं, जो खासतौर से अपने हैंडलूम के लिए जाने जाते हैं, जैसे- आंध्र प्रदेश की कलमकारी, गुजरात की बांधनी, तमिलनाडु का कांजीवरम और महाराष्ट्र की पैठनी, मध्य प्रदेश की चंदेरी, बिहार का भागलपुरी सिल्क कुछ ऐसे हैंडलूम हैं, जो भारत ही नहीं, दुनिया भर में मशहूर हैं।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राखी सिंह, सीमा तिवारी के साथ-साथ विद्यालय कि शिक्षिका की उपस्थिति रही।

# अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तीन लोगों के फंदे से लटके मिले शव

## सफीपुर, बीघापुर और आसीवन थाना क्षेत्रों की घटनाएं

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

अलग-अलग थकान क्षेत्रों तीन युवकों के शव फंदे पर लटके मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने शवों का सोमवार पोस्टमार्टम कराया। मामले सफीपुर, बीघापुर व आसीवन थाना क्षेत्रों के हैं।



शुभम व नीरज का फाइल फोटो।

**केस एक** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के सफियापुर गांव निवासी शुभम (30) स्व. देशराज गौतम रविवार रात मां रामादेवी के साथ खाना खाकर सोने चला गया। सुबह पांच बजे मां की आंख खुली तो घर के पीछले हिस्से में छप्पर के बंधे दुपट्टे के फंदे से बेटे का शव लटका देख उसके होश उड़ गए। चीख पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की मां रामादेवी ने बताया कि शुभम मानसिक बीमार रहता था। पत्नी सुधा 15 दिन पहले दोनों बच्चे संगम (6) और अंगद (2) को लेकर अपने मायके कोतवाली के गांव देवगांव चली गई थी। मृतक तीन भाईयो में दूसरे नंबर का था। दो भाईयों में पवन और शिवम हैं। पिता की मौत के बाद खेती कर मां और परिवार का पालन पोषण करता था। कोतवाल श्यामनारायण सिंह ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

**केस दो** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के पाली गांव निवासी रामचंद्र (45) पुत्र स्व. पुत्तीलाल पेशे से राजमिस्त्री था। रविवार शाम मोहल्ले के बच्चों ने गांव के बाहर स्थित सूखे कुएं की गरारी से बढ़े मफलर के फंदे से उसका शव लटका देख परिजनों को जानकारी दी। घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक तीन भाइयों राजू व रामलखन से छोटा था। प्रधान रंजय की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पति की मौत पर पुष्पलता का रो रोकर बुरा हाल है। इसके कोई संतान नहीं थी। परिजन आत्महत्या का कारण नहीं बता सके हैं।

**केस तीन** आसीवन थाना क्षेत्र के रसूलाबाद कस्बे के विनोवानगर मोहल्ला निवासी नीरज (32) पुत्र भगोले लोधी ने बीती शाम घर के अंदर रोशनदान में साड़ी के फंदे से लटक कर जान दे दी। मृतक पांच भाइयों में सबसे छोटा था। वह मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। उसकी मौत पर पत्नी गीता और मां रामरानी का रो रोकर बुरा हाल है। घटना से उसके दो बच्चों लाडो और साहिल के सिर से पिता का साया छिन गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# बाइक सवार कारोबारी की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

## तगादा लेकर लौट रहा था वापस, हाइवे पर हुई घटना

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



मृतक संजय गुप्ता का फाइल फोटो।

अचलगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत कानपुर लखनऊ हाइवे पर गहिरा के निकट तगादा करके लौट रहे बाइक पाइप फिटिंग कारोबारी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को मोर्चरी में रखवाते हुए पुलिस को मेमो भेजा। परिजनों के पहुंचने पर सोमवार शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

कानपुर थाना चकेरी के लाल बंगला निवासी संजय गुप्ता (45) वर्ष पुत्र स्व. सूरज प्रसाद की लाटूस रोड पर पाइप फिटिंग की दुकान है। बेटे राहुल ने बताया कि पिता प्रत्येक रविवार को बाइक से तगादा करने के लिए जाते थे। रविवार वह ललऊखेड़ा में तगादा कर लौट रहे थे तभी कानपुर लखनऊ हाइवे पर अचलगंज थाना क्षेत्र के गहरा के पास किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल संजय घटना स्थल पर पड़ा तड़पता रहा। तकरीबन 45 मिनट देरी से पहुंची एंबुलेंस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी से परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल के मेमो पर पहुंची अचलगंज पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। संजय की मौत पर पत्नी निर्मला, बेटे राहुल और बेटी वैशाली का रो रोकर बुरा हाल है। बेटे ने बताया की उसे सिर्फ पिता मोबाइल ही मिला है इसके अलावा न कोई नगदी मिली न ही कोई अन्य दस्तावेज।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पूर्व पालिकाध्यक्ष ने कराया विशाल भंडारे का आयोजन

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। सावन के पांचवें सोमवार को देखते हुये पूर्व पालिकाध्यक्ष रंजना गुप्ता और गोल्डी गुप्ता ने राजधानी मार्ग अंबिकापुरम में बाबा का भव्य श्रंगार कराया। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां आने जाने वाले राहगीरों के अलावा आस पास रहने वाले लोगों ने भंडारे का प्रसाद चखा। भंडारा दोपहर से शाम तक अनवरत चलता रहा। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने सब्जी पूड़ी का प्रसाद चखा। इस मौके पर अशोक पांडे, दुर्गेश श्रीवास्तव, मिन्टू वर्मा, राजन, संतोष यादव के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे।



### औरंगपुर सांभी आईटीआई के 16 बच्चों का टाटा मोटर्स में चयन

जन एक्सप्रेस/बिल्हौर। बिल्हौर तहसील के औरंगपुर सांभी गांव स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पढ़ रहे बच्चों के प्लेसमेंट्स के लिए किए जाने वाले प्रयास अब रंग लाते दिख रहें हैं। अभी 31 जुलाई को ही टाटा मोटर्स में राजकीय आई टी आई बिल्हौर जो कि औरंगपुर सांभी में स्थित है के बच्चों द्वारा लिखित परीक्षा एवं इंटरव्यू दिया गया था जिसमें 16 बच्चों का सिलेक्शन हो गया है जिसमें से अधिकांश बच्चे अपने अंतिम वर्ष की परीक्षा दे चुके हैं और परिणाम का इंतजार कर रहें है। अब संस्थान से उत्तीर्ण होकर निकलने के साथ ही इन बच्चों के पास टाटा जैसी कंपनी की नौकरी भी होगी।



मयंक मिश्र प्रधानाचार्य ने बताया कि संस्थान के प्लेसमेंट को सुधारने के लिए मार्च महीने में प्लेसमेंट सेल का गठन किया था जिसका फायदा दिखना शुरू हो गया है। टाटा मोटर्स से संपर्क करके पांडुनगर ढ्ढञ्जढ्ढ में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गई थी जिसमें इन बच्चों का सिलेक्शन हो गया है। सबसे ज्यादा सिलेक्शन ड्राफ्ट्समैन मैकेनिक ट्रेड के बच्चों का हुआ है। अन्य ट्रेड इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स के बच्चों का भी सिलेक्शन हुआ है।

पिछले दिनों संस्थान के बच्चों का सिलेक्शन गोल्डी मसाले, फ्रंटियर रेलवे, विद्युत विभाग आदि में भी हुआ है। श्री मिश्र ने बताया कि इस वर्ष सभी ट्रेड के शत प्रतिशत बच्चों के प्लेसमेंट का लक्ष्य है और सरकारी सेवाओं की तैयारी के लिए भी एक कॉउंसलिंग सेल संस्थान में तैयार करेंगे।

### गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मां गंगा का किया पूजन

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। सावन के सोमवार को नगर के घाटों पर दूर दराज से चलकर आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हर हर गंगे, ऊं नमः शिवाय के जयकारों से गंगा के समस्त घाट गूंजते रहे। गंगा स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने मां गंगा का पूजन किया। इसके बाद नगर के शिव मंदिरों में भी पहुंच कर माथा टेका। मां गंगा व भगवान शिव से सुख और समृद्धि की कामना की। मिश्रा कालोनी घाट, बालू घाट, आनन्द घाट, गंगा विशुन घाट, शिव बाबा घाट, पक्का घाट, कच्चा घाट, पुल के नीचे के घाट, हनुमान घाट व जाजमऊ के चंदन घाट समेत गंगा के तमाम तटों पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। यहां आने वालों में अजगैन, हरौनी, बीघापुर, रायबरेली, बालामऊ व लखनऊ आदि दूर दराज क्षेत्रों के श्रद्धालु शामिल रहे। वहीं राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मन्दिर, पीपलेश्वर, महादेव मन्दिर, शिव मन्दिर, गांधीनगर नागेश्वर मन्दिर, महेश मार्ग शिव मन्दिर, बालूघाट आनन्देश्वर मन्दिर, गोपीनाथ पुरम भागेश्वर धाम मन्दिर, कंचन नगर, मिश्रा कालोनी शिव मन्दिर के अलावा देवारा वीरभद्रेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिये सुबह से मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

### फर्राटा पंखे में उतरे करंट की चपेट में आकर वृद्धा की मौत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में सफाई के दौरान फर्राटा पंखा हटा रही वृद्धा उसमें उतरे करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गयी। जानकारी पर परिजनों ने उसे सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गुरुदीन खेड़ा गांव की रहने वाली फूल कुमारी (66) पत्नी जयराम रविवार की देर शाम अपने घर की साफ सफाई कर रही थी। इसी दौरान वह जमीन पर रखे फर्राटा पंखे को हटाने लगी। उसमें दौड़ रहे करंट की चपेट में आकर वृद्धा गंभीर रूप से झुलस गयी। किसी तरह परिजनों पंखे का प्लग निकाल कर वृद्धा को आनन फानन गंभीर हालत में सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के दो बेटे हैं दोनों पुलिस विभाग में हैं। एक की तैनाती हरदोई जनपद में जबकि दूसरा प्रतापगढ़ जनपद में तैनात है। बेटों को घटना की जानकारी मोबाइल के जरिए दे दी गयी है। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पांचवे सोमवार को भी निराश्रितों को कराया निशुल्क भोजन

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन संस्था का 42वां निःशुल्क भोजन वितरण सावन माह के पांचवें सोमवार को भी जारी रहा।

इस दफा का भोजन वितरण संस्था के सहयोगी वेद प्रकाश के संपूर्ण सहयोग से रेलवे स्टेशन के बाहर संपन्न हुआ। जहां सैकड़ों गरीब जरूरतमंदो ने भरपेट कढ़ी चावल खाकर अपनी भूख मिटाई। तकरीबन एक घंटे चले इस वितरण में मंदिर के आस पास स्टेशन के आस पास अपना जीवन यापन कर रहे बेसहारा लोग लाभान्वित हुए। इस कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक चेतन मिश्रा के साथ अशोक कुमार दिक्षित, सतीश बाजपेई, राजेश मिश्रा, डब्बू, आयुष श्रीवत्सव, महेंद्र कुमार वर्मा, दिनेश दत्त त्रिपाठी, अंबुज मिश्रा, हरदेवद्रं सहाय, रेनू वर्मा, नीतू तिवारी, सरिता शुक्ला, जयंती शुक्ला आदि ने उपस्थित रह कर सेवा कार्य किया।



भोजन वितरण में मौजूद लोग।

# दही पुलिस ने पकड़ा शातिर वाहन चोर, नौ बाइकें हुईं बरामद

## जिले समेत अयोध्या, लखनऊ व हरदोई जनपदों से चुराई थी बाइकें

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

दही थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास जिले समेत आयोध्या, लखनऊ व हरदोई जनपदों से चुराई गयी नौ बाइके बरामद की है।

दही थाने में तैनात उपनिरीक्षक भीमशंकर मिश्रा ने पुरवा मोड़ पर वाहन चेकिंग पंकज सिंह पुत्र स्व. राम बहादुर सिंह निवासी सिंगरौसी थाना कोतवाली सदर को रोक कर गाड़ी के कागजात दिखाने को कहा। लेकिन वह कागज नहीं दिखा सका। नंबर के आधार पर जांच करने पर बाइक चोरी की निकली। पूछताछ में उसने बताया कि लखनऊ के कृष्णानगर थाने से उसने बाइक बीती 25 जुलाई का चुराई थी। जांच पड़ताल में पता चला कि वह पहले भी वाहन चोरी में जेल जा चुका है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर यूपीएसआईडीसी स्थित यूकेलिप्टस के बगीचे से चोरी की आठ और बाइके बरामद की है। दही थाना प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि बरामद बाइको में एक होंडा लीवो उसने जिले के कचहरी परिसर से तो दूसरी बाइक हसनगंज थाना क्षेत्र से, तीसरी बाइक करीब एक पखवारा पूर्व थाना पारा लखनऊ क्षेत्र से चोरी की थी। उसने अन्य बाइकें आयोध्या, लखनऊ और हरदोई जनपदों से चोरी करने की बात स्वीकार की है। उसने सभी बाइकें यहां बेचने के इरादे जमा कर रखी थी। पुलिस ने आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



बरामद बाइकों के साथ पुलिस गिरफ्त में बाइक चोर।

### दादरपुर कटहा गांव के किसान को जहरीले कीड़े ने काटा सीएससी में भर्ती

जन एक्सप्रेस/बिल्हौर। बिल्हौर तहसील क्षेत्र के दा दादारपुर कटहा गांव के किसान अपने खेतों पर पशुओं के लिए घास लेने गया था आते वक्त रास्ते में किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया वहीं पर मूर्छित होकर गिर पड़ा थोड़ी देर बाद ग्रामीण वहां से निकल रहे थे तो देखा कि बेहोशी की हालत में कोई पड़ा है पलटा कर देखा तो गांव का दिनेश पुत्र शिव राम 32 वर्षीय था । तत्काल परिजनों को सूचित कर कई जगह झाड़-फूंक करवाई इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हौर में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टर अभिषेक व फार्मासिस्ट गुप्ता ने भर्ती कर जरूरी दवाइयां और इंजेक्शन दिए और ग्रामीणों से कहा कि जब भी किसी को सांप काटे सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आएं यहां पर संचित इलाज है घबराने की आवश्यकता नहीं है। साथ में आए भाई बृजेश कुमार ने बताया कि प्रतिदिन की भांति जानवरों को घास लेने गए थे रास्ते में घास फूस खेत की मेड़ों पर बहुत खड़ी है जिसके चलते किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया है संभवत काले सांप ने ही काटा होगा क्योंकि तुरंत भाई मेरा बेहोश हो गया था वहां पर कई लोगों को दिखाई पड़ चुका है।



# जायदाद में हिस्सा कम मिलने पर कलयुगी बेटे ने मां को दी मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

मुझे नहीं पता था कि मेरे मारने से मां मर जायेगी। मुझसे बहुत बड़ा पाप हो गया। नौबस्ता थाने में मां के कत्ल के आरोपी बेटे अजय ने कुछ ऐसा ही बयान पुलिस वालों के सामने किया। छोटे भाई राजू की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर किया गया है। पोस्टमार्टम हाउस में हत्यारे भाई की पत्नी को लेकर आक्रोश रहा। इधर मृतका मुन्नी देवी का शव पीएम करके परिजनों को सौंप दिया गया है जिसमें सर की पीछे की हड्डी टूटने और खून बहने से मौत की बात सामने आयी है। आरोपी बेटे को जेल भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार नौबस्ता राजीव नगर निवासी 55 वर्षीय मुन्नीदेवी पति अमरपाल शर्मा के निधन के बाद से बच्चों के साथ रहती थी। परिवार में तीन बेटे विजय, अजय, राजीव और शादीशुदा बेटी लता है। उनका बड़ा बेटा विजय परिवार के साथ अलग रहता है। जबकि बेटा राजीव, अजय, बहू रोशनी उनके साथ रहते हैं। पुलिस ने बताया कि अक्सर उनके घर में झगड़ा होता था। रविवार रात को भी उनके घर से झगड़े की आवाज आ रही थी। इस दौरान उनके बेटे अजय ने मां मुन्नीदेवी के सिर पर लोहे की राड से हमला कर दिया। जान बचाने के लिए वह घर से बाहर की ओर भागी लेकिन, गेट के सामने ही गिरकर उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार के अन्य सदस्यों में चीख-पुकार मच गई। थाने में बंद आरोपी अजय से जब पुलिस ने पूछताछ की तो उसने बहुत कुछ बयां किया जिससे पता चलता है पत्नी और मां के बीच चल रही कलह उसे खाये जा रही थी । मां ने प्रापर्टी में उसे कम हिस्सा दिया था इसी को लेकर पत्नी से खटपट रोज होती थी। पुलिस सूत्रों की माने तो कबूलनामे में उसने बताया कि कई बार झगड़ा हुआ तो मां को दूसरे भाई के पास जाने के लिये कहा पर मां नहीं जा रही थी अक्सर पत्नी से उनका विवाद होता था पत्नी किसी से मोबाइल पर बात करे या बाहर जाये तो टोकाटाकी होती थी आये दिन झगड़े ने उसका जीना दूभर कर दिया था। रविवार को भी ऐसा ही हुआ तो पहले पत्नी को पीटा था मां को चुप रहने के लिये बोला पर मां चुप नहीं हो रही थी गुस्से में राड चलाई जो सर में लग गयी।



फोटो मृतका।

### पोल से गिरकर लाइन मैन घायल, हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस/अचलगंज, उन्नाव। फाल्ट सुधारते समय संविदा कर्मी करेंट की चपेट में आकर पोल के नीचे गिर गया। जिसे गम्भीर हालत में जिला अस्पताल से हैलेट रिफर किया गया है। बाला कटरी गांव निवासी अनुज यादव पुत्र कृष्ण कुमार स्थानीय विद्युत उपकेंद्र में प्राइवेट लाइन मैंन है। रविवार देर शाम घोसरापुर मोड़ पर 11 हजार केवीए लाइन का जंफर ठीक करते समय अचानक आपूर्ति चालू हो गयी। जिससे वह करंट की चपेट में आने से पोल से नीचे जमीन पर पानी भरे गड्ढे में आ गिरा। ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाल कर उपकेंद्र में घटना की सूचना दी। मौके पर पहुँचे संजय कुमार ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां से हैलेट रिफर कर दिए जाने से परिजन उसका इलाज किसी निजी नर्सिंग होम में करा रहे है। हादसे के बाद विभाग का कोई अधिकारी उसे देखने अस्पताल नही पहुँचा ।जिससे बिजली कर्मचारियो में नाराजगी व्याप्त है।

# सावन के पांचवे सोमवार पर शिव मंदिरों में रही भक्तों की भीड़

## भोर पहर से देर शाम तक जारी रहा जलाभिषेक और दर्शन पूजन का क्रम

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

सावन के पांचवे सोमवार पर शिव मंदिरां में भक्तों के दर्शन पूजन का क्रम जारी रहा। सुबह से ही सभी प्रमुख मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखने को मिली। गंगातटों पर हर भोर पहर से हर हर महादेव व जय मां गंगे के जयकारे लगते रहे। गंगा स्नान के बाद भक्तों ने गंगा जल से देवाधिदेव महादेव का अभिषेक कर सुख, समृद्धि व शांति की कामना की।

मालूम हो कि पुरूषोत्तम माह के चलते इस बाद दो सावन पड़ रहे है। सावन के पांचवें सोमवार पर भी भक्तों की कतारें शिव मंदिरों में सुबह से लगी नजर आयी। मंदिरों के परिसर हर हर महादेव व बम बम भोले के जयकारों से गुंजायमान रहे। भक्तों ने अपने आराध्य महादेव का दूध, गंगाजल आदि से अभिषेक कर उन्हें बेल पत्र, धतूरा, आक पुष्प, दूर्बा आदि इच्छित वस्तुएं समर्पित कर स्वयं के साथ लोक मंगल की कामना की। कई मंदिरों और घरों में औढरदानी को प्रसन्न करने के लिए भक्तों ने रूद्राभिषेक के आयोजन किए।

मगरवारा स्थित गोकुल बाबा मंदिर में चल रहे शिव पुराण कथा का बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं से रसास्वादन किया। शहर के सिद्धनाथ मंदिर, झंडेश्वर मंदिर, अखिलेश्वर महादेव मंदिर, राजा शंकर सहाय मंदिर, परियर स्थित बलखंडेश्वर मंदिर, बांगरमऊ स्थित बोधेश्वर महादेव मंदिर, चकलवंशी स्थित भिम्मेश्वर मंदिर, जलेश्वर महादेव मंदिर, छोटी काशी कहे जाने पड़री गांव स्थित शिव मंदिरों, तकिया स्थित सहस्त्र लिंगेश्वर मंदिर, सफीपुर के मोतेश्वर महादेव मंदिर समेत सभी प्रमुख व छोटे बड़े शिव मंदिरों में भक्तों ने बाबा का दर्शन पूजन कर अपने व परिवार की खुशहाली की कामना की।



शहर के सिद्धनाथ मंदिर में पूजन करते श्रद्धालु।

### जाम में फंसे टेंपो, ई रिक्शा, चौपहिया, दोपहिया वाहन

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। सोमवार को सावन का पांचवां सोमवार होने के कारण गंगा स्नान करने के लिये लोगों की भीड़ रही। वहीं आनंदेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिये श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। इसी बीच पीक ऑवर के समय नवीन पुल पर जाम की स्थिति बन गई। जाम इतना भीषण था कि नवीन पुल से लेकर फोरलेन तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम में टेंपो, ई रिक्शा, चौपहिया, दोपहिया वाहनों के अलावा अन्य वाहन सवार भी फंस गये। भीषण जाम देख गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद वाहन रेंगना शुरू हुआ। इसी बीच कानपुर की ओर से एक के बाद एक ई बसें आ गई। जिससे एक ओर से वाहन नहीं निकल सके और भीषण जाम लगा रहा। जाम छुड़ाने में पुलिस के पसीने छूट गये। दोपहर बारह बजे के बाद वाहनों का भार कम हुआ। जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

### 'तिरंगा यात्रा' के सेल्फी प्वाइंट का डीएम ने किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। अखण्ड भारत के संकल्प के उपलक्ष्य में गत वर्षों की भांति 14 अगस्त को हिन्दू जागरण मंच की प्रस्तावित विशाल तिरंगा यात्रा की तैयारियां जोरों पर है। इसी क्रम में कचेहरी के पास फ्रतिरंगा यात्राफ्र की तैयारियों के मद्देनज़र एक सेल्फ़ी पॉइंट का उद्घाटन डीएम अपूर्वा दुबे ने किया। वही विमल द्विवेदी ने समर्थ माँ समर्थ भारत की अध्यक्षा अनीता द्विवेदी के साथ मिलकर डीएम को प्रतीक चिन्ह, अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। यात्रा के संयोजक विमल द्विवेदी ने बताया 151 मीटर तिरंगे के साथ निकलने वाली यात्रा को भव्यता, दिव्यता मिल सके इसलिए अधिक से अधिक जनपदवासी इसमें जरूर शामिल हो। इसी क्रम में वो कई स्कूलों में जाकर भी इस विषय को रख रहे हैं। उन्होंने सभी से 14 अगस्त को दोपहर 11 बजे रामलीला मैदान से यात्रा में शामिल होने की अपील की। हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी वीरांगना वाहिनी की जिला संयोजक नीतू सिंह सेंगर, नीतू त्रिवेदी, दीपा त्रिपाठी, निशांत शुक्ला, गुड्डू मिश्रा, आशू दीक्षित, विकास सिंह सेंगर, अधिवक्ता अवनीश तिवारी, जीतू मिश्रा, धर्मेंद्र शुक्ला, अखिल मिश्रा, अशोक शुक्ला, मनीष अवस्थी, कल्लू कुशवाहा, शुभम कनौजिया, शेखर अवस्थी, धर्मेंद्र शुक्ला, मनीष पांडेय, किरन, अभी तिवारी, अमित शुक्ला, अंकुर, जयंती शुक्ला, सविता शुक्ला आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।




# डीएम ने जिला अस्पताल से किया मिशन इंद्रधनुष का श्रीगणेश, 242 सत्रों पर टीकाकरण

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

डीएम ने सोमवार को जिला अस्पताल में मिशन इंद्रधनुष के पहले चरण का शुभारंभी किया। इस अभियान में नियमित टीकाकरण से छूटे बच्चों व गर्भवती महिलाओं को प्रतिरक्षित किया जाना है। पहले दिन 242 सत्रों पर शून्य से दो वर्ष उम्र के बच्चों व गर्भवती महिलाओं को टीका लगाया गया। अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों ने टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण भी किया।

डीएम अपूर्वा दुबे ने जिला महिला अस्पताल में बच्चों को पल्स पोलियो दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने जनपद वासियों से बच्चों का समय से टीकाकरण कराने की अपील की। कहा कि नियमित टीकाकरण से बच्चों को कई गंभीर बीमारियों से प्रतिरक्षित किया जा सकता है।

सीएमओ डा. सत्यप्रकाश ने बताया कि मिशन इंद्रधनुष अभियान के पहले चरण 15 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने बताया कि आशा और एएनएम को निर्देश दिए गए हैं कि वह टीकाकरण से वंचित बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण करें। टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए एसीएमओ व डिप्टी सीएमओ को बूथों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। जिला अस्पताल में मिशन इंद्रधनुष अभियान के शुभारंभ के दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. नरेंद्र सिंह, सीएमएस डा. एसके पांडेय, डा. संजू अग्रवाल मौजूद रहीं। पहले चरण में अर्बन एरिया कासिम नगर में कुछ परिवारों ने अपने बच्चों का टीकाकरण कराने से इंकार कर दिया।

जब आशा और एएनएम के समझाने से भी बात नहीं बनी तो स्वास्थ्य अधिकारियों को सूचना दी। यूनिसेफ की टीम के साथ डिप्टी सीएमओ डा. अरविंद मौके पर पहुंचे। उनके समझाने पर एक परिवार बच्चे को वैक्सीन लगवाने को तैयार हुआ। डॉ. अरविंद ने बताया कि अभिभावकों को मोटीवेट किया जा रहा है। सभी का टीकाकरण किया जाएगा।




जिला अस्पताल में बच्चों को पोलियो खुराक पिला कर मिशन का शुभारंभ करती डीएम अपूर्वा दुबे।

# 'स्वदेशी वस्तुओं को लेकर देश में आई एक नई क्रांति'

## बुनकरों को प्रोत्साहित करने पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी, बोले- खादी के कपड़ों की बिक्री 5 गुना बढ़ी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को नई दिल्ली में प्रगति मैदान के भारत मंडपम में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में भाग लेने के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में खादी के उत्पादन में तीन गुना से अधिक की वृद्धि हुई है और खादी के कपड़ों की बिक्री भी पांच गुना बढ़ गई है।

उन्होंने कहा कि देश-विदेश में खादी के कपड़ों की मांग बढ़ रही है।

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश अब एक स्वर में भ्रष्टाचार, वंशवाद की राजनीति और तुष्टिकरण जैसी बुराइयों से कह रहा है भारत छोड़ो। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद वस्त्र उद्योग (खादी) को मजबूत करने पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया, जो पिछली सदी में इतना मजबूत था। आलम यह था कि इसे मरने के लिए छोड़ दिया गया। खादी पहनने वाले लोगों को हीन भावना से देखा जाता था। साल 2014 से हमारी सरकार इस स्थिति और सोच को बदलने में जुटी है।

पीएम ने कहा कि मैंने लोगों से खादी का कोई न कोई सामान खरीदने का निवेदन किया था। इसका नतीजा जो निकला उसके हम सभी साक्षी हैं। देश में खादी की बढ़ती लोकप्रियता पर कहा कि इसकी बिक्री अब बढ़कर 1.30 लाख करोड़ रुपये हो गई है जो 2014 से पहले करीब 25,000-30,000 करोड़ रुपये थी। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि भारत के हथकरघा, खादी, कपड़ा क्षेत्र को विश्व गुरु बनाया जाए।

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में भारत मंडप में प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को लेकर देश में एक नई क्रांति आई है। उन्होंने देशवासियों से आने वाले त्योहारों में स्थानीय उत्पादों को और बढ़ावा देने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में 'नव-मध्यम वर्ग' का उदय हो रहा है, जो कपड़ा कंपनियों को बड़ा अवसर प्रदान करता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'एक जिला, एक उत्पाद' पहल के माध्यम से विभिन्न जिलों में बने अनूठे उत्पादों को बढ़ावा मिल रहा है। गुजरात के 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' की तरह पूरे देश में 'एकता मॉल' स्थापित किए जा रहे हैं। मोदी ने कपड़ा व फैशन उद्योग से अपना दायरा बढ़ाने और भारत को दुनिया की तीन शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में ले जाने के लिए महत्वपूर्ण रूप से योगदान देने का भी आह्वान किया। बता दें, भारत सरकार साल 2015 से हर साल 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाती है ताकि बुनकरों और शिल्पकारों को महत्त्व दिया जा सके। इससे पहले प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर कहा था कि यह 'वोकल फॉर लोकल' की भावना के तहत स्थानीय वस्त्रों और हथकरघा को लोकप्रिय बनाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसर है।

### ई-पोर्टल की भी होगी शुरुआत

बता दें, कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री एक ई-पोर्टल की शुरुआत भी करेंगे। वस्त्र और शिल्प से जुड़ी इस पोर्टल को राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफटी) ने तैयार किया है। कार्यक्रम में कपड़ा और एमएसएमई क्षेत्रों के 3000 से अधिक हथकरघा, बुनकर, कारीगर और हितधारक भाग लेंगे।

### विभिन्न राज्य हथकरघा विभागों को एक साथ लाएगी पहल

वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, यह पोर्टल देश के सभी हथकरघा समूहों, निफ्ट परिसरों, बुनकर सेवा केंद्रों, भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान परिसरों, राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम, हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद, केवीआईसी संस्थानों और विभिन्न राज्य हथकरघा विभागों को एक साथ लाएगा।

### हमेशा करते हैं शिल्पकारों का प्रोत्साहन

पीएम हमेशा से देश की कलात्मकता और शिल्प कौशल की समृद्ध परंपरा को जीवित रखने वाले कारीगरों और शिल्पकारों को प्रोत्साहन और नीतिगत समर्थन देने के दृढ़ समर्थक रहे हैं। इसी के तहत राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जा रहा है।

### अगस्त का महीना क्रांति का महीना

नरेंद्र मोदी ने कहा कि अगस्त का महीना क्रांति का महीना है! यह हमारे लिए भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान किए गए बलिदानों को याद करने का समय है। आज ही के दिन स्वदेशी आंदोलन शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि 'स्वदेशी' की यह भावना केवल 'विदेशी' वस्तुओं के बहिष्कार तक ही सीमित नहीं थी, बल्कि इसने आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने की दिशा में एक महान प्रेरक पहलू के रूप में भी काम किया। उन्होंने कहा कि आज 'Vocal for Local' की भावना के साथ देशवासी स्वदेशी उत्पादों को हाथों-हाथ खरीद रहे हैं, ये एक जनआंदोलन बन गया है।

# दिल्ली एम्स के एंडोस्कोपी रूम में लगी आग, मरीजों को सुरक्षित निकाला गया

## 13 फायर टेंडर ने 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझाई



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली एम्स में सोमवार सुबह करीब 11:55 बजे आग लग गई। आग एंडोस्कोपी रुम में लगी। ये कमरा इमरजेंसी वार्ड के ऊपर बना हुआ है। हादसे के दौरान अस्पताल में मौजूद लोगों ने मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला। एंडोस्कोपी रूम में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। अस्पताल के स्टाफ ने बताया कि मरीजों को सुरक्षित निकालने के बाद फायर ब्रिगेड टीम को आग की जानकारी दी गई। इसके बाद 13 फायर टेंडर घटनास्थल पर पहुंचे और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद करीब 1 बजे आग पर काबू पा लिया। हालांकि, आग किस वजह से लगी, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। इमरजेंसी वार्ड के मरीजों को भी दूसरी जगह शिफ्ट किया गया है।

### लैब सेक्शन में आग लगी थी

दिल्ली एम्स में 16 जून 2021 की देर रात करीब 11:30 बजे आग लग गई थी। आग कन्वर्जन ब्लॉक की नौंवी मंजिल पर लगी थी। आग लगने का कारण रेफ्रिजरेटर में शॉर्ट सर्किट बताया गया था। दिल्ली फायर सर्विस के डायरेक्टर अतुल गर्ग ने न्यूज एजेंसी को बताया था कि घटना की सुचना मिलते ही रेस्क्यू के लिए दमकल की 20 गाड़ियां मौके पर भेजी गई थीं। इस घटना में किसी की जान नहीं गई थी।

एम्स के अधिकारियों ने बताया कि आग बुझाने के लिए अंडरग्राउंड वाटर टैंक का भी इस्तेमाल किया गया है। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।



### 17 अगस्त 2019 को तीन मंजिलों में आग लगी थी

एम्स की तीन मंजिलों में 17 अगस्त 2019 की शाम को आग लगी थी। आग इमरजेंसी वार्ड के पास पीसी ब्लॉक की दूसरी मंजिल से फैलनी शुरू हुई, जिसने पहले और तीसरे फ्लोर को भी चपेट में लिया। ड्यूटी डॉक्टरों ने बताया था कि एहतियातन इमरजेंसी वार्ड से मरीजों को शिफ्ट किया गया है। दमकल की 34 गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# चीतों की मौत पर सुप्रीम कोर्ट ने बंद की सुनवाई

## कहा- चीता प्रोजेक्ट पर केंद्र सरकार से सवाल पूछने की कोई वजह नहीं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में 9 चीतों की मौत के मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि चीतों को देश में बसाने में कुछ समस्याएं जरूर हैं, लेकिन चिंता करने जैसा कुछ भी नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की दलीलों को स्वीकार करते हुए सुनवाई बंद कर दी। कोर्ट ने यह भी कहा कि भारत में चीतों को बसाने के प्रोजेक्ट पर सरकार से सवाल पूछने का कोई कारण नहीं है। कूनो में नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से 20 चीतों को लाया गया है। चार शावकों ने यहां जन्म लिया। इनमें से 6 चीतों और तीन शावकों की मौत हुई है। इसी मामले को लेकर याचिका दायर की गई थी।

सुनवाई के दौरान केंद्र ने कहा कि दुनिया में पहली बार चीते एक कॉन्टिनेंट से दूसरे कॉन्टिनेंट में शिफ्ट किए गए हैं। चीतों के बाड़े का तापमान ज्यादा होना भी उनके लिए मुश्किल होता है। नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका के कम तापमान के मुकाबले यहां का तापमान ज्यादा रहता है।

# पाक ने रोकी ईरान के साथ वाली गैस पाइपलाइन परियोजना

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पाकिस्तान ने ईरान के साथ अरबों डॉलर के गैस पाइपलाइन समझौते पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अमेरिका के दबाव के चलते पाकिस्तान ने यह फैसला लिया है। बता दें कि ईरान के साथ गैस पाइपलाइन योजना से पाकिस्तान को सस्ती गैस मिलनी थी, लेकिन ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते पाकिस्तान इस परियोजना से फिलहाल पीछे हट गया है।

पाकिस्तान इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। ऐसे में तीन अरब डॉलर के लोन के लिए पाकिस्तानी सरकार की अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से बातचीत चल रही है। माना जा रहा है कि आईएमएफ से डील में कोई परेशानी ना हो, इसलिए पाकिस्तान, ईरान गैस पाइपलाइन प्रोजेक्ट से बाहर निकल गया है। पहले इस गैस पाइपलाइन परियोजना में भारत भी शामिल था लेकिन बाद में भारत इस डील से बाहर आ गया था।



### सरकार ने नेशनल असेंबली को दी जानकारी

पाकिस्तान के पेट्रोलियम राज्यमंत्री मुसादिक मलिक ने पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में एक लिखित जवाब में ईरान के साथ गैस पाइपलाइन समझौते से बाहर आने की जानकारी दी। मुसादिक ने कहा कि ईरान पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के चलते इस समझौते को रोका गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट के पूरा होने की समय सीमा तय नहीं है।

### अमेरिका ने ईरान पर लगाए हैं प्रतिबंध

पाकिस्तानी मीडिया ने बताया है कि 'बाहरी दबाव' के चलते इस्लामाबाद ने ईरान गैस पाइपलाइन प्रोजेक्ट पर रोक लगाई है। पाकिस्तान तब तक इस परियोजना पर आगे नहीं बढ़ पाएगा, जब तक ईरान को अमेरिकी प्रतिबंधों से राहत नहीं मिल जाती या फिर अमेरिका चुपचाप, पाकिस्तान को इसकी मंजूरी नहीं दे देता। पाकिस्तान ऊर्जा संकट से जूझ रहा है, ऐसे में ईरान पाकिस्तान गैस पाइपलाइन का काम रुकना उसके लिए बड़ा झटका है।

# देश की सीमाओं को किया जा रहा मजूबत

## विदेश मंत्री बोले- भूटान और असम के बीच रेल लिंक पर बातचीत जारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भूटान और असम को जोड़ने वाले रेल लिंक पर चर्चा चल रही है। वहीं, उन्होंने म्यामांर के साथ जुड़ी सीमा को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं को मजूबत किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हम भूटान और असम के बीच रेल मार्ग बनाने पर बातचीत कर रहे हैं। भूटान पर्यटकों के लिए और अधिक प्वाइंट खोलने के लिए बहुत उत्सुक है और यह असम के लिए बहुत अच्छा है। उन्होंने आगे कहा कि जहां तक भूटान-चीन वार्ता का सवाल है, वे बातचीत कर रहे हैं और 24 दौर पूरे हो चुके हैं। अभी वे लोग और बातचीत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम उनकी वार्ता पर नजर रखे हुए हैं कि इसका हमारे ऊपर क्या प्रभाव पड़ सकता है। विदेश मंत्री ने आगे कहा कि म्यांमार के साथ सीमा की स्थिति चुनौतीपूर्ण है। सिटवे बंदरगाह चालू है और हमें उम्मीद है कि इस साल तटीय शिपिंग समझौता संपन्न हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कानून और व्यवस्था की स्थिति के कारण म्यांमार त्रिपक्षीय राजमार्ग एक बड़ी चुनौती है। हम चुनौतियों से निपटने के लिए म्यांमार के अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने चीन के साथ बिगड़े रिश्तों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि भारत-चीन सीमा वार्ता नहीं रुकी है। इस पर जल्द बैठक होगी। हमने पिछले तीन वर्षों में सीमा पर बने तनाव के मामले में काफी सुधार किया है। उन्होंने कहा कि साल 2014 के बाद, जब सीमा पर बुनियादी ढांचे पर बड़ा जोर दिया गया तो चीन की ओर से प्रतिस्पर्धा और गश्त बढ़ गई।

# दुबई में टेक-ऑफ से पहले प्लेन से निकला भालू, जांच के आदेश

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। दुबई

दुबई से इराक जा रही एक एयरलाइन के टेक-ऑफ करने से ठीक पहले उसके कार्गो से एक भालू निकल गया। इससे एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी मच गई। वहीं, प्लेन के उड़ान भरने में एक घंटे की देरी हुई, जिस पर यात्रियों ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। हालात ऐसे हो गए थे कि खुद प्लेन के कैप्टन को यात्रियों से माफी मांगनी पड़ी।

इराक के प्रधानमंत्री ने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। वहीं, इराक की एयरलाइन ने कहा है कि इस मामले में उनकी कोई गलती नहीं है। उन्होंने भालू को बेहोश करने के लिए दुबई के अधिकारियों का पूरा सहयोग किया था। उन्हें नहीं मालूम इसके बावजूद आखिर कैसे भालू प्लेन के कार्गो से निकल गया।

इराक एयरवेज के मुताबिक भालू को दुबई से बगदाद लाया जा रहा था। एयरलाइन का कहना है कि भालू को ट्रांसपोर्ट करने के लिए उन्होंने इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सभी स्टैंडर्ड का पालन किया था। जब भालू प्लेन से निकला तो सभी यात्रियों को वहां से बाहर निकाल लिया गया था। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कुछ लोग भालू को वापस कार्गो में डालते हुए दिखाई दे रहे हैं। घटना में किसी यात्री को चोट नहीं पहुंची।



### दुबई एयरपोर्ट ने कुछ भी कहने से मना किया

दुबई दुनिया का सबसे व्यस्त अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट है। उन्होंने इस मामले में कोई भी कमेंट करने से इनकार कर दिया। वहीं, किसी भी अधिकारी ने भालू के मालिक का नाम बताने से इनकार कर दिया। इराक में अमीर और नामी लोगों को बीच भालू पालने का ट्रेंड लगातार बढ़ रहा है।अधिकारियों को जंगली जानवरों की सुरक्षा के लिए कानूनी प्रावधानों को लागू करने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।बगदाद की पुलिस ने नागरिकों से ऐसे मामलों की रिपोर्ट करके जानवरों को शहर की सड़कों पर खुला घूमने से रोकने में मदद मांगी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक कई बार इन्हें भोजन के रूप में बड़े होटल और रेस्तरां में परोसा भी दिया जाता है।

### पहले भी प्लेन से निकले हैं जानवर...

जनवरी में डालास से सैन फ्रांसिस्को जा रही फ्लाइट से एक बिल्ली निकल गई थी। इसके बाद फ्लाइट अटेंडेंट को बिल्ली का मालिक ढूंढने में काफी परेशानी हुई थी। दिसंबर 2022 में लंदने से अमेरिका के नैशविल जा रही फ्लाइट से एक डॉग निकलकर सऊदी अरब पहुंच गया था। उसे तीन दिन बाद उसके मालिक के पास पहुंचाया गया।

# ट्यूनिशिया से इटली जा रहे प्रवासियों की 2 नावें डूबीं

## 2 की मौत, 30 लापता; समुद्री तूफान में फंसने से हुआ हादसा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रोम

इटली के लैम्पेडुसा आईलैंड के पास प्रवासियों की 2 नावें डूब गईं। इसमें 2 लोगों की मौत हो गई, वहीं 30 लोग लापता है। मरने वालों में एक महिला और उसकी एक साल की बच्ची भी शामिल है। इटली ने बताया कि उन्हें आइवोरी कोस्ट से दोनों के शव मिले हैं।

इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन माइग्रेशन की रिपोर्ट के मुताबिक हादसा नावों के समुद्री तूफान में फंसने से हुआ। दोनों नावें गुरुवार को ट्यूनिशिया के फैक्स पोर्ट से रवाना हुई थीं। वहीं, ट्यूनिशिया ने बताया है कि उन्हें फैक्स बीच से भी 10 प्रवासियों के शव मिले हैं। इटली के कोस्टगार्ड लापता प्रवासियों की खोज कर रहे हैं। वहीं, कोस्टगार्ड ने रविवार को लैम्पेडुसा में पहाड़ी इलाकों में फंसे 20 प्रवासियों को भी बचाया। इनका रेस्क्यू हेलिकॉप्टर से किया गया। वो यहां 48 घंटों से फंसे हुए थे। समुद्री की तेज हवा से उनकी नाव पहाड़ियों के बीच फंस गई थी। इटली की पेट्रोल बोट्स ने हाल ही के दिनों में 2000 प्रवासियों की जान बचाई है।इटली के गृह मंत्रालय के मुताबिक इस साल अब तक वहां 92 हजार प्रवासी पहुंच चुके हैं। ये आंकड़ा पिछले साल के मुकाबले दोगुना है।



### ट्यूनिशिया में जुलाई तक 901 लोगों के शव बरामद

उत्तरी अफ्रीका से अपने देश छोड़कर यूरोप जाने वाले लोगों की संख्या में इस साल काफी इजाफा हुआ है। लोग अपनी जान जोखिम में डालकर गैरकानूनी तरीकों से नावों के सहारे यात्रा कर रहे हैं। देश के गृह मंत्री ने जुलाई में कहा था कि ट्यूनीशियाई तट रक्षक ने इस साल 1 जनवरी से 20 जुलाई तक अपने तट से डूबे हुए प्रवासियों के 901 शव बरामद किए हैं। प्रवासियों को गैर कानूनी तरीकों से यूरोप जाने से रोकने के लिए 16 जुलाई को, ट्यूनीशिया और श्व ने एक समझौता किया। इसके तहत लोगों की जान जोखिम में डालकर उन्हें यूरोप भेजने वाले मानव तस्करों को काबू किया जाएगा। साथ ही सीमाओं पर भी सख्त पहरेदारी होगी।

### यूरोप जाने की होड़ में पाकिस्तान के 300 लोगों की हुई थी मौत

ग्रीस के पास 14 जून को नाव डूबने की घटना में पाकिस्तान के 300 लोगों की मौत हुई थी। पाकिस्तान की लोकल मीडिया ने ये जानकारी दी थी। पाकिस्तान की न्यूज वेबसाइट डॉन के मुताबिक नाव में पाकिस्तान के 400, मिस्र के 200, सीरिया के 150 लोग सवार थे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने हादसे के बाद मानव तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही थी। इसके बाद पाकिस्तान ने पीओके से 9 मानव तस्करों को गिरफ्तार किया है। इन पर गैर-कानूनी तरीकों से पाकिस्तान के लोगों को यूरोप पहुंचाने की कोशिश करने के आरोप हैं। यूएन के मुताबिक बोट में 400 से 750 लोग मौजूद थे। इनमें 200 से ज्यादा पाकिस्तान के थे। हादसे के बाज 78 लोगों के शव बरामद किए गए। जबकि 500 लोग लापता बताए गए थे।

# 'अफगानिस्तान के बाहर हमले न करें मुजाहिद'

## पाक में आतंकी हमले के बाद सख्तीः सुप्रीम लीडर अखुंदजादा बोले- देश से बाहर जंग जिहाद नहीं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। काबुल

अफगानिस्तान के सुप्रीम लीडर हिबातुल्लाह अखुंदजादा ने तालिबानियों को देश से बाहर हमले न करने की हिदायत दी है। डिफेंस मिनिस्टर मोहम्मद याकूब ने अफगानिस्तान की सिक्योरिटी फोर्सेस को दिए एक भाषण में ये जानकारी दी है। उन्होंने अखुंदजादा का हवाला देते हुए कहा- सुप्रीम लीडर के निर्देश के बिना अगर कोई जिहाद के लिए अफगानिस्तान के बाहर जाता है तो उसे जिहाद नहीं माना जाएगा।

अखुंदजादा ने तालिबानियों के लिए ये आदेश पाकिस्तान में आतंकी हमले के बाद दिया है। सोमवार को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में ब्लास्ट होने से 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। इसकी जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट ने ली थी। पाकिस्तान का आरोप है कि उनके यहां हमला करने में आतंकी संगठनों को अफगानिस्तान से मदद मिलती है।

अफगानिस्तान में 2 साल पहले तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान में आतंकी हमलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है।

इस पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ का कहना है कि आतंकियों को पड़ोसी मुल्क से मदद मिलती है। वहीं, हाल ही में ह की एक रिपोर्ट ने खुलासा किया है कि आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान अब अलकायदा में मिलना चाह रहा है।

वो एक ऐसा संगठन बनाना चाहता है जिसके तहत साउथ एशिया के सभी मिलिटेंट ग्रुप काम कर सकें। ह की कमेटी ने पाकिस्तान की उस शिकायत को भी सही ठहराया है, जिसमें कहा गया था कि अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (TTP) और मजबूत हुआ है।



### अफगानिस्तान में ट्रेन हो रहे टीटीपी के लड़ाके

यूएन की रिपोर्ट के मुताबिक अफगानिस्तान के कुनार प्रांत में कई आतंकी संगठनों के ट्रेनिंग कैंपस हैं। इनका इस्तेमाल टीटीपी के लड़ाकों को ट्रेन करने के लिए किया जा रहा है। वहीं, टीटीपी ने कई छोटे-छोटे संगठनों के साथ गठबंधन कर लिया है। यूएन ने बताया है कि टीटीपी पाकिस्तान के इलाकों में फिर से कब्जा करना चाहता है। रिपोर्ट में सामने आया है कि टीटीपी का ज्यादा फोकस पाकिस्तान के अंदरूनी इलाकों की बजाय बॉर्डर वाले इलाकों में हमले करने का रहा है। हालांकि, किसी इलाके पर कब्जा नहीं होने के कारण वो अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाया है।

### अफगानिस्तान में 20 से ज्यादा आतंकी संगठन

25 जुलाई को हस्र्ट में दाखिल की गई रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि अफगानिस्तान में फिलहाल 20 से ज्यादा आतंकी संगठन ऑपरेट कर रहे हैं। ये अपने असर को आसपास के इलाकों में फैलाने की कोशिश भी कर रहे हैं। अलकायदा अफगानिस्तान में छिपकर ऑपरेट कर रहा है, ताकि तालिबान सरकार के उस दावे पर उंगली न उठ सके, जिसमें वो कहते हैं कि उनकी जमीन से कोई आतंकी संगठन ऑपरेट नहीं कर रहा है। जबकि ह का मानना है कि अफगानिस्तान में अलकायदा के कम से कम 30 से 60 लीडर और 400 से 2 हजार के बीच लड़ाके हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)